राष्ट्रीय दैनिक

प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 जैसे युवराज के 6 छक्के नहीं भूले, वैसे ही रिंकू के 5 छक्के कोई नहीं ...

अमेरिका के डिफॉल्ट होने की तारीख 5 जून तक बढ़ी ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 18 | पटना, सोमवार, 29 मई, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 39°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,995
चांदी	72,500
सेंसेक्स	57,635
निफ्टी	16,986

संक्षिप्त खबरें

नये संसद भवन का उद्घाटन लोकतांत्रिक यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव : मूर्मु

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मु ने नये संसद भवन के उद्घाटन को लोकतांत्रिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुये रविवार को कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान हो रहा यह महत्वपूर्ण आयोजन हमारी लोकतांत्रिक परंपराओं के संरक्षण एवं विस्तार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। श्रीमती मूर्मु ने नये संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर भेजे अपने संदेश में यह बात कही। उद्घाटन समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने राष्ट्रपति के इस संदेश का पढ़ा। संदेश में उन्होंने कहा, यह हमारे देशवासियों की सामूहिक आशाओं और आंकक्षाओं से आलौकिक उज्वल भविष्य की दिशा में अग्रसर करने के लिए हमारे राष्ट्र को ऊर्जा प्रदान करे। हमारे संविधान के शिल्पकारों ने ऐसे राष्ट्र की परिकल्पना की थी जिसका स्वरूप लोकतांत्रिक तरीके से चुने गये प्रतिनिधियों से बनी संसद की विधायी विवेक के आधार पर निर्मित हो रहा है। आज मुझे इस बात का गहरा संतोष है कि संसद के विश्वास के प्रतीक प्रधानमंत्री जी इस नये संसद भवन का उद्घाटन कर रहे हैं।

संसद भवन के उद्घाटन को राज्याभिषेक समझ रहे हैं प्रधानमंत्री : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संसद के नए भवन का उद्घाटन किए जाने के बाद रविवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री संसद भवन के उद्घाटन को राज्याभिषेक समझ रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया, संसद लोगों की आवाज है! प्रधानमंत्री संसद भवन के उद्घाटन को राज्याभिषेक समझ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को नए संसद भवन का उद्घाटन किया और ऐतिहासिक राजदंड सेंगोल को लोकसभा अध्यक्ष के आसन के समीप स्थापित किया। पारंपरिक परिधान में प्रधानमंत्री मोदी ने द्वार संख्या-एक से संसद भवन परिसर में प्रवेश किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मोदी और बिरला ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

लोकतंत्र केवल इमारतों से नहीं, जनता की आवाज से चलता है: खरगे

नईदिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संसद के नए भवन का उद्घाटन किये जाने के बाद रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री को यह याद रहना चाहिए कि लोकतंत्र केवल इमारतों से नहीं, जनता की आवाज से चलता है। उन्होंने ट्वीट किया, नई संसद के उद्घाटन का हक राष्ट्रपति जी से छीना, सड़कों पर महिला खिलाड़ियों को तानाशाही बल से पीटा! भाजपा-आरएसएस के सत्ताधीशों के 3 झूठ अब देश के सामने बेपर्दा हैं। खरगे ने कहा, लोकतंत्र, राष्ट्रवाद, बेटी बचाओ, याद रहे मोदी जी, लोकतंत्र केवल इमारतों से नहीं, जनता की आवाज से चलता है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को नए संसद भवन का उद्घाटन किया और ऐतिहासिक राजदंड सेंगोल को लोकसभा अध्यक्ष के आसन के समीप स्थापित किया।

इतिहास बदलने वालों से देश को बचाना है, हर चीज पर कर लिया है कब्जा : नीतीश

बिहार जदयू के प्रभारी पदाधिकारियों की दो दिवसीय संसद संपन्न, शामिल हुए मुख्यमंत्री

प्रात: किरण /एजेंसी

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि कुछ लोग इतिहास को बदलना चाहते हैं, ऐसे लोगों से देश को बचाना है। इन लोगों ने हर चीज पर कब्जा कर लिया है। सब कुछ एकतरफा हो रहा है। ये लोग काम नहीं कर रहे, केवल प्रचार करते हैं। नया कौन-सा काम हो रहा है? सच्चाई तो यह है कि इन लोगों ने 1998 से 2004 के बीच के काम को भी पूरा नहीं किया? उन्होंने कहा कि हमलोगों ने बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांगा, लेकिन नहीं मिला। गरीबी के बावजूद हमलोगों ने विकास का सारा काम किया। मुख्यमंत्री रविवार को जदयू मुख्यालय स्थित कपूरी सभागार में आयोजित बिहार प्रदेश जदयू के प्रभारी पदाधिकारियों की दो दिवसीय संसद के समापन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार में धार्मिक उन्माद को हमलोगों ने ना के बराबर कर दिया, लेकिन कुछ लोग अब फिर से उसे कराने की कोशिश में हैं।

हमलोग जाति गणना के पक्ष में हैं, लेकिन कुछ लोग चाहते हैं कि ये ना हो। जब भी अच्छा काम करिएगा, कहीं ना कहीं से आपको रोकने की कोशिश होगी, लेकिन हमलोगों को अपना काम करना है। जदयू अकेली पार्टी है जिसमें सभी जाति और धर्म के लोग हैं। अपने काम को लेकर एक-एक घर जाइए। सबसे बात करिए और सुझाव लीजिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने जब महागठबंधन बनाया तो देश की बहुत सारी राजनीतिक पार्टियों ने बधाई दी। हमलोग विपक्षी एकता के काम को आगे बढ़ा रहे हैं। जल्द ही इसका सार्थक परिणाम निकलेगा। राज्यसभा के वरिष्ठ सदस्य व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार ने जितनी यात्राएं की हैं, उतनी देश के किसी मुख्यमंत्री ने नहीं की।

वे जनता के बीच जाकर, आंखों से तस्वीर देखकर योजनाएं बनाते हैं, सचिवालय के चेंबर में बैठकर नहीं। उनके नेतृत्व में एक ओर बिहार बढ़ता दिखाई दे रहा है, तो दूसरी ओर बिहार देश को भी दिशा दे रहा है। उन्होंने कहा कि आज केन्द्र में बैठे लोग जो कर रहे हैं, इसके विरोध में बड़े आंदोलन की जरूरत है। ये लोग न केवल संसदीय परंपराओं को बल्कि देश का प्रतीक माने जाने वाले अशोक स्तंभ तक को बदल रहे हैं। ऐसी तानाशाही प्रवृत्ति का कड़ा प्रतिरोध होना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि आज हमारा देश एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। अपने नेता के नेतृत्व में हमें भाजपा-मुक्त भारत का शंखनाद करना है। हमारा मिशन 2024 है और लक्ष्य है 40 में 40 सीटें जीतना। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी, नीरज कुमार, ललन सर्राफ, रवीन्द्र प्रसाद सिंह सहित सभी मुख्यालय प्रभारीगण, प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षगण, प्रदेश प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

पीएम ने संसद भवन का किया उद्घाटन, मोदी-मोदी के नारों से गूंजी संसद

नया संसद भवन देशवासियों की आकांक्षाओं व सपनों का प्रतिबिंब : मोदी

बोलें- संसद भवन नये भारत के सृजन का आधार बनेगा

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नये संसद भवन को 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब बताते हुए आज कहा कि इसमें देश की समृद्ध विरासत, कला, गौरव, संस्कृति तथा संविधान के स्वर हैं और यह नये भारत के सृजन का आधार बनेगा। श्री मोदी ने रविवार को नये संसद भवन के उद्घाटन मौके पर उक्त बातें कही। इससे पहले प्रधानमंत्री के नये संसद भवन में प्रवेश करते ही सदस्यों और गणमान्य लोगों ने खड़े होकर तालियों से स्वागत किया और इस दौरान मोदी-मोदी के नारे लगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति डॉ हरिवंश ने नये संसद भवन में पीएम की अगवानी की।

लोकसभा कक्ष में पहुंचते ही जोरदार तालियों और नारों के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया गया। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के साथ-साथ मोदी -मोदी के जमकर नारे लगे। पीएम ने अपने संबोधन कहा कि एक राष्ट्र के रूप में सभी 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प ही इस नई संसद की प्राण प्रतिष्ठा है। इसमें होने वाला हर निर्णय आने वाली पीढियों को सशक्त करने वाला होगा और यही निर्णय भारत के उज्जवल भविष्य का आधार बनेंगे। उन्होंने कहा, ये सिर्फ एक भवन नहीं है। ये 140 करोड़ भारतवासियों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। ये विश्व को भारत के दृढ संकल्प का संदेश देता हमारे लोकतंत्र का मंदिर है। उन्होंने कहा कि यह नया संसद भवन लोकतंत्र को नई ऊर्जा और नई मजबूती प्रदान करेगा। हमारे श्रमिकों ने अपने पसीने से इस संसद भवन को इतना भव्य बना दिया है अब हम सांसदों का दायित्व है कि इसे अपने समर्पण से ज्यादा भव्य बनायें। प्रधानमंत्री ने कहा, इस भवन में विरासत भी है, वास्तु भी है, इसमें कला भी है, कौशल भी है, इसमें संस्कृति भी है और संविधान के स्वर भी हैं।

हमारा लोकतंत्र ही हमारी प्रेरणा है, हमारा संविधान ही हमारा संकल्प है। इस प्रेरणा, इस संकल्प की सबसे श्रेष्ठ प्रतिनिधि, हमारी ये संसद ही है। उन्होंने कहा कि देश के पास अमृत कालखंड के 25 वर्ष का समय है और सबको मिलकर इनमें देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा, 21 वीं सदी का नया भारत बुलंद हौसले से भरा हुआ है जो अब गुलामी की सोच को पीछे छोड कर प्राचीन काल की उस गौरवशाली धारा को एक बार फिर अपनी तरफ मोड रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लक्ष्य कठिन है लेकिन सभी को मिलकर संकल्प लेना होगा और इसीके आधार पर हमें सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा, सफलता की पहली शर्त, सफल होने का विश्वास होती है ये नया संसद भवन इस विश्वास को नई बुलंदी देने वाला है ये विकसित भारत के निर्माण में हम सभी के लिए प्रेरणा बनेगा। यह भवन हर भारतीय के कर्तव्य भाव को जाग्रत करेगा। उन्होंने कहा कि भारत आज वैश्विक लोकतंत्र का भी बहुत बड़ा आधार है लोकतंत्र हमारे लिए सिर्फ एक व्यवस्था नहीं है यह एक संस्कार, एक विचार और एक परंपरा भी है।

मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष के आसन के निकट स्थापित पवित्र सेंगोल को कर्तव्य पथ, सेवा पथ और राष्ट्र पथ का प्रतीक बताते हुए कहा कि इसकी गरिमा लौटाना उनकी सरकार के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा, मैं मानता हूं कि हम पवित्र सेंगोल की गरिमा, मान और मयार्दा लौटा सकें हैं यह सौभाग्य की बात है। जब भी सदनों की कार्यवाही होगी यह हमें प्रेरणा देता रहेगा। नये संसद भवन के औचित्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान देश का संकल्प है और लोकतंत्र की इसकी प्रेरणा है जिसकी प्रतिनिधि यह संसद ही है। उन्होंने कहा कि नये रास्तों पर चलकर ही नये प्रतिमान गढे जाते हैं जो रूक जाता है उसका भाग्य भी रूक जाता है और जो चलता है वह नये प्रतिमान गढता है। प्रधानमंत्री ने कहा, हर देश की विकास यात्रा में कुछ पल ऐसे आते हैं जो हमेशा के लिए अमर हो जाते हैं कुछ तारीखें समय के ललाट पर इतिहास का अमिट हस्ताक्षर कर जाती हैं। आज 28 मई का यह दिन ऐसा ही शुभ अवसर है।

पीएम ने सेंगोल किया लोकसभा में स्थापित

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नये संसद भवन को राष्ट्र को समर्पित किया और नई लोकसभा के सदन में पवित्र सेंगोल (राजदंड) को श्रद्धा के साथ प्रतिष्ठित किया। सुबह करीब साढ़े सात बजे श्री मोदी संसद भवन के परिसर में पहुंचे और श्री बिरला ने उनका स्वागत किया। सिल्क की धोती, कुर्ता एवं गुलाबी जैकेट पहने प्रसन्न मुद्रा में दिख रहे श्री मोदी ने सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करके प्रणाम किया।

इसके बाद वह श्री बिरला के साथ वहां हवन एवं धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए। श्री मोदी ने इसके बाद तमिलनाडु के विभिन्न आदिनम से पधारे संतों द्वारा लाये गये सेंगोल को साष्टांग प्रणाम किया और फिर पांच आदिनम संतों के हाथों से श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया और अपने स्थान पर चारों ओर परिक्रमा की। इसके बाद श्री मोदी ने आदिनम संतों से आशीर्वाद लिया और फिर श्री बिरला एवं आदिनम संतों के साथ वह नई लोकसभा के भीतर गये और लोकसभा अध्यक्ष के आसन के दाहिनी ओर पीछे एक कांच के केस में सेंगोल को स्थापित किया जिसे संप्रभुता, न्याय, शासन एवं शक्ति का प्रतीक माना जाता है। इसके बाद उन्होंने दीप प्रज्वलन किया और पुष्पों से सेंगोल का पूजन किया। इस मौके पर आदिनम संत भी सदन में उपस्थित थे। इसके बाद श्री मोदी एवं श्री बिरला बाहर आये और फिर नये संसद के उद्घाटन पट्ट का अनावरण करके नये संसद भवन को लोकार्पित किया। इसके पश्चात उन्होंने निर्माण कार्य करने वाले श्रमिकों से भेंट की और उन्हें शाल एवं प्रतीक चिह्न प्रदान करके सम्मानित किया। इसके बाद सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शिरकत की। बौद्ध, जैन, पारसी, सिख, इस्लाम, वैदिक आदि धर्मों के धर्मगुरुओं ने प्रार्थना की। इसके बाद श्री मोदी ने कार्यक्रम में आये मेहमानों से भेंट की और बातचीत की। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, अश्विनी वैष्णव, अनुराग ठाकुर, डॉ जितेन्द्र सिंह, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, शीर्ष अधिकारी आदि उपस्थित थे।

डाक टिकट का अनावरण व 75 रुपए का सिक्का जारी

प्रात: किरण / एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नये संसद भवन के उद्घाटन समारोह के दौरान एक स्मारक डाक टिकट का अनावरण और 75 रुपये का सिक्का जारी किया। उद्घाटन समारोह नये संसद भवन के लोकसभा कक्ष में आयोजित किया गया था। आसन पर प्रधानमंत्री के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्य सभा के उप-सभापति डॉ हरिवंश विराजमान थे। उद्घाटन भाषण शुरू करने से पहले श्री मोदी ने नया स्मारक डाक टिकट और 75 रुपये का सिक्का जारी किया। इस सिक्के के जारी करने की घोषणा 25 मई को की गयी थी। इस करीब 35 ग्राम के सिक्के का व्यास 44 मिमी है, इसमें आधी चांदी, 40 प्रतिशत तांबा और पांच-पांच प्रतिशत निकल और जस्ता के इस्तेमाल किया गया है। इसमें एक तरफ सिंह की लॉट और उसके दोनों तरफ इंडिया और भारत लिखा है। सिंह लॉट चित्र के नीचे देवनागरी लिपि में सत्यमेव जयते अंकित है। दूसरी तरफ संसद भवन परिसर का चित्र उभारा गया है जिसमें नये तिकोने नये संसद भवन के पीछे वृत्ताकार पुराने संसद भवन भी दशार्या गया और उसके ऊपर देवनागरी में संसद संकुल लिखा गया है। आधी चांदी होने के कारण इसके विधि मान्य मूल्य का इसका धातु मूल्य अधिक है। इसे सिक्यूरिटीज ऑफ प्रिंटिंग एंड माइनिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया (एसपीएमसीआईएल) की वेबसाइट से आर्डर किया जा सकता है।

बीएसएफ ने अमृतसर सीमा के पास पाक ड्रोन मार गिराया

जालंधर/एजेंसी। पंजाब के अमृतसर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने नशीले पदार्थों की तस्करी की पाकिस्तान की एक और नापाक कोशिश को नाकाम करते हुए ड्रोन को मार गिराया तथा मादक पदार्थों के खेप लेकर भागे तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने रविवार को बताया कि शनिवार रात को लगभग नौ बजकर 35 मिनट पर क्षेत्र में तैनात बीएसएफ के जवानों ने अमृतसर के गांव धनोए खुर्द के पास एक संदिग्ध ड्रोन की आवाज सुनी। उन्होंने बताया कि सैनिकों ने तुरंत गोलीबारी कर ड्रोन को मार गिराया। क्षेत्र की तलाशी के दौरान बीएसएफ के जवानों ने धनोए खुर्द के खेत से एक ड्रोन (क्वाडकॉप्टर, डीजेआई मैट्रिस आरटीके 300) बरामद किया। इस बीच ग्राम धनोए खुर्द के पास तैनात सैनिकों ने तीन संदिग्ध लोगों को गाँव की ओर भागते हुए देखा, उन्हें चुनौती दी और तीन पैकेट (कुल वजन लगभग 3.4 किलो) के संदिग्ध नशीले पदार्थों की खेप वाले बैग के साथ एक संदिग्ध को पकड़ लिया। नशीले पदार्थों की खेप वाले बैग में लोहे का हुक और चार चमकदार पट्टियां लगी हुई थी।

नए संसद भवन में नए संकल्प के साथ प्रवेश करें सांसद: लोकसभा अध्यक्ष

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नए संसद भवन के उद्घाटन के बाद रविवार को सांसदों का आह्वान किया कि वे नए भवन में नए संकल्प के साथ प्रवेश करें तथा संसदीय अनुशासन, मयार्दा और गरिमा के नए मापदंड स्थापित करें। उन्होंने नए संसद भवन के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। बिरला ने कहा, आजादी के अमृतकाल में संपूर्ण राष्ट्र इस महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पल का साक्षी बन रहा है। प्रधानमंत्री के दृढ़संकल्प और प्रेरक मार्गदर्शन से ढाई वर्ष से कम समय में भी यह भवन बनकर तैयार हुआ। उन्होंने कारीगरों और मजदूरों का भी आभार जताया। बिरला ने कहा, भारत विश्व का प्राचीनतम लोकतंत्र है। लोकतंत्र की जननी के रूप में हमारी पहचान है। हमने सदनों की अच्छी परिपाटी स्थापित की है। लोगों का विश्वास लोकतंत्र के लिए बढ़ा है।

विपक्ष ने प्रधानमंत्री पर राष्ट्रपति को दरकिनार करने का लगाया आरोप

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संसद के नए भवन का उद्घाटन किए जाने के बाद रविवार को कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम से दूर रखा गया जो भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दलित, आदिवासी एवं पिछड़ा समुदाय विरोधी रुख को दिखाता है। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ऐसे आत्ममुग्ध तानाशाह प्रधानमंत्री ने संसद के नए भवन का उद्घाटन किया है, जिन्हें संसदीय परंपराओं से नफरत है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति पद पर आसीन होने वाली पहली आदिवासी द्रौपदी मुर्मू को उनके संवैधानिक कर्तव्य का निर्वहन नहीं करने दिया जा रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार सुबह नए संसद भवन का उद्घाटन किया। कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने ट्वीट किया, संसद के नए भवन के शिलान्यास कार्यक्रम से तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को दूर रखा गया। उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दरकिनार कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया, यह आरएसएस की पिछड़ा समुदाय विरोधी और उच्च जाति वाली सोच है। यही वजह है कि रामनाथ कोविंद और द्रौपदी मुर्मू को वह सम्मान नहीं दिया गया जिसके वे सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन होने रूप में हकदार थे। वेणुगोपाल ने दावा किया कि कोविंद और मुर्मू को जानबूझकर दूर रखा जाना इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी लाभ के लिए उनका इस्तेमाल किया, लेकिन इस तरह के ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा नहीं बनने दिया। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा, ह्यह्लइस कार्यक्रम में राष्ट्रपति को नहीं बुलाया गया। भाजपा की मानसिकता हमेशा दलित और आदिवासी विरोधी रही है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज झा ने कहा, लोकशाही से राजशाही तक इस विशाल देश को ले जाने का मेरा सपना आज पूरा हुआङ्कुछ ऐसी ही भावनाओं से ओतप्रोत होंगे, हमारे प्रधानमंत्री जी। जय हिंद राजद ने रविवार को नए संसद भवन की वास्तुकला की तुलना एक ताबूत से की, जिस पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता राजद को ऐसे ही ताबूत में दफना देगी।

सौगात सिमरिया धाम के विकास एवं सौंदर्यीकरण की योजना का मुख्यमंत्री कल करेंगे शिलान्यास

सिमरिया धाम धार्मिक पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा : संजय झा

बोलें- सिमरिया धाम को हर की पौड़ी (हरिद्वार) से भी सुंदर बनाने का प्रयास

वरीय संवाददाता

पटना। बिहार के लोगों की आस्था के प्रमुख केंद्र पावन सिमरिया धाम के विकास एवं सौंदर्यीकरण की जल संसाधन विभाग की योजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार 30 मई को करेंगे। उक्त जानकारी जलसंसाधन मंत्री संजय झा ने रविवार को सोशल मीडिया के जरिए साझा की है।

मंत्री ने ट्वीटर पर लिखा है कि बेगूसराय जिले में स्थित सिमरिया धाम में उत्तरवाहिनी गंगा होने के कारण इसका धार्मिक महत्व काफी अधिक है। हर साल कार्तिक मास में यहां कल्पवास मेले की परंपरा सदियों से चली आ रही है। सिमरिया कल्पवास मेले को एक दशक से अधिक से राजकीय मेला का दर्जा प्राप्त है। यहां वर्ष 2011 में अर्ध कुंभ और 2017 में महाकुंभ का भी आयोजन हो चुका है। इसके अलावा स्नान, मुंडन और धार्मिक अनुष्ठान के लिए सालोभर काफी श्रद्धालु और साधु-संत सिमरिया आते रहते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने नवंबर 2022 में सिमरिया धाम में लगे कल्पवास मेले में भ्रमण कर श्रद्धालुओं तथा साधु-संतों का फीडबैक लिया था और संपूर्ण कल्पवास क्षेत्र के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा तैयार कॉन्सेप्ट प्लान की समीक्षा कर विस्तृत योजना बनाने के निर्देश दिये थे। जल संसाधन विभाग द्वारा तैयार 114.97 करोड़ रुपये की विस्तृत योजना को 22 मार्च 2023 को राज्य कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। इसकी टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब इसका शिलान्यास होने जा रहा है। जल संसाधन विभाग ने सिमरिया में राजेंद्र सेतु और निमाणार्धीन सिक्स-लेन पुल के बीच में गंगा नदी के बायें तट पर आवश्यकतानुसार उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण और शीट पाइलिंग कराते हुए करीब 550 मीटर लंबाई में सीढ़ी घाट के निर्माण के साथ-साथ में संपूर्ण कल्पवास क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न सुविधाओं का निर्माण कराएगा। योजना में रीवर फ्रंट का विकास, स्नान घाट के पास चेंजिंग रूम का निर्माण, स्नान घाट के समानांतर सुरक्षा व्यवस्था, गंगा आरती के लिए विनिर्दिष्ट स्थल का निर्माण, धार्मिक अनुष्ठान के लिए मंडप का निर्माण, श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था एवं लैंडस्केपिंग, शौचालय परिसर, धर्मशाला परिसर, शेडेड कैनोपी, वाच टावर, पाथ-वे एवं प्रकाशीय व्यवस्था इत्यादि का निर्माण शामिल है। इसके अलावा निमाणार्धीन सिक्स-लेन सेतु से दक्षिण में स्थित मुक्तिधाम, जहां दूर-दूर से लोग शवदाह के लिए पहुंचते हैं, को भी बेहतर बनाया जाएगा। इन सभी कार्यों को शिलान्यास के उपरांत 18 महीने में पूरा कराने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री ने आगे लिखा है कि हमलोगों का प्रयास है कि सिमरिया धाम को हर की पौड़ी (हरिद्वार) से भी सुंदर बनाया जाये। यह स्थल रेल एवं सड़क मार्ग से जुड़ा है। साथ ही, सिमरिया राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जन्मस्थली के रूप में भी विख्यात है। मुझे विश्वास है, सुविधाओं का विकास होने पर सिमरिया धार्मिक पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। मिथिला ही नहीं, बिहार और बिहार के बाहर से भी यहां अधिक संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे और उन्हें यहां पहुंचकर सुखद अनुभूति होगी। यहां पर्यटन का विकास होने पर आसपास के इलाके में होटल और परिवहन सहित कई तरह के कारोबार एवं रोजगार के अवसर पैदा होंगे। कुल मिलाकर यह योजना मिथिला सहित संपूर्ण बिहार के लोगों के लिए एक बड़ा तोहफा साबित होगी।

संक्षिप्त खबरें

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

फतुहा। फतुहा नगर मंडल के देवीचक स्थित बूथ संख्या -272 पर प्रधानमंत्री के मन की बात फतुहा नगर मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी के अध्यक्षता में सुना गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अरविंद यादव, भाजपा के प्रदेश नेता राणा राजेंद्र पासवान, महिला मोर्चा के प्रदेश नेता मधु सिन्हा, महिला मोर्चा के जिला मंत्री पूनम केशरी, फतुहा नगर मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, उपाध्यक्ष रंजना पटवा, मंत्री रवि प्रकाश पांडेय, मंत्री रीता पासवान, सुजीत कुमार, संजय पासवान, प्रेमकांत केशरी समेत दर्जनों मौजूद रहे। दूसरी ओर गोविंदपुर में जिला उपाध्यक्ष भास्कर लाल पटवा और नगर उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, कल्याणपुर में नगर उपाध्यक्ष अनुराधा सिंह, दरियापुर में नगर महामंत्री अरूण कुमार झा, बांकीपुर गोरख में नगर महामंत्री अनामिका अग्रवाल के अध्यक्षता में नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात दर्जनों की संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने सुनी।

ट्रेन से कट युवक की मौत

पटना सिटी। पटना मोकामा ट्रेन से कट करलगभग 26 वर्ष के अज्ञात युवक की मौत गुलजारबाग रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर पर डाउन लाइन प्लेटफार्म संख्या एक पर हो गयी है. प्रभारी थानाध्यक्ष मंजू कुमारी ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हुई है. शव को 72 घंटे सुरक्षित रखा जायेगा. संभावना है कि ट्रेन पर चढ़ने के दौरान वो हादसा का शिकार हुआ होगा। पुलिस छानबीन कर रही है।

दस्तारबंदी समागम पर सजा दीवान

पटना सिटी। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर और तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधक कमेटी के के सहयोग से रविवार को कौमी दस्तारबंदी समागम का आयोजन तख्त साहिब में किया गया।नयी दीवान हाल में सजे विशेष दीवान में रागी भाई अरविंद सिंह निगरुण ने शबद कीर्तन किया।तब कथा वाचक ज्ञानी सतनाम सिंह और ज्ञानी सुखदेव सिंह ने कथा की।इसके बाद अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह देश के 500 वारिसों का दस्तारबंदी आरंभ की।तब तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने शस्त्र दर्शन, हुकूमनामा के साथ अरदास की।शाम के दीवान में दीवान में जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर कथा की। दरस्तारबंदी में सुल्तानपुर लोदी के संत बाबा अवतार सिंह, कार सेवा दिल्ली के बाबा गुरनाम सिंह, बाबा जसवीर सिंह, हरनाम सिंह, बाललीला गुरुद्वारा के बाबा गुरुविंदर सिंह, राजन सिंह प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह, वरीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह, सचिव हरवंश सिंह, कनीय उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, समेत अन्य शामिल हुए।इस मौके अमर शहीद धन धन बाबा दीपसिंह इंटरनेशनल गतका अखाड़ा के जत्थेदार रणजोत सिंह और सतनाम सिंह के गतका दल और बिहार गुरु तेगबहादुर गतका अखाड़ा लक्ष्मीपुर समस्तीपुर के जत्थेदार जनरैल सिंह के गतका दल का प्रदर्शन हुआ।

हमारी सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है नया संसद भवन :- अर्जुन गुप्ता

पटना । अखिल भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह भाजपा नेता अर्जुन गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यह संसद भवन न केवल लाल रंग की शिला , हरे रंग के कार्पेट और राष्ट्रीय पक्षी मोर के पंखों को प्रतिबिम्बित करता एक भवन मात्र नही है यह तो सम्राट अशोक के धर्म चक्र से लेकर चोल राजाओ के सेंगोल और राजपूत राजाओं के भवन निर्माण शैली की झलक दिखाती है। जहाँ से विदेशी हमारी दक्षता के लिये कानून रचते थे वही से बैठ कर सत्ता चलाना हमारी विवशता रही होगी लेकिन आज माननीय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज उभरते भारत की वैश्विक स्थिति को देखते हुऐ नये संसद भवन की छत पर विराजमान चार गरजते सिंहो की भांति स्थापित की जब एक राष्ट्र अपने स्वंत्रत और संप्रभुता के अस्तित्व में आता है तब उसे अपनी आकांक्षाओं ,संस्कृति और सभ्यता के मूल रूप से एक ऐसी व्यवस्था की आवश्यकता होती है ।

मुख्यमंत्री ने जयप्रभा मेदांता अस्पताल जाकर पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री का कुशलक्षेम पूछा

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देर शाम पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री मो. आफाक आलम का कुशलक्षेम जानने जयप्रभा मेदांता अस्पताल, पटना पहुँचे। जयप्रभा मेदांता अस्पताल के आईसीयू यूनिट पहुँचकर मुख्यमंत्री ने मो. आफाक आलम का हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने चिकित्सा कर रहे चिकित्सकों से इलाज के बारे में भी अद्यतन जानकारी ली। इस दौरान वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक कुमार चौधरी तथा जयप्रभा मेदांता अस्पताल के वरीय चिकित्सक उपस्थित थे।

बच्चों को धर्म, परंपरा व गौरवमयी इतिहास से जोड़ने का काम जारी

तख्त साहिब के पंज प्यारों के द्वारा भाग्यशाली की होती है दस्तारबंदी : ज्ञानी हरप्रीत सिंह

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सिख पंथ की मयार्दा को मजबूत करने के लिए छोटे-छोटे बच्चों के सिर पर दस्तार बांधने का काम किया गया है। यह महज कपड़ा नहीं, बल्कि यह सिखी धर्म का गौरव, मान और शान है। आखिरी सांस तक शीश पर दस्तार सजाया जाएगा। श्री अकाल तख्त साहिब एवं अन्य संस्थाओं के सहयोग से तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में तीसरा दस्तारबंदी समागम का आयोजन किया गया था। इसके पूर्व श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह के तख्तश्री पटना साहिब पहुंचने पर कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यों व संगतों ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद वे रिहाइश में गए। यहां से बातचीत करने के बाद वे दरबार साहिब में गए। यहां उन्होंने शीश नवाया और गुरु का सिमरन किया। फिर दरबार साहिब की परिक्रमा की। इसके बाद जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह सीधे विशेष दीवान हॉल में गए। यहां मंच का संचालन तख्तश्री कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष सह धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन लखविंदर सिंह कर रहे थे। यहां आने के बाद छोटे-छोटे बच्चे बच्चियों को भेजा गया।

इस दौरान खुद ज्ञानी हरप्रीत सिंह, तख्तश्री पटना साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह, मुख्य ग्रंथी भाई दिलीप सिंह, एडिशनल हेड ग्रंथी भाई सुखदेव सिंह, रौशन सिंह आदि ने मिलकर बच्चों के शीश पर दस्तार सजाने का काम किया। अपने संबोधन में श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा कि धर्म की मयार्दा को मजबूत करने के लिए छोटे-छोटे बच्चों के सिर पर दस्तार सजाई जा रही है। यह महज कपड़ा नहीं, बल्कि धर्म का गौरव है, मान है और शान है।

श्री अकाल तख्त साहिब की सरपरस्ती में तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी और यहां के सिंह साहिबान के द्वारा मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया गया है। इस आयोजन में बच्चों को और नौजवान जत्थेबंदियों का भी हम स्वागत करते हैं। धर्म, परंपरा और गौरवमयी इतिहास से जुड़ने के लिए लगातार प्रयास होता जा रहा है। इस दौरान तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, लखबिंदर सिंह, गुरुविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह, सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह, मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह एडिशनल हेड ग्रंथी ज्ञानी सुखदेव सिंह, ज्ञानी रौशन सिंह, कथा वाचक भाई सतनाम सिंह, सरजिंदर सिंह, सूरज सिंह नलवा, लकी सिंह आदि सक्रिय थे। तख्तश्री कमेटी के द्वारा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के साथ मिलकर तीसरा कौमी दस्तारबंदी समागम करवाया गया। ईसमें सिख बच्चों ने भाग लेकर दस्तारबंदी करवाई। इस मौके पर श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने पहुंच कर बच्चों की दस्तारबंदी की। तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह, गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत कारसेवा भूरिवाले की ओर से बाबा गुरविंदर सिंह, कारसेवा दिल्लीवाले से बाबा गुरनाम सिंह भी उपस्थित रहे। बच्चों को पगड़ी शिरोमणि कमेटी की ओर से भेंट की गई। इस मौके पर ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने संगतों को संबोधन करते हुए कहा कि वह बच्चे सौभाग्यशाली होते हैं, जिनकी दस्तारबंदी तख्त साहिबान पर पंज प्यारों के द्वारा की जाती है। तख्तश्री पटना साहिब कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इन्द्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन लखबिंदर सिंह, उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह के द्वारा जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह का सम्मान किया गया। जत्थेदार हरप्रीत सिंह ने तख्त साहिब पर शाम की कथा भी संगतों को श्रवण करवाई। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही एवं महासचिव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि तख्तश्री कमेटी के द्वारा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर दस्तारबंदी का यह कार्यक्रम करवाया गया, जिसमें पटना सहित अन्य राज्यों से सिख बच्चों ने पहुंचकर दस्तारबंदी समागम में हिस्सा लिया। तख्तश्री कमेटी के द्वारा बच्चों के माता-पिता का भी आभार प्रकट किया, जो दूर दराज से कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बच्चों सहित पहुंचे और अपने बच्चों की दस्तारबंदी करवाई। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों से भी अपील की है कि वह दस्ताबंदी की लाज रखते हुए उसका पूरा सम्मान करें।

राजद महानगर के वार्ड अध्यक्षों का किया गया अभिनंदन

लोस चुनाव में भाजपा को सबक सिखाएगी बिहार की जनता

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

डॉ0 भीमराव अंबेडकर

महानगर राजद के द्वारा नून की चौराहा स्थित भारत के संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन पर परिचर्चा एवं नवनिर्वाचित पटना महानगर राजद अध्यक्ष महताब आलम और पटना साहिब के वार्ड अध्यक्षों का सम्मान संयुक्त रूप किया गया। दीप प्रज्वलित कर एवं डॉ अंबेडकर के तैल चित्र पर पुष्प एवं माला चढ़ा कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इसमें पटना महानगर अध्यक्ष महताब आलम, पूर्व मेयर अफजल इमाम, पटना महानगर राजद के नवनिर्वाचित प्रधान महासचिव उत्तम मेहता, मुख्य अतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य आजाद गांधी, प्रदेश महासचिव विनोद यादव, शिव मेहता, मनोहर मेहता, बलराम चौधरी, मोहम्मद जावेद, इकबाल अहमद, कृष्ण कुमार पप्पू, पप्पू राय, दिनेश पासवान, शैलेश यादव, भाकपा नेता देवरतन प्रसाद, कृष्णा ठाकुर ने मिलकर किया। मंच का संचालन मो साबिर अली एवं कमाल अशरफ ने किया। मुख्य वक्ताओं में पटना महानगर अध्यक्ष महताब आलम ने कहा कि आज की मोदी सरकार संविधान को ताक पर रख कर काम कर रही है। देश के नए संसद भवन का आज उद्घाटन है। राष्ट्रपति से इसका उद्घाटन नहीं करा कर खुद प्रधानमंत्री कर रहे हैं। इसका पूरा 19 पार्टी का विपक्ष विरोध कर रहा है। पूर्व मेयर अफजल इमाम ने नवनिर्वाचित महानगर अध्यक्ष महताब आलम और वार्ड अध्यक्ष को मुबारकबाद दिया। मुख्य अतिथि पूर्व विधान पार्षद आजाद गांधी ने कहा कि वार्ड अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ हैं। इसे और मजबूत करने तथा पटना साहिब में पार्टी कार्यालय खोलने की बात कही। उन्होंने वर्तमान मोदी सरकार पर जम कर भड़ास निकाला। राजद के प्रदेश महासचिव विनोद यादव ने कहा कि आने वाला 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया हो जाएगा। 2024 में महागठबंधन की सरकार केंद्र में बनेगी, क्योंकि भाजपा ने संविधान को ताक पर रख कर काम कर रहा है, जो लोकतंत्र के लिए खतरा है। कार्यक्रम के अंत में वार्ड अध्यक्ष को अंग वस्त्र और माला पहना कर प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रमाण पत्र लेने वालों में वार्ड 72 के अजय कुमार, वार्ड 71 के महेश मेहता, वार्ड 70 के मो फिरोज, 69 के कौशल कृष्ण, 68 के महेश यादव, 67 के पन्ना यादव, 66 के जंत्री यादव, 65 के अख्तर अली, 63के मो पिंकू, 62 के रणधीर यादव, 61के रामजी चौधरी, 60 के मो फिरोज अंसारी, 59 के मो फिरोज, 58 के संतोष कुमार, 57 के मो सूफियान और 56 के रणधीर कुमार थे। दीप प्रज्वलन के बाद नगर अध्यक्ष का कमाल अशरफ, रणधीर यादव, अख्तर अली, मो पिंकू, फिरोज अंसारी, अजय कुमार यादव ने बुके, अंग वस्त्र और माला पहना कर अभिनंदन किया। राजद नेता डॉ एकबाल अहमद, उमेश पंडित, पप्पू राय, अजीत कुशवाहा, भूषण माली, दीपक चौधरी, पंकज रजक आदि भी मौजूद थे।

ज्ञानी रणजीत सिंह का मामला तख्तश्री कमेटी देखेगी : हरप्रीत सिंह

डोप जांच व पांच वाणियों का पाठ भी कराया जाएगा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह दो दिनों के दौरे पर पटना साहिब आए हुए हैं। मध्याह्न करीब 12 बजे वे तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब परिसर में प्रवेश किए। दस्तारबंदी का कार्यक्रम करने के बाद वह तख्तश्री कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यों और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों से मिलने का काम किया। उसके बाद देर शाम दरबार साहिब से उन्होंने कथा कही। अपराह्न जब उनसे सवाल किए गए, तो उन्होंने केवल दस्तारबंदी से जुड़े मामले पर ही पूछने की बात कही और दूसरा मामला उठाने पर वह टाल कर आगे बढ़ गए थे। महासचिव इंद्रजीत सिंह के कक्ष में जब वह बैठे थे, तब इस संवाददाता ने उनसे कुछ सवाल किए। उनसे पूछा गया कि जब यहां मयार्दा की बात आई थी और मामला संभल नहीं पा रहा था, तब आपने यहां हस्तक्षेप करते हुए यहां की कमेटी को छह दिसंबर, 22 को श्री अमृतसर साहिब तलब किया था। तब आपने वहां से एक हुक्मनामा जारी किया था। इसमें सभी बिंदुओं पर आदेश पारित हो चुका है, मगर अब भी दो मुद्दे पाइप लाइन में पड़े हैं। इनमें सभी कर्मचारियों और सेवादारों का डोप टेस्ट कराना और भाई बलदेव सिंह को पंज प्यारों की मौजूदगी में वीडियो रिकॉर्डिंग करते हुए पांच वाणियों का पाठ सुनाना था। इस पर उन्होंने कहा कि जो बचे हैं, वह सब पूरा कराया जाएगा। एक सवाल के जवाब में कि आपने जारी हुक्मनामा में हाई पावर जांच कमेटी की रिपोर्ट जल्द सौंपने की बात कही थी। रिपोर्ट भी जारी कर दी गई और तख्तश्री कमेटी के प्रधान ने उसे रिसीव नहीं किया, तब दिल्ली हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस और जांच कमेटी के चेयरमैन आरएस सोढ़ी ने जांच कमेटी के संयोजक और तख्तश्री कमेटी के सदस्य चरणजीत सिंह को मीडिया के माध्यम से इसे सार्वजनिक कर देने की बात कही। जब ज्ञानी रणजीत सिंह को निर्दोष साबित किया गया है, तब कमेटी वाले उन पर जबरन इस्तीफा देने का दबाव बना रहे हैं। इस पर जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा कि देखो, हमारे संबंध ज्ञानी इकबाल सिंह और ज्ञानी रणजीत सिंह दोनों से अच्छे हैं। मगर इन्हें जत्थेदार रखना है, हटाना है, यह सब काम प्रबंधक कमेटी का है और मैनेजमेंट बोर्ड खुद इस मामले में फैसला करेगा। वह धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करते हैं, न कि प्रबंधकीय मामले में।

गंगा दशहरा पर कंगन घाट, खाजेकलां व भद्र घाट पर गंगा आरती

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गंगा दशहरा महोत्सव की तैयारी के लिए बैठक एवं सफाई अभियान चलाया गया। गंगा सेवा दल समन्वय समिति, कंगन घाट (गुरु गोविंद सिंह घाट) संस्थापक अध्यक्ष डॉ राजीव गंगौल एवं संस्थापक सचिव पं राजेश शुक्ला टिल्लू की उपस्थिति में गंगा दशहरा महोत्सव की तैयारी के लिए विशेष रूप से सफाई अभियान एवं कार्य को सफल के लिए महत्वपूर्ण बैठक की गई। इस दौरान सभी पदाधिकारी को विभाग की जिम्मेवारी दी गई।

बैठक की अध्यक्षता ई मनोज अठधरा एवं संचालन सुजीत कुमार कसेरा ने किया। सदस्यों ने सुबह घाट की सफाई की और घाट की जमीन की सतह को बराबर करवाया गया। सभी सदस्यों ने आज भी गंगा स्नान किया। मीडिया प्रभारी ने बताया कि अतिथियों का स्वागत समिति के त्रिभुवन अग्रहरि, पूजा की व्यवस्था पिंकू शुक्ला और पंडाल-बिजली की व्यवस्था सचिव भोला गुप्ता, अजीत केसरी, बम शंकर एवं पप्पू पटेल तथा प्रसाद की व्यवस्था मनोज भदानी, मुन्ना राम कपसीमे, उत्तम गुप्ता, मोहित भदानी और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए संजय वर्णवाल, रवि भूषण प्रसाद, सुबोध कुमार, बजरंगी गुप्ता एवं बंटी बाबू को जिम्मेवारी दी गई। भीड़ को देखते हुए जगह-जगह स्क्रीन टीवी और प्रोजेक्टर लगाया जा रहा है और घाटों पर बेरिकेटिंग का कार्य चल रहा है। महिला भीड़ नियंत्रण के लिए भी महिला मंडली बनाई गई है।

सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन को भी अवगत करा दिया गया है। रविवारीय गंगा आरती प. हिमांशु गिरी ने किया। कार्यक्रम में दर्जनों लोग शामिल रहे। इधर खाजेकलां घाट पर भी पतित पावनी, मोक्षदायिनी, भारतीय संस्कृति, श्रद्धा एवं आस्था की प्रतीक मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरण दिवस के मौके पर गंगा दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया है। 30 मई को अपराह्न पांच बजे से रात 10 बजे तक खाजेकलां घाट पर धार्मिक आयोजन किया गया है। अध्यक्ष अमरजीत कुमार ट्विंकल ने बताया कि सायं 6.30 से मां गंगे की आरती की जाएगी और इसके बाद सात से लेकर रात 10 बजे तक प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजन में विधायक नंदकिशोर यादव, नितिन कुमार रिंकू, जगदेव प्रसाद, श्याम बाबू, प्रभाकर मिश्रा, भगवती मोदी, उमाशंकर यादव, राजकुमार गुप्ता, राजेश राय, तरुणा राय, बबलू सिंह, विधान गर्ग, शशिशेखर रस्तोगी, मनोज कुमार, मुकेश यादव, विकास गुप्ता, धर्म गुप्ता, संजीव आर्यन, चंदन कुमार, मुकेश रजक, मिथिलेश चौरसिया, पिंकू यादव, मुकेश पांडेय, रामजी केसरी, सत्यनारायण केसरी, रंजीत प्रभाकर, सुनील केसरी, मिंटू जयसवाल, प्रकाश सिन्हा आदि सक्रिय हैं।

मोदी सरकार के नौ साल, उपलब्धियां हैं बेमिसाल : नंदकिशोर

पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का हो रहा सर्वांगीण विकास, सिटी में होंगे अनेक कार्यक्रम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मोदी सरकार के बेमिसाल नौ साल पूरा होने पर रविवार को खाजेकलां सामुदायिक भवन में पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के भाजपा जिला, मंडल व बूथ स्तर के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें जून तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री व विधायक नंदकिशोर यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उनके शासनकाल में वैश्विक फलक पर भारत की पहचान एक समृद्ध देश के रूप में हो रही है। नौ वर्षो के शासनकाल में मोदी सरकार ने इतनी उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसे गिनते-गिनते अंगुलियां थक जाएंगी, फिर भी पूरी नहीं होंगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा और कृषि चाहे कोई भी क्षेत्र, हर तरफ विकास की बयार बहती महसूस होती है। नए संसद भवन का निर्माण और श्री राम मंदिर निर्माण जैसी उपलब्धियां कालजयी हैं, जो कभी भुलाई नहीं जा सकती। इसके अतिरिक्त जन-धन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान समृद्धि योजना ने देश के लोगों को खुशहाल बनाने में महती भूमिका निभायी है। श्री यादव ने कहा कि नोटबंदी और जीएसटी के माध्यम से मोदी सरकार ने जहां भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है, वहीं तीन तलाक को खत्म कर अनेक मुस्लिम महिलाओं का घर उजड़ने से बचाया है। सर्जिकल स्ट्राइक कर मोदी सरकार ने दुश्मन देशों को बता दिया है कि भारत की तरफ आंख उठाने वालों की खैर नहीं है। वहीं, कोरोना काल में भारत ने विश्व के अनेक देशों को मदद पहुंचा कर मानवता का धर्म निभाया है। बैठक में जानकारी देते हुए विधायक श्री यादव ने बताया कि मोदी सरकार के बेमिसाल नौ साल पूरा होने पर 30 मई से 30 जून तक अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें छह जून को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में सभा, आठ जून को खाजेकलां सामुदायिक भवन में वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन, 11 जून को व्यवसायी सम्मेलन, 13 जून को अरोड़ा हाउस में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन, 18 जून को रामदेव महतो सामुदायिक भवन में लाभार्थी सम्मेलन, 21 जून को मंगल तालाब परिसर में योग दिवस प्रदर्शनी, 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर माननीय मोदी जी का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यक्रम, 25 जून को मन की बात और 20-30 जून तक घर-घर जनसंपर्क अभियान शामिल है। बैठक में किरण शंकर, डॉ टीपी गोलवारा, जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार, विनय केसरी, सुरेश पटेल, संजय सिंह, विनोद पासवान, बलराम मंडल, अशोक भारती, हरेंद्र चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद तारा देवी, विनय बाला, प्रभाकर मिश्रा, सभी मंडल अध्यक्ष सहित सभी मंडलों के पदाधिकारी, मंच मोर्चा के अध्यक्ष, महामंत्री और पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे।

मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी के हेल्थ कैम्प में 700 से अधिक मरीजों की जांच हुई

पटना। मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी राजेंद्र नगर रोड नंबर 7 के द्वारा डीपीएस वर्ल्ड स्कूल के प्रांगण में सोसाइटी के द्वारा एक निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया था. इसमे प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार, डॉ शिल्पी अग्रवाल, पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका, श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ अमिताभ बंका, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्रवण कुमार, मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंगद कुमार, जनरल फिजिशियन डॉक्टर पूनम नंदन, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हर्षिता बंका एवं डॉ कोमल कुमारी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव ने मरीजों को देखा तथा उन्हें सलाह एवं दवा दी। सोसाइटी द्वारा मरीजों को जांच कर दवा, जांच एवं साथ ही चश्मा भी मुफ्त में उपलब्ध करवाया गया।

मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी समाज के हर तबके के बीच में लगातार विभिन्न स्थलों पर निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन करते रहती है। सोसाइटी जनता के बीच में स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का निदान मुफ्त में हो सके इसके लिए लगातार प्रयासरत रहती है। निःशुल्क इस मेगा हेल्थ शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें इसके लिए लगातार सोसाइटी के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण समाज के बीच में प्रचार प्रसार करते रहते हैं। आज के मेगा हेल्थ कैंप में करीबन 700 लोगों का इलाज किया गया। नेत्र चिकित्सकों के द्वारा 85 से अधिक लोगों को चश्मा भी मुफ्त में दिया गया। ऐसा आयोजन सोसाइटी के द्वारा लगातार शहर के विभिन्न स्थानों पर सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

छावनी क्षेत्र के गोरा बाजार पंप हाउस का मोटर जला

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के एसएनबी छावनी क्षेत्र के गोरा बाजार स्थित पंप हाउस का मोटर जल गया। मोटर जलने से हजारों की आबादी के समक्ष पेयजल संकट कायम हो गया है। गोरा बाजार के इस पंप हाउस का समुचित देखभाल नहीं होने की वजह से हमेशा ही कोई न कोई गड़बड़ी होती रहती है। इसका खामियाजा छावनी क्षेत्र के नागरिकों को भुगतना पड़ता है। भीषण गर्मी में रविवार कि सुबह पंप हाउस से पेयजल आपूर्ति शुरू ही हुई थी कि मोटर में गड़बड़ी आ गई। गड़बड़ी होने की सूचना मिलने के घंटों बाद बिजली मिस्त्री पहुंचे। जांच के बाद दोपहर को स्पष्ट हो पाया कि पंप हाउस का मोटर जल गया है। इस बीच सुबह से ही लोग रविवार छुट्टी के दिन अपने दैनिक कार्य को निपटाने के लिए पानी का इंतजार करते रहे। लेकिन पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। मोटर में गड़बड़ी आने के बाद आनंद बाजार गोरा बाजार हाथी खाना बोतल खाना तुरहा टोली समेत कई इलाके में लोग पानी के लिए भटकते रहे। पेयजल आपूर्ति ठप होने से हजारों की आबादी को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ा। इलाके में शायद ही कोई चापाकल चालू हालत में हो। अगर वादों की बात की जाए तो एक वार्ड में दो से तीन जगह समरसेबल से पानी की व्यवस्था की गई है जो नाकाफी है।

लोगों को अपनी जरूरत के कार्यों को पूरा करने के लिए वैसे घरों के दरवाजे खटखटाने पड़े जिन्होंने अपने घर में निजी समरसेबल करा रखा है। वैसे लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा जिनके घर में समर सेबल नहीं है। बताया जाता है कि जले मोटर कीचक का दूसरा मोटर लगाने में कम से कम दो से तीन रोज का समय लगेगा। स्थानीय लोगों ने पेयजल आपूर्ति बहाल होने तक लोगों के बीच टैंकर से पानी पहुंचाने की मांग की गई। इस संबंध में छावनी परिषद के कर्मी मोहम्मद फिरोज ने बताया कि लोगों को परेशानी नहीं हो इसके लिए टैंकर से पानी की आपूर्ति की जाएगी।

भागवत कथा सुनधन्य हुए भक्त

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। रुद्रचंडी सप्तदिवसीय महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव को लेकर रानीपुर बाहरी झलिया प्राचीन देवी मंदिर में मुख्य पुरोहित भोला झा उर्फ लाल बाबा और वीरभद्र महाराज की अगुआयी में अनुष्ठान चल रहा है। गो व गंगा बचाओ ट्रस्ट अभियान आयोजन समिति की ओर से आयोजित अनुष्ठान में शाम को वाराणसी से आए पंडित सुरेश दास जी महाराज का श्रीमद् भागवत कथा व प्रवचन किया। महोत्सव 31 मई तक होगा। आयोजन में पूर्व पार्षद अवधेश कुमार सिन्हा, सुनील कुमार सिंह, राकेश कुमार शर्मा, रजनीश कुमार राय, शंभू कुमार, शम्भू पासवान, विमलेश यादव, सुजीत यादव, भीम यादव, मुन्ना पुजारी, प्रेम चौधरी, ज्योति सिह भारती, पिंकी सहनी, देवंती देवी, सन्नी कुमार, करण यादव, प्रियरंजन राम, शंभू पासवान, राकेश शर्मा, मुन्नी कुमारी आदि शामिल थे। इधर चल रहे धार्मिक आयोजन में भाग लेने को भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और विधायक नंदकिशोर यादव और भाजपा नमामि गंगे के प्रदेश संयोजक प्रभाकर मिश्र भी पूजा-अर्चना कर आशीष लेने को पहुंचे थे।

समर कैम्प में बच्चों ने मधुबनी पेंटिंग की बारीकी सीखी

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के आठ दिवसीय समर कैम्प का उद्घाटन आज बैंक रोड स्थित दादी मंदिर में अग्रवाल महिला अध्यक्ष गीता जैन, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक मनोज गुप्ता, कला जागरण के अध्यक्ष वरिष्ठ रंगमंच निर्देशक सुमन कुमार, गोपाल अग्रवाल, नितेश कुमार, एवं अग्रवाल सम्मेलन के अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर अग्रवाल सम्मेलन महिला अध्यक्ष डॉ गीता जैन ने बताया कि इस समर कैम्प का मुख्य उद्देश्य है कि सभी वर्ग के बच्चे इसमें भाग ले सके।गीता जैन ने कहा कि बच्चों को समर कैम्प द्वारा अपने अंदर छिपी हुई प्रतिभा को व्यक्त करने का मौका मिलेगा तथा हस्तशिल्प की ओर बच्चों का रुझान बढ़ेगा । मौके पर दादीजी समिति के महासचिव गोपाल अग्रवाल ने बताया कि पिछले वषों की तरह इस वर्ष भी पटना के कला जागरण के सहयोग से यह समर कैम्प बैंक रोड स्थित दादी मंदिर में आयोजित हो रहा है । बिहार अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष अमर अग्रवाल द्वारा सभी बच्चों के लिए चाय, बिस्कुट, तथा अन्य व्यवस्था की गयी।इस कैम्प में 40 से अधिक छोटे एवं बड़े बच्चे भाग ले रहे हैं।

समर कैम्प की शुरूवात गणेश वंदना से की गयी तथा रीना कुमारी ने बच्चों से योग कराया । रंगमंच कला का प्रशिक्षण मौके पर कला जागरण के अध्यक्ष वरिष्ठ रंगमंच निर्देशक सुमन कुमार ने कहा कि बच्चे समर कैम्प के माध्यम से कम समय में हीं अभिनय की बारीकियों को करना सीख सकेंगे। समर कैम्प में बिहार के वरिष्ठ रंगमंच निदेशक सुमन कुमार ने बच्चों को उच्चारण की सही विधि और इससे शब्दों के सही तरीके से बोलने की विधि बताई । इस समर कैम्प में आज बड़े बच्चों को रंगमंच से सम्बंधित कला क्या क्या होती है इसकी जानकारी दी गयी। नलिनी कुमारी ने बच्चों को मधुबनी पेंटिंग की बारीकियां बताई एवं चित्र कला की जानकारी दी। आदर्श वैभव ने बच्चों को अनुपयोगी से उपयोगी सामान बनाने की जानकारी दी।कजरी एवं घूमर हैदराबाद सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी , थियेटर आर्ट्स डिपार्टमेंट के पास आउट नितेश कुमार ने बच्चों कजरी तथा राजस्थानी लोक नृत्य घूमर का अभ्यास कराया गया ।

भाजपा के खिलाफ जदयू का एक दिवसीय आमरण अनशन

देश के इतिहास को बदलना चाहते हैं पीएम मोदी : ललन

- संवैधानिक मुल्यों पर हमला बर्दाश्त नहीं : उमेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नए संसद भवन का उद्घाटन कराए जाने व देश की महिला एवं आदिवासी समाज के अपमान के विरोध में जनता दल यूनाइटेड ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में पटना हाईकोर्ट के समीप स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेदकर की प्रतिमा के समक्ष एकदिवसीय आमरण अनशन का कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन सिंह ललन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राष्ट्रपति के उम्मीदवारी की घोषणा करते समय प्रधानमंत्री खुद को दलितों व महिलाओं का सबसे बड़ा हितैषी बता रहे थें परन्तु चंद महीनों में उनका असली चेहरा देश की जनता के सामने बेनकाब हो गया, सिर्फ आदिवासी और महिला होने के कारण ही आज भाजपा द्वारा राष्ट्रपति जी को नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह से दूर रखने की साजिश रची गई है। यह लोकतंत्र के दामन पर गहरा धब्बा है और 28 मई की यह तिथि काले दिन के रूप में सदैव स्मरण किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हम जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से निकले हुए दल हैं। बाबा साहेब भीमराव अंबेदकर, राम मनोहर लोहिया और जननायक कपूरी ठाकुर के विचारों से प्रेरित होकर जदयू बनी है। हमारे लिए संवैधानिक मूल्यों की रक्षा पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सुशील मोदी जी को 2024 की चिंता है क्योंकि 2024 में उनका कार्यकाल समाप्त होने वाला है और उन्हें शीर्ष नेतृत्व का डर है। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग संघ से जुड़े हुए कार्यकताओं को विदेश भेजकर मोदी-मोदी के नारे लगवा रहें हैं। विदेशों में मोदी-मोदी करवाते रहो देश में मोदी युग का अंत कर्नाटक से प्रारंभ हो चुका है। प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि विश्व को गणतंत्र का संदेश देने वाला हमारा भारत आज चंद राजनीतिक मठाधीशों के चंगुल में फंसकर गर्त में जा रहा है। भाजपा-आरएसएस द्वारा एक सोची समझी साजिश के तहत भारत के संवैधानिक बुनियाद को ध्वस्त करने की कार्यवाही चल रही है और हमारी पार्टी कभी इस कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेगी। इससे उनकी संविधान विरोधी मानसिकता का पता चलता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव सह विधान पार्षद रविन्द्र कुमार सिंह, अनिल हेगड़े, संजय सिंह गांधी, विधान पार्षद नीरज कुमार, पूर्व उपसभापति सलीम परवेज, पूर्व मंत्री डॉ रंजू गीता, भगवान सिंह कुशवाहा, सन्तोष कुमार निराला, निहोरा प्रसाद यादव, प्रदेश महासचिव वासुदेव कुशवाहा मनीष कुमार, रणजिय कुमार, डॉ अमरदीप, छोटू सिंह, नंदकिशोर कुशवाहा, सन्तोष कुशवाहा, जागेश्वर राय, ओमप्रकाश सेतु, किरण रंजन, पार्टी के प्रवक्ता अभिषेक झा, राहुल शर्मा, राजीव रंजन सिंह, हेमराज राम, अंजुम आरा समेत जदयू के सैंकड़ों नेता मौजूद थे।

उद्घाटनकर्ता के रूप में राष्ट्रपति को नहीं बुलाना संवैधानिक पद का अपमान : अखिलेश

नए संसद भवन का उद्घाटन के विरोध में कांग्रेस ने निकाला प्रतिरोध

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत नए केंद्रीय संसद भवन के उद्घाटन में राष्ट्रपति को नहीं बुलाये जाने और उनके हाथों उस भवन का उद्घाटन नहीं कराएं जाने के केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में रविवार को प्रतिरोध मार्च निकाला गया। प्रतिरोध मार्च का नेतृत्व बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने किया। प्रतिरोध मार्च बोरिंग रोड़ चौराहे से अंबेडकर प्रतिमा हाईकोर्ट तक चला जिसमें कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार के मुखिया नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि महिलाओं का सम्मान नहीं करने वाले संघी मानसिकता के लोग आज देश की सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठी आदिवासी समाज की महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत बन रहे संसद भवन का उद्घाटन नहीं करना बेहद ही निंदनीय और अपमानजनक कृत्य है। केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि देश की सभी संवैधानिक मयादाओं और परंपराओं को प्रधानमंत्री ने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए ताक पर रख दिया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि देश में कुंठित मानसिकता के लोग सत्ता में बैठ गए हैं जो देश की परंपराओं और मयादाओं को तोड़कर नई लकीर बनाने में लगे हैं। देश की अधिकांश विपक्षी पार्टियों ने इसे लेकर केंद्र सरकार से अनुरोध किया लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसलिए विपक्ष के पास लोकतंत्र की मयार्दा के सम्मान में और राष्ट्रपति के गौरव को बचाने के लिए बहिष्कार ही एक मात्र उपाय बचा। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां महिला, आदिवासी और देश विरोधी है। महंगाई और बेरोजगारी की समस्या को जो सरकार नियंत्रित नहीं कर पा रही है वो फिजूल खर्च कर देश के गाढ़ी कमाई को बर्बाद कर रहे हैं। प्रतिरोध मार्च में पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, कौकब कादरी, प्रेम चन्द्र मिश्रा, डॉ. समीर कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, निर्मल वर्मा, ब्रजेश प्रसाद मुनन, राजेश राठौड़, बंटी चौधरी, आनंद माधव, अलोक हर्ष, राज कुमार राजन, लाल बाबू लाल, कपिल देव प्रसाद , डॉ अजय कुमार सिंह, नागेन्द्र कुमार विकल, मनोज कुमार सिंह, राजेश कुमार सिन्हा, डॉ. संजय यादव, शशि कान्त तिवारी, कमल देव नारायण शुक्ला, चन्द्र प्रकाश सिंह अजय कुमार चौधरी, सौरभ सिन्हा, ललन यादव, गुंजन पटेल, गरीब दास, वसी अख्तर, शशि रंजन, आशुतोष शर्मा, रेणु सिंह, अखिलेश्वर सिंह, रूपम यादव, निधि पाण्डेय, इंदु सिन्हा, मिर्नाल अनामय, अविनाश शर्मा, सिद्धार्थ क्षत्रिय सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहें।

इतिहास के पन्ने में आज का दिन काले अक्षरों में लिखा जाएगा : गगन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना । नये संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर देश के प्रथम नागरिक, विधायिका और कार्यपालिका के प्रधान के साथ हीं तीनों सेना के सर्वोच्च कमांडर की अनुपस्थिति को देश के 140 करोड़ जनता का अपमान बताते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि इतिहास के पन्ने में आज के दिन को काले अक्षरों में लिखा जाएगा। संविधान और लोकतंत्र के आत्मा विहीन बुनियाद पर खड़ी इमारत को लोकतंत्र का मन्दिर नहीं कहा जा सकता। राजद प्रवक्ता ने कहा कि नये संसद भवन के उद्घाटन के नाम पर आज जो कुछ भी हुआ उससे यह साबित हो गया कि विपक्षी पार्टियों द्वारा कार्यक्रम के वहिष्कार का निर्णय बिल्कुल सही और तार्किक था। यह नये संसद भवन का लोकार्पण नहीं बल्कि एक राजा का राज्याभिषेक लग रहा था। आयोजन में जिस प्रकार संवैधानिक प्रावधानों और लोकतांत्रिक मयादाओं की हत्या कर सेंगोल (राजदंड) को महिमा मंडित किया गया वैसा तो केवल राज्याभिषेक में हीं होता है। जिसमें राजपुरोहित राजा को राजदंड देकर उनमें विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्ति समाहित करते हैं। भारत के राजतंत्रीय व्यवस्था में ऐसे अवसर पर दलित, आदिवासी और महारानी को छोड़कर महिलाओं की उपस्थिति को निषिद्ध माना जाता था। शायद उसी परिपाटी का अनुसरण करते हुए संसद भवन के शिलान्यास के समय तत्कालीन महामहिम राष्ट्रपति जी को अलग रखा गया था चुंकि वे दलित थे और अब लोकार्पण के समय भी वर्तमान महामहिम को भी अलग रखा गया है चुंकि वे आदिवासी के साथ हीं महिला हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा है कि केन्द्र सरकार और भाजपा को सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट करना चाहिए कि किन कारणों से राष्ट्रपति से न तो शिलान्यास करवाया गया और न लोकार्पण । और दोनों अवसरों पर राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को क्यों नहीं आमंत्रित किया गया। देश की जनता को यह जानने का हक है चूंकि संसद भवन का निर्माण जनता के पैसे से हुआ है किसी खास व्यक्ति या पार्टी के पैसे से नहीं।

महिला पहलवानों व नागरिकों पर पुलिसिया दमन दुर्भाग्यपूर्ण : दीपांकर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भाकपा-माले महासचिव का दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा है कि एक तरफ रविवार को दिल्ली में संसद के नए भवन का उद्घाटन एक राजा के राज्याभिषेक की तरह हो रहा था, ठीक उसी समय उसी दिल्ली में इंसाफ के लिए महिला सम्मान पंचायत में एकत्रित महिला पहलवानों और नागरिकों पर बर्बर दमन ढाए गए और कई लोगों की गिरफ्तारियां हुईं। यह लोकतंत्र और संविधान की आत्मा व मूल्यों पर क्रूर हमला है। ऐपवा की महासचिव मीना तिवारी ने भी महिला पहलवानों और नागरिकों पर पुलिसिया दमन की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि धरनास्थल के साथ-साथ अन्य दूसरी जगहों से भी महिला कार्यकताओं की घसीट-घसीट कर गिरफ्तारी हुई। न्याय की मांग करने वालों के लिए आज पूरी दिल्ली को पुलिस छावनी और जेल में तब्दील कर दिया गया। पुलिस ने महिला पहलवानों के सामान व कपड़े भी उठा लिए. महिला पहलवानों को न्याय दिलाने के लिए धरना स्थल पर पहुंचे आइसा, आरवाइए, ऐक्टू और ऐपवा के दर्जनों कार्यकताओं को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ऐक्टू की राष्ट्रीय सचिव सुचेता डे और आइसा नेता नेहा बोरा सहित कई लोगों की गिरफ्तारी हुई है। यह बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में महिला पहलवानों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिवाद के कार्यक्रम आयोजित किए गए। बिहार की राजधानी पटना में भी बुद्धा स्मृति पार्क के पास आइसा-ऐपवा के बैनर से सैकड़ों की तादाद में छात्र-युवा व महिलाओं ने अपनी भागीदारी निभाई। यौन उत्पीड़क भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बचाव में मोदी सरकार की ऐसी शर्मनाक कार्रवाइयों के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

बिहार में अपराधी को छोड़ने वाली सरकार : सम्राट

- भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी नेताओं ने सुनी मन की बात

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने राजद द्वारा संसद भवन की तुलना ताबूत से किए जाने पर कहा कि यह राजद की मानसिकता को जाहिर करता है। उन्होंने कहा कि देश और बिहार की जनता उसी ताबूत में राजनीतिक तौर पर राजद को 2024 और 2025 में बंद करने का काम करेगी। रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए पत्रकारों द्वारा जदयू के उपवास करने पर चौधरी ने कहा कि जदयू 18 साल से राज्य की सत्ता भोग रही है। उपवास करने से स्वास्थ्य ठीक रहेगा। उन्होंने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि संसद भवन का विषय पार्टी का विषय नहीं है, यह संविधान और भारत के लोगों के गौरव का इमारत है। इस इमारत के विरोध की जो बात कर रहे उसमें स्पष्ट दिखता है कि वे भारत तोड़ने की बात कर रहे। कहा कि पूरे बिहार में अपराधी तांडव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार अपराधियों को संरक्षण देने वाली है। भाजपा अपराधियों को जेल में बंद और जमीन के अंदर ताबूत में दबाने की बात करती है।

उन्होंने कहा कि नीति आयोग की बैठक में सात से आठ मुख्यमंत्री नहीं गए, इनमे कुछ बीमार थे और कुछ अन्य कार्य में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीति कर रहे हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है। आज भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मन की बात को सुनने वालों में मुख्य रूप से भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र जी भाजपा के वरिष्ठ नेता बिहार सरकार के पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुशील चौधरी प्रदेश महामंत्री व विधान पार्षद देवेश कुमार भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभू पूर्व मंत्री जनक राम पूर्व मंत्री सीता सिन्हा पूर्व विधायक सतीश यादव भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश कुमार सिंह राजेश कुमार झा प्रदेश कार्यालय मंत्री सत्यपाल नरोत्तम पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी पंकज सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नये संसद भवन के उद्घाटन के उपलक्ष्य में रालोजपा में मना जश्न

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस देश के नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी और कहा कि यह संसद भवन देश के कानून बनाने के साथ-साथ देश के इतिहास के पन्नों में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विपक्षी का काम अच्छे बुरे कार्यों की पहचान कर सकारात्मक भूमिका निभाना है मगर विपक्ष नहीं कर रहा है, आज विपक्षी दल सस्ती लोकप्रियता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध कर रहे हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद प्रिंस राज ने भी नए संसद भवन के उद्घाटन पर प्रधानमंत्री को बधाई दी है। वहीं, नये संसद भवन के उद्घाटन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी प्रदेश कार्यालय में पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं ने जश्न मना कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर पार्टी के प्रधान महासचिव केशव सिंह, युवा के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र यादव, छात्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश यादव ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा की नई संसद भवन का उद्घाटन देश के लिए ऐतिहासिक है और इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी जन्म जन्मांतर तक लोगों के बीच याद किये जाएंगे। इस संबंध में पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ललन चंद्रवंशी ने बताया कि इस मौके पर छात्र लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश यादव, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष स्मिता शर्मा, कार्यालय प्रभारी राधाकांत पासवान, राजेन्द्र विश्वकर्मा, छात्र रालोजपा प्रधान महासचिव विशाल यादव, पुष्कर पासवान, शुभम यादव,, राजवीर पाण्डेय, पंकज पासवान, गोलू कुमार, रंजीत कुशवाहा, सूरज पासवान, देवेन्द्र कुशवाहा, कल्पना शर्मा, अंकित दुबे ,पंकज दांगी, सहित सैकड़ो की संख्या में पार्टी की कार्यकताओं ने गरीबों के बीच लड्डू बांटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जय घोष किया। इस आशय की जानकारी प्रदेश प्रवक्ता ललन चंद्रवंशी ने दी।

बहुजन राजनीति यथार्थ और भविष्य पुस्तक का लोकार्पण

- एकजुटता से ही बहुजन का विकास संभव : पूर्वे

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार लेनिन जगदेव बाबू का नब्बे प्रतिशत ही बहुजन है, जिसे लंबे समय से दबाया गया है लेकिन अतीत से वर्तमान बेहतर हुआ है। बहुजन समाज सीढ़ीनुमा जाति व्यवस्था में आज भी बंटा हुआ है, जिसके कारण बहुजन एकता नहीं बन पा रही है। इस जाति प्रथा को कायम करने तथा आपस में ऊंच-नीच की भावना पैदा करने में मनुस्मृति का अहम योगदान रहा है। उपर्युक्त बातें मुख्य वक्ता के रूप में बिहार विधान परिषद के उप सभापति डॉ. रामचन्द्र पूर्वे ने कही। उन्होंने आगे कहा कि कोई भी संपन्न बहुजन अपने से नीचे या कमजोर बहुजन को उसका हक देने की बजाय खुद ही लेना चाहता है जो कि बहुजन राजनीति की सबसे बड़ी समस्या है। आज जो अमीर है वही जनप्रतिनिधि बन रहा है, जो कि किसी भी लोकतंत्र के लिए घातक है। डॉ. रामचन्द्र पूर्वे ने जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान, पटना में आयोजित संगोष्ठी-सह-लोकार्पण कार्यक्रम में बहुजन राजनीतिः कल, आज और कल विषय पर बोलते हुए उपर्युक्त बातें कहीं। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी मंचासीन अतिथियों को पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात संस्थान के निदेशक डॉ. नरेन्द्र पाठक ने कार्यक्रम में आए हुए सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। लोकार्पित पुस्तक के लेखक डॉ. दिलीप कुमार ने सभी आगंतुकों का अभिवादन करते हुए अपनी रचना के बारे में संक्षेप में बताया। तत्पश्चात मंचासीन वक्ताओं द्वारा पुस्तक का लोकार्पण किया गया। जगत नारायण कॉलेज की प्राचार्य मधुप्रभा सिंह ने कहा कि हम बहुजन समाज के लोग जब बड़े पद पर पहुंच जाते हैं तो अपनी ही जाति और समाज को हीन दृष्टि से देखने लगते हैं, जो कि दुखद है। शशिप्रभा ने कहा कि बहुजन पिछड़े हुए हैं, क्योंकि आपस में बिखरे हुए हैं। डॉ. हबीबुल्लाह अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि पहले बहुजनों की स्थिति बहुत खराब थी लेकिन पिछले तीन दशकों में जो उत्थान हुआ है उससे कम संख्या वाले के पेट में मरोड़ होने लगा है। डॉ. विनोद कुमार पाल ने कहा कि हमारे बहुजन समाज के पिछड़े भी अपने अति पिछड़ा तथा दलित भाईयों को उनका हक देने में असमर्थ रहे हैं जो कि चिंता का विषय है। संगठनकर्ता विजय कुमार चौधरी ने बताया कि बहुजन की अवधारण सर्वप्रथम गौतम बुद्ध ने दिया है। डॉ. आर के वर्मा ने कहा कि जाति व्यवस्था को एक झटके में तोड़ा नहीं जा सकता है बल्कि विचार में बदलाव किया जा सकता है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पंकज कुमार ने किया, जो पुस्तक के सह-लेखक है। कार्यक्रम का संयोजक साहित्य संसद प्रकाश के निदेशक आर. श्याम ने कहा कि बिहार की रचनात्मकता हमेशा हमारी चिंता की केंद्र में रही है। हम आगे भी बिहार के बहुजन लेखकों को प्रमुखता से रेखांकित करने का काम करेंगे। मंच का संचालन अरुण नारायण द्वारा किया गया। उपर्युक्त वक्ताओं के अलावा डॉ. बी. एन. विश्वकर्मा, डॉ. दीपक कुमार, के पी यादव, वीरेन्द्र यादव, डॉ. दिनेश पाल, डॉ. मुसाफिर बैठा, अरविंद पासवान, उदय प्रताप, संजय कुमार, डॉ. शीलू कुमारी, सुनीता कुमारी, मीरा यादव, बालेश्वर राय आदि उपस्थित रहे।

पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह के निदेश पर उप विकास आयुक्त तनय सुलतानिया ने रविवार को पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। उन्होंने इस अवसर पर बैलून उड़ाकर लोगों को दो बूंद जिंदगी का संदेश देते हुए पोलियो से मुक्ति के लिए 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की अपील की। विदित हो कि पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान दिनांक 28 मई, 2023 से 01 जून, 2023 तक चलेगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन एवं अन्य अधिकारियों द्वारा उपस्थित बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। डीडीसी श्री सुल्तानिया ने अपील की कि जिले में एक भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहे। इस अभियान में 0-5 वर्ष तक के लगभग 8,75,071 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। घरों की अनुमानित संख्या 13,74,334 है। इस अभियान में 3,893 टीम संलग्न है जिसमें 3,028 हाउस-टू-हाउस टीम, 695 ट्रांजिट टीम, 103 मोबाइल टीम एवं 67 एकल व्यक्ति टीम शामिल है। कुल मानव शक्ति की संख्या 7,429 है जिसमें 6,056 वैक्सीनेटर, 1,191 सुपरवाइजर एवं 182 टीका/ कोल्ड चेन हैंडलर हैं। डीपो/उप डीपो की कुल संख्या 184 है। डीडीसी ने कहा कि पल्स पोलियो कार्यक्रम में कोई भी क्षेत्र एवं नवजात छूटे नहीं एवं कार्यक्रम के प्रथम दिन से एक्स से पी कन्वर्जन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने पल्स पोलियो पोलियो टीकाकरण अभियान की शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. श्रवण कुमार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी एस पी विनायक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस श्रीमती आभा प्रसाद, डबल्यूएचओ एवं यूनिसेफ के प्रतिनिधि तथा अन्य भी मौजूद थे।

महिला खिलाड़ियों के ऊपर लाठीचार्ज अलोकतांत्रिक:एजाज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने रविवार को दिल्ली पुलिस के द्वारा महिला पहलवान खिलाड़ियों पर किये गये लाठीचार्ज और उन्हे हिरासत में लिए जाने और धारा 144 लगाकर जंतर-मंतर को पूरी तरह से सील कर दिए जाने की घटना की घोर शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि जहां एक तरस महिला खिलाड़ी अपने न्याय की मांग कर रही हैं ,वहीं दूसरी ओर इन महिला खिलाड़ियों पर इस तरह के अत्याचार और जुल्म केंद्र सरकार के अधीन आने वाली दिल्ली पुलिस के द्वारा किया जाना, ये स्पष्ट रूप से प्रमाणित होता है कि महिला और महिलाओं के प्रति भाजपा की क्या सोच है। एजाज ने आगे कहा कि इससे बड़ी दुर्भाग्य की बात क्या हो सकती है कि जहां महिला खिलाड़ी इंसाफ के लिए सड़कों पर गुहार लगा रही थी तो उन्हें दिल्ली पुलिस के द्वारा पीटा जा रहा था,वहीं दूसरी ओर इस मामले में आरोपी बृजभूषण शरण सिंह नये संसद भवन में था। एजाज ने कहा कि मोदी सरकार बेटी के सम्मान की बात करती है लेकिन आज जिस तरह से नए संसद भवन के उद्घाटन के समय महिला पहलवान खिलाड़ियों को पुलिस के के द्वारा पीटा गया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया क्या अमृतकाल में इसी तरह से बेटियों के सम्मान और उनके आबरू की रक्षा की जाएगी, यह बड़ा सवाल है । जिस पर केंद्र सरकार की चुप्पी कहीं ना कहीं ये स्पष्ट करता है कि देश के महिलाओ और महिला खिलाड़ियों के प्रति कोई सम्मान का भाव केन्द्र सरकार के स्तर से नहीं दिख रहा है । और एक सांसद को बचाने के लिए सरकार जिस तरह से आलोकतांत्रिक कार्य कर रही है,वह किसी भी तरह से उचित नही है।

संसद की आकृति पर राजद के ट्वीट से मचा बचाल, भाजपा ने जताया एतराज

नये संसद भवन के उद्घाटन को लेकर छिड़ा सियासी संग्राम, बयानबाजी जोरों पर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। नये संसद भवन के उद्घाटन को लेकर जारी सियासी घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा। इस मुद्दे को लेकर राजनीति व बयानबाजी जोरों पर है। इसी कड़ी में रविवार को राजद की ओर से किये गए एक ट्वीट पर सियासी संग्राम छिड़ा है। दरअसल राजद ने ट्वीट के जरिये एक ताबूत की तस्वीर को साझा किया है। पार्टी की ओर से जारी किये गए इस ट्वीट में ताबूत की तस्वीर के साथ नये संसद भवन की तुलना करते हुए लिखा है कि ये क्या है ? वहीं राजद ने नए संसद भवन के एरियल व्यू को एक ओर तस्वीर में रखा है, जबकि ट्विट की गई दूसरी तस्वीर में ताबूत है। राजद ने एक तरह से नए संसद भवन की आकृति को लेकर भी तंज कसा है कि इसकी आकृति ताबूत वाली है। राजद के ट्विट के बाद भाजपा भी हमलावर है। भाजपा ने अपने आधाकारिक ट्विटर हेंडल से एक ट्विट किया है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संसद की सीढ़ियों और सेंगोल के सामने नतमस्तक दिखाते हुए लिखा गया है कि मंदिर, लोकतंत्र का! भाजपा का यह ट्विट राजद के ट्विट के बाद आए है जो एक तरह से राजद को जवाब देने की कोशिश की गई है। भाजपा की ओर से यह भी कहा गया है कि वर्ष 2024 में देश की जनता इसी ताबूत में राजद को बंद कर देगी। बताते चलें कि संसद के उद्घाटन का पहले से ही राजद सहित देश के करीब 20 विपक्षी दल विरोध कर रहे हैं। उन्होंने इसका बहिस्कार भी कर रखा है। अब राजद ने अपने ट्विट में नए संसद भवन और ताबूत को आमने आमने पेश कर नया बवाल खड़ा कर दिया है। आरजेडी द्वारा नए संसद भवन की तुलना ताबूत से किए जाने के बाद बिहार की राजनीति में नया विवाद छिड़ गया है। आरजेडी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से नए संसद भवन के साथ ताबूत की फोटो पोस्ट करने पर बीजेपी ने कड़ी आपत्ति जताई है और कहा है कि इससे ज्यादा शर्मनाक हरकत कुछ नहीं हो सकती है। बीजेपी सांसद और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने इसको लेकर आरजेडी पर तीखा हमला बोला है। सुशील मोदी ने कहा है कि राष्ट्रीय जनता दल ने अपने ट्विटर हैंडल पर दो तस्वीरें पोस्ट की हैं। एक नए संसद भवन का चित्र है और उसकी बगल में दूसरा चित्र ताबूत का है। इससे ज्यादा शर्मनाक और घटिया हरकत कुछ और नहीं हो सकती है। नए संसद भवन का चित्र भारत के भविष्य का चित्र है और ताबूत राष्ट्रीय जनता दल का भविष्य दशार्ता है। ऐसे लोग शुभ दिन को भी कलंक का दिन बताते हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार कहते हैं कि नए भवन की आवश्यकता नहीं है, तो नीतीश कुमार को बताना चाहिए कि पटना में ब्रिटिश काल का म्यूजियम रहने के बावजूद एक हजार करोड़ रुपए का नया म्यूजियम क्यों बनवाया। पटना में बापू सभागार क्यों बनवाया गया जबकि श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल मौजूद था। इन लोगों को नरेंद्र मोदी से नफरत और द्वेष है, अगर हिम्मत है तो एलान करें की इस नए संसद भवन के अंदर कदम नहीं रखेंगे। बीजेपी के अध्यक्ष और विरोधी दल के नेता सम्राट चौधरी ने इसको लेकर आरजेडी और जेडीयू पर जोरदार हमला बोला है। सम्राट चौधरी ने कहा कि आरजेडी ने नए संसद भवन की तुलना ताबूत से कर अपनी मंशा को जाहिर कर दिया है। लोकतंत्र के मंदिर को ताबूत बताने वाली आरजेडी को 2024 और 2025 के चुनाव में देश और राज्य की जनता राजनीतिक रूप से आरजेडी को इसी ताबूत में बंद करने का काम करेगी। वहीं जेडीयू के अनशन पर तंज कसते हुए उन्हों कहा कि 18 साल से जदयू के लोग राज्य की सत्ता में हैं। अनशन करेंगे तो इनका शरीर थोड़ा सा हल्का होगा, यह भारत को तोड़ने वाले लोग हैं। पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि राजद और विपक्षी दलों के तरफ से जिस तरह की राजनीति जी जा रही है इसके बाद देश के लोग कभी भी उन्हें माफ नहीं करेंगे। भाजपा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. संजय जायसवाल ने कहा कि जिस तरह का ट्विट राजद ने किया है, वह बताता है कि भारतीय संसद पर विश्वास नहीं करते हैं। भाजपा नेता ने कहा कि लालू जी के दोनो बेटे यह मानते है कि उनके पिता और मां मुख्यमंत्री रहे हैं। इसलिए वह यह मानते हैं कि किसी और को मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री बनने का कोई हक नहीं है। उनका ट्विट पार्टी की मानसिकता के नीचले स्तर को दिखाता है। पार्टी की ओर से जारी इस ट्वीट पर राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा है कि लोकतंत्र के पुजारी सब लोग हैं, लेकिन इतिहास बदलने का जो प्रयास किया जा रहा है उसका सांकेतित प्रतिबिंब हमारी पार्टी ने दिखाया है। लोकतंत्र के मंदिर को भाजपा ने अपना मंदिर और भवन समझ लिया है। यह समारोह और भव्य होता अगर 19 विपक्षी दल भी इसमें शामिल होते। संसद भवन की ताबूत से तुलना पर उन्होंने कहा कि इतिहास को दफन किया जा रहा है। उसका सांकेतिक रूप तस्वीर के जरिये दिखाया गया है। लोकतंत्र के मंदिर का भगवाकरण हो रहा है और यह लोकतंत्र का अपमान है। लोकतंत्र में विपक्ष की अहमियत को नकारा नहीं जा सकता है।

संसद भवन पर सवाल उठाना समझ से परे : ऋतुराज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना । भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने लोकतंत्र के मंदिर को ताबूत दिखाने वाले पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि ऐसी सोच रखने वाली पार्टी के मानसिकता का पतन है जिसका परिणाम इन्हे 2024 और 2025 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता दिखाएगी। उन्होंने स्पष्ट पूछा कि जिस पार्टी ने इस लोकतंत्र को ताबूत बोला है, क्या आने वाले मानसून सत्र में वह शामिल नहीं होगी ?क्या उनके सांसद मानसून सत्र में उपस्थित नहीं रहेंगे? क्या राम मंदिर जब बनेगा तो क्या उनके लोग मंदिर में नही जायेंगे?

श्री सिन्हा ने कहा कि को पार्टी पटना में रहकर लोकतंत्र के इस मंदिर का विरोध कर रही थी , उसी पार्टी के राज्यसभा सांसद और फिर उपसभापति बने हरिवंश जी ने तो इसे ऐतिहासिक भवन कहते हुए इसे आजाद भारत का पहला प्रतीक चिन्ह बताया। श्री हरिवंश ने नए संसद भवन को ईट पत्थरो का एक ढांचा नही बल्कि भारत की आजादी में लड़े उन तमाम योधायो का स्मृति बताया। जब वरिष्ठ पत्रकार और विद्वान श्री हरिवंश जी को यह बात समझ में आ रही है तो बाकी विरोध करने वाले कौन लोग है? ये वही लोग है जो अक्सर उल्टी गंगा बहाते है।

NAME CHANGE

1. Rakesh Kumar Singh S/o Late Ram Paras Singh at 137A, Khazanchi Road, Paras publication near Raj Kumar Complex Post bankipore, PS-pirbahore Distt-Patna (Bihar) 800004. My daughter's (Twinkle Kumari & Sonam Kumari) and son (Rahul Kumar) education certificate my name is mentioned Rakesh Kumar Singh which is nick name. Rakesh Kumar Singh and Rakesh Kumar are the names of same person i.e. myself

Affidavit No.-16346 Date 15.12.22

संक्षिप्त खबरें

जोगिया में बीड़ी सिगरेट से लगी आग, करीब एक बीघा में लगा बांसवाड़ी नष्ट

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के जोगिया वार्ड 6 स्थित बांसवाड़ी में रविवार को बीड़ी सिगरेट से अचानक आग लग गई। इस अगलगी की घटना को फिलहाल कोई देख नहीं पाया। वहीं धीरे-धीरे आग विकराल रूप धारण कर लिया। उसके बाद किसी ग्रामीण को इस पर नजर पड़ी। वहीं इसकी जानकारी स्थानीय अग्निशामक टीम को दी गई। घटना की जानकारी पर पहुंची अग्निशामक टीम और मौजूद ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। इस अगलगी की घटना में स्थानीय मुखिया राजकुमार शर्मा, राम बहादुर महतो, सीताराम महतो, कृष्ण कुमार महतो, चंद्रदेव महतो, रामकिशुन शर्मा, महेंद्र महतो, रामदेव महतो, रामजपो महतो समेत अन्य लोगों का करीब एक बीघा में लगा बांसवाड़ी का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है।

सड़क दुर्घटना में दो लोग जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बरहेता चौक के समीप पिकअप और बाइक की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी लोगों को इलाज के लिए पीएससी में भर्ती कराया गया। जहां जख्मी लोगों को प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दोनों को सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। जख्मी की पहचान वासुदेवपुर गांव निवासी अरुण दास के पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है। वहीं दूसरा जख्मी की पहचान चकमेहसी थाना क्षेत्र के परना डरोरी गांव निवासी विजय कुमार दास के पुत्र गौरी शंकर कुमार के रूप में हुई है। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच उपरांत आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारम्भ

कल्याणपुर, समस्तीपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में रविवार को पांच दिवसीय पल्स पोलियो कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें नवजात बच्चों को पोलियो की दो खुराक पिलाकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। मौके पर नोडल पदाधिकारी रविंद्र कुमार सिंह, मोहम्मद एजाज, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक केसरी कुमार, जय शंकर कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति की प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

शिवाजीनगर, समस्तीपुर। शिवाजीनगर बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति की प्रखंड स्तरीय बैठक रविवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवाजीनगर के प्रांगण में हुई। जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक आनंद पंडित ने किया। इस दौरान 31 मई को पटना के बापू सभागार में आयोजित प्रजापति महासम्मेलन की तैयारी की समीक्षा की गई। इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में शिवाजीनगर प्रखंड से भागीदारी हो लोगों से अपील की गई। इस समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने के मुद्दे पर पटना में चर्चा होगी। इस बैठक में शिक्षक रामनाथ पंडित, लक्ष्मी पंडित, ललित पंडित, रामविलास पंडित शिवजी पंडित, पांचो पंडित, मंटू पंडित इत्यादि गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

एक शराबी गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक हिरासत में

शिवाजीनगर, समस्तीपुर। हथौड़ी थाना क्षेत्र के रहटौली से पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे मोहम्मद कलीम के पुत्र मोहम्मद इस्लाम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अपर थाना अध्यक्ष रमेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 37-सी के अभियुक्त मोहम्मद इस्लाम को रहटौली निवासी को रहटौली से गिरफ्तार किया गया है। मौके पर प्रशिक्षु एसआई राहुल कुमार, एसआई राजेंद्र सिंह, सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

मुखिया संघ ने जताया हर्ष

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के सोमनाहा पंचायत के मुखिया के पद पर पूर्व मुखिया राजू कुमार की पत्नी राधा देवी को निर्वाचित होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष अर्चना कुमारी सहित अन्य मुखिया ने बधाई दिया है। वहीं बधाई देने वालों ने अनीता देवी, सामंत कुमार, मुखिया प्रतिनिधि आशीष पटेल, गंगा देवी, किरण देवी, राजेश कुमार, मीना कुमारी एवं कविता देवी सहित सभी मुखियाओं ने हर्ष व्यक्त किया

संतुलन खोकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ पिकअप मालवाहक वाहन, आधा दर्जन लोग जख्मी

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना अंतर्गत दलसिंहसराय सिंघियाघाट एस एच 88 कल्याणपुर बैंती पार इंडियन पेट्रोल पंप के सामने संतुलन खोकर सब्जी लदी पिकअप मालवाहक गाड़ी सड़क पर ही पलट गई। इस घटना में पिकअप पर सवार आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों व विभूतिपुर थाना की मदद से सभी जख्मी को इलाज के लिए आनन-फानन में निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जख्मी की पहचान बहेरी थाना क्षेत्र के दसौठ निवासी छोटे दास के पुत्र आशीष कुमार, बिरौल थाना क्षेत्र के भौराम मनौर निवासी सीताराम माझी के पुत्र प्रवीण माझी, कमलपुर निवासी संजय साफी के पुत्र सत्यम कुमार एवं तीन अन्य भी उसी आसपास के बताया गया। सभी का इलाज जारी है। सभी खतरे से बाहर बताया जाता है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दलसिंहसराय सब्जी मंडी से सब्जी सब्जी लेकर बिरौल दरभंगा जा रहे थे। तभी कल्याणपुर बैंती पार पेट्रोल पंप के निकट गाड़ी स्पीड में होने के कारण ड्राइवर संतुलन खो दिया एवं गाड़ी सड़क पर ही पलट गई। वहीं विभूतिपुर थाना मालवाहक पिकअप को जब्त कर थाना ले गई।

मोबाइल चोरी के आरोप में भांजी की धारदार हथियार से काटकर की हत्या

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नकुनी पंचायत के आतापुर गांव में मोबाइल चोरी के आरोप में मामा ने अपनी ही भांजी की हत्या धारदार हथियार से काटकर कर दी। मृतका की पहचान पंकज कुमार की पत्नी मनीषा कुमारी (26 वर्ष) के रूप में की गई है। बताया गया है कि मनीषा बचपन से ही अपने ननिहाल आतापुर में रहती थी। उसकी शादी नाना-नानी ने ही कराया था। वह पति के साथ नानी के यहां ही रह रही थी। उधर घटना की सूचना पर हसनपुर पुलिस ने महिला का शव जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। उधर घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मामा फरार हो गया है। घटना के संबंध में बताया गया है कि आतापुर गांव के मिथुन साह का तीन मोबाइल गुम हो गया था। उस गुम मोबाइल को लेकर उसे शक था कि उसकी सगी भांजी मनीषा ने ही उसके मोबाइल को गायब कर दिया है। इसी बात को लेकर शनिवार रात दोनों के बीच पहले कहासुनी हुई और बात आगे बढ़ गई। इसी दौरान मिथुन ने अपनी भांजी को पास के मक्के के खेत में घसीटकर ले गया और वहां उसके सिर पर तलवारनुमा धारदार हथियार से वार कर जख्मी कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। हो-हल्ला होने पर जुटे आसपास के लोगों ने उसे तत्काल हसनपुर पीएससी लाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर घटना को अंजाम देने के बाद मिथुन वहां से फरार हो गया। मामले को लेकर हसनपुर थानाध्यक्ष निशा भारती ने बताया कि मोबाइल चोरी के बाद शक के आधार पर मिथुन की मनीषा के साथ कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद मिथुन ने तेज धारदार हथियार से वार कर मनीषा की हत्या कर दी। इस मामले में एक प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मिथुन साह गांव से फरार हो गया है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान

सरायरंजन, प्रात: किरण संवाददाता

सरायरंजन प्रखंड के सरायरंजन दक्षिणी भाजपा मंडल कार्यसमिति की एक बैठक केशव नगर में आयोजित हुई। बैठक में भाजपा के केंद्र सरकार में 9 वर्ष पूर्ण करने को लेकर आगामी 30 मई से 30 जून तक जनसंपर्क अभियान चलाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आमजन को अवगत कराने का निर्णय लिया गया। केंद्र सरकार की जिन योजनाओं के बारे में आम जनों को अवगत कराया जाएगा, उनमें हर घर नल जल योजना, मुफ्त राशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, ग्राम ज्योति योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, जनधन खाता योजना आदि शामिल हैं। के इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत निगुर्णी ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में राज्य की महा गठबंधन सरकार बिहार की जनता के साथ साझा करती है, जो किसी भी तरीके से सही नहीं है। राज्य की जनता सब समझ चुकी है। राज्य की जनता महागठबंधन सरकार को जवाब देकर एक बार फिर मोदी सरकार को सेवा करने का मौका देगी। बैठक की अध्यक्षता बबलू झा ने की। मौके पर जयकृष्ण झा, शशिधर झा, मणिकांत झा, सुदर्शन साह, वीणा साह, दीपक कुमार समेत कार्यसमिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

वेंकट रमन शर्मा मेरिट अवार्ड आरवी एजुकेशन सोसाइटी का सम्मान समारोह आयोजित

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पतैलिया के सभागार में वेंकट रमण शर्मा मेरिट अवार्ड आरवी एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा वर्ष 2023 में मैट्रिक परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम आगत अतिथियों को फूल, माला, चादर, पाग आदि भेंट कर सम्मानित किया गया। तदुपरांत विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता तथा सेवानिवृत शिक्षक शिवचन्द्र प्रसाद सिंह के संचालन में एक सभा हुई। जिसे भारत सरकार के पूर्व ऊर्जा सचिव राम विनय शाही, सेंट जेवियर्स कॉलेज राजस्थान की प्राचार्य डॉ शीला राय, प्रखण्ड प्रमुख रूपांजलि कुमारी, बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्य कार्यकारिणी समिति सदस्य अरविन्द कुमार दास, मुंगेर प्रमण्डल के संयुक्त सचिव डॉ मुकेश कुमार, विभूतिपुर प्रखण्ड अध्यक्ष प्रियरंजन ठाकुर, केंब्रिज स्कूल ग्रेटर नोएडा की सेवानिवृत प्राचार्य रेखा भूषण, सेवानिवृत प्राध्यापक मंजुला कुमारी, पंचायत के मुखिया राज कुमार, संगीत शिक्षक लक्ष्मी नारायण सिंह, जितेन्द्र प्रसाद शर्मा, विद्यालय के शिक्षक राजीव भारती, सीमा कुमारी, अरविन्द कुमार राम, संजय कुमार, शिक्षा प्रेमी कैलाश विहारी सिंह, वार्ड सदस्य दिनकर सिंह और बच्ची देवी ने इस कार्यक्रम को संबोधित किया। अपने सम्बोधन में वक्ताओं ने छात्र- छात्राओं को कठिन परिश्रम करके जीवन में आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। मानव जीवन में शिक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाई हासिल करने का सलाह दिया। समारोह के आयोजक राम विनय शाही ने उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र अमन कुमार चौरसिया तथा छात्रा निक्की कुमारी को बीस-बीस हजार रुपए तथा सभी विषयों में अधिकतम अंक लाने वाले छात्र साकेत कुमार, अमन शर्मा, सुधांशु कुमार, अमन सिंह और अभिषेक कुमार को दस-दस हजार रुपए प्रति छात्र नगद पुरस्कार प्रदान किया। डॉ शीला राय ने विद्यालय को अपने स्तर से हारमोनियम, ढोलक, ड्रम आदि देने की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विमल कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

भरहा पश्चिम पंचायत में लोगों ने सुनी मन की बात

प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के रोसड़ा अनुमंडल क्षेत्र के रोसड़ा भिरहा पश्चिम में रविवार को मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर सावरकर के द्वारा किये गए अभूतपूर्व कार्यो को भी उनकी जयंती के अवसर पर देशवासियों के बीच रखा। आगामी 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस को व्यापक स्तर पर करने हेतु देशवाशियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष वैभव रंजन, जिला कार्यसमिति सदस्य संतोष राय, संजीव राय, गौतम दास, सुरज दास, विनय राय, फुच्चो महतो, राममोहन राय थे।

शिवाजीनगर में शुरू हुआ पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान

प्रात: किरण संवाददाता

शिवाजीनगर, समस्तीपुर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिवाजीनगर पर रविवार से पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत हुई। यह अभियान 28 मई से लेकर एक जून तक चलेगा इस दौरान प्रखंड भर के शून्य से पांच वर्ष के 40 हजार बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यक्रम की शुरूआत चिकित्सा पदाधिकारी गणेश परियार व हेल्थ मैनेजर राकेश रंजन एवं बीसीएम रंजना कुमारी ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया। शुरूआत बीसीएम रंजना कुमारी ने बताया कि प्रखंड भर में इस कार्य के लिए करीब 250 कर्मियों को लगाया गया है। सभी कर्मचारी डोर-टू-डोर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप की दो बूंद दवा पिलाएंगे। इस कार्य में लगे टीम को सख्त निर्देश जारी किया गया है कि यह प्रयास हो कि एक भी घर छूटे नहीं। बस स्टैंड, चौक चौराहा, बाजार, ईंट भट्ठा पर भी विशेष नजर रखा जायेगा। स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी के लिए 32 सुपरवाइजर को लगाया गया है जो डेट-टू-डेट टीकाकरण का रिपोर्ट लेगें

नवनिर्वाचित चेयरमैन चौधरी रवि कुमार का शपथ ग्रहण समारोह

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा/धामपुर ।राष्ट्रीय लोक दल और आजाद समाज पार्टी के टिकिट पर धामपुर के नगर पालिका परिषद के चुनाव में 6033 वोटो की एकतरफा बड़ी ऐतिहासिक जीत करने वाले नवनिर्वाचित लोकप्रिय चैयरमेन चौधरी रवि कुमार का शपथ ग्रहण समारोह भी उत्साह के साथ ऐतिहासिक हुआ ।शपथ समारोह में धामपुर की आम और खास जनता ने हजारो की तादाद में भागेदारी की ।शपथ ग्रहण समारोह धामपुर के विनायक बैंक्विट हॉल में संपन्न हुआ। जिसमें उपजिलाधिकारी धामपुर मनोज कुमार सिंह ने नवनिर्वाचित चेयरमैन चौधरी रवि कुमार और सभी नवनिर्वाचित 25 सभासदों को पद एवं गोपनीयता तथा संविधान के अनुरूप कार्य करने की शपथ दिलाई ।चौधरी रवि कुमार के शपथ समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में भीम आर्मी चीफ एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद(रावण)और जिला मेरठ की सरधना विधानसभा सीट से सपा विधायक अतुल प्रधान भी विशेष रूप से उपस्थित हुए। बाहर से आए दोनों नेताओं ने नवनिर्वाचित चेयरमैन चौधरी रविकुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि चौधरी रवि कुमार एक संघर्षशील, कर्मठ और मेहनती नौजवान है ये सभी के लिये ईमानदारी से कार्य करने वाले इंसान है ।सभी लोग आपसी मतभेद भुलाकर धामपुर क्षेत्र के विकास के लिए इनका सहयोग करें। आने वाले मुख्य अतिथियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित भी किया गया ।चौधरी रवि कुमार ने शपथ समारोह में आई जनता को संबोधित करते हुए कहा सबसे पहले तो मैं धामपुर की जनता का तहे दिल से शुक्रिया करता हूं कि उन्होंने मुझे धामपुर नगर पालिका परिषद की कुर्सी पर बैठाया। उन्होंने मुझे जो अटूट प्यार के साथ विश्वास जताया है मै इस विश्वास को टूटने नहीं दूंगा और धामपुर का बिना भेदभाव के चौमुखी विकास करूंगा धामपुर की जनता के लिए मेरे दरवाजे 24 घंटे खुले हैं मैं इनके हर दुख सुख में साथ खड़ा रहूंगा। मैं जीवन भर धामपुर की जनता का ये अहसान नहीं भूलूंगा।

आपको बताते चलें की शपथ समारोह में आई भीड़ अपने महबूब रहनुमा चौधरी रवि कुमार को देखने और सुनने के लिए उतावली थी शपथ समारोह में विशेष रूप से महिलाओं की बड़ी तादाद में भागीदारी रही इनके बैठने और जलपान की व्यवस्था भी अलग से की गई थी ।शपथ समारोह में मुख्य रूप से धामपुर के शहर इमाम मुफ्ती कमर साहब राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष सोनू चौधरी भूतपूर्व विधायक चौधरी सुखबीर सिंह, धामपुर के भूतपूर्व चेयरमैन नरेंद्र अग्रवाल, धामपुर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कमाल अहमद, धामपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी शुभ सुचित, अग्निशमन अधिकारी रामानंद शर्मा एलआईयू इंस्पेक्टर हरिराम शर्मा, इंस्पेक्टर विनेश कुमार, ओमजीत सिंह पंवार, फरीद अहमद पूर्व सभासद, नोशाद अली, रईस अंसारी, जिला पंचायत सदस्य ठाकुर विवके सेन आदि सहित सभी धर्मों के हजारो की संख्या में लोगो ने शिरकत की।

आश्रम का 27वां वार्षिक आमसभा व दसवां कार्यकारिणी समिति चुनाव संपन्न

शिवाजीनगर, प्रात: किरण संवाददाता

शिवाजीनगर प्रखंड के सहरू बहेरी स्थित गुरुकुल फणीश्वर नाथ रेणु आश्रम के प्रांगण में रविवार को 27वां वार्षिक आमसभा एवं 10वां कार्यकारिणी समिति चुनाव संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख डॉक्टर गोविंद कुमार एवं डीसीएलआर ललित कुमार सिंह, योगाचार्य डॉक्टर रामाकांत सिंह, सहित अन्य को चादर माला से सम्मानित किया गया। उक्त सभी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर गुरुकुल के छात्र-छात्राओं के द्वारा उपस्थित अतिथियों के सम्मान में गीत प्रस्तुत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख डॉ गोविंद कुमार ने कहा गुरुकुल परंपरा को 27 वर्षों से कार्य रूप में रखे हुए हैं यह अपने आप में एक बहुत बड़ी काम है अब शिक्षा की व्यवसायीकरण हो गई है गुरुकुल शिक्षा विशुद्ध मानव की निर्माण स्थली है। डीसीएलआर ललित कुमार सिंह ने कहा इस गुरुकुल को बढ़ाने के लिए जरूरत है गांव गांव में लोगों को जागरूक करने की गुरुकुल परंपरा के अनुसार यदि आज भी छात्र-छात्राएं पढ़े लिखे तो सनातन काल जैसा शिक्षा मिलेगा और छात्र-छात्राएं राम कृष्ण जैसे शिष्य बनेंगे। यदि गुरुकुल क्षेत्र के आसपास के गांवों के मेधावी छात्रों के द्वारा समय दान देकर गुरुकुल में शिक्षा दीक्षा दिया जाए तो यहां के बच्चे भी विभिन्न प्रतियोगिताओं परीक्षा में सफल होंगे। 10वें कार्यसमिति के चुनाव में रामचरित्र मंडल अध्यक्ष, सियाराम यादव उपाध्यक्ष, शिवजी मंडल महासचिव, मदन प्रसाद सिंह सचिव, राम शोभित सिंह कोषाध्यक्ष, विभा देवी, अनीता देवी, मनोरमा देवी, सुरेश कुमार सिंह कार्यकारिणी सदस्य, पवन कुमार सिंह, जीबछ भगत, विष्णुदेव मंडल शिक्षा सदस्य, ललित कुमार सिंह व डॉक्टर गोविंद कुमार कार्यकारिणी सदस्य चयनित हुए। मौके पर राम शंकर सिंह, डॉ विनोद कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, विद्यासागर सिंह राधा रमन राणा, अमरीश आलोक, धर्मराज सिंह राकेश कुमार सिंह, सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

आशुतोष ने यूपीएससी में मारी बाजी, किया गया सम्मानित

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के उजियारपुर प्रखंड के बेलामेघ गांव निवासी पूर्व सरपंच डॉ० बालेश्वर सिंह के पौत्र व अरविंद कुमार सिंह के पुत्र आशुतोष सन्नी ने यूपीएससी की परीक्षा में 489 रैंक प्राप्त कर जिले और प्रखंड का मान बढ़ाया है। आशुतोष बचपन से ही मेधावी रहे हैं। वर्तमान में वह दरभंगा जिले के किरतपुर प्रखंड में सीओ के पद पर कार्यरत हैं। आशुतोष सन्नी ने बताया कि हमें जो जिम्मेदारी मिली उसे निभाते हुए यूपीएससी की तैयारी की। आइएएस बनने का सपना आज ईमानदारी से नियमित पढ़ाई करने के बाद पूरा हुआ। उन्होंने बताया कि उनके दादा पूर्व सरपंच थे, जिनसे उन्हें लोगों की सेवा करने की प्रेरणा मिली। उन्होंने इसका श्रेय अपने दादा, माता-पिता और गुरु को दी है। पैक्स अध्यक्ष अरविंद सिंह के पुत्र आशुतोष सन्नी के साथ साथ उनके माता-पिता को समस्तीपुर क्षत्रिय करणी सेना परिवार के जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चंदेल एवं ठाकुर संग्राम सिंह के द्वारा मिथिला परंपरा के अनुसार पाग, चादर, माला से सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चंदेल ने कहा कि अगली पीढ़ी के लिए यह एक प्रेरणा है। जो भी बच्चे ईमानदारी से पढ़ाई करेंगे, सफलता उनकी कदम चूमेगी हर माता-पिता अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा और संस्कार दें।

तक्षशिला कैम्पस में हुआ सफल विद्यार्थियों का सम्मान समारोह

प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। रविवार को नागा रोड स्थित तक्षशिला कोचिंग संस्थान में नारायणा कम्पीटीटिव क्लासेज के प्रांगण में रक्सौल नगरपरिषद के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. मनीष कुमार, बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव सह नगर प्रतिनिधि रक्सौल सदस्य बिहार विधान परिषद क्षेत्र संख्या 12 के प्रोफेसर अखिलेश दयाल, वार्ड संख्या 05 के नगर पार्षद जितेन्द्र दत्ता, वार्ड संख्या 04 के नगर पार्षद पुत्र नीप्पू गुप्ता, नगर पार्षद रवि कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान नगर कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. मनीष कुमार ने कहा कि एक संस्था एक परिवार की तरह होता है, जहां बच्चों के बेहतरीन भविष्य के लिए संस्थान की हमेशा सोच सकारात्मक होता है। शिक्षा से बेहतर हथियार इस दुनिया में कुछ नही है।

प्रो. अखिलेश दयाल ने कहा कि आज रक्सौल क्षेत्र में जिस प्रकार तक्षशिला टीम के द्वारा सैनिक और एसएससी का रिजल्ट आया है, यह मील का पत्थर साबित हुआ है, क्योंकि यहां के अभिभावकों का मानना था कि रक्सौल क्षेत्र में कम्पिटीशन का माहौल नहीं है, लेकिन नारायणा कम्पीटीटिव क्लासेज ने असंभव कार्य को संभव करके दिखाया है। नारायणा कम्पीटीटिव क्लासेज के संचालक आशीष कर्ण ने बताया कि रक्सौल क्षेत्र में अभिभावकों के पास अर्थ की कमी है, लेकिन विद्यार्थियों में हौसले की कमी नहीं है, जिन बच्चों के हौसले टूटने लगते हैं तो उन सपनों का सकार करने का कार्य नारायणा कम्पीटीटिव क्लासेज करता है। नगर पार्षद जितेन्द्र दत्ता ने कहा कि रक्सौल शिक्षा के क्षेत्र में बहुत पिछड़ा हुआ है, लेकिन तक्षशिला टीम के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति की शुरूआत है। तक्षशिला क्लासेज के संचालक चंदन शर्मा ने कहा कि आने वाले वक्त में रक्सौल शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचेगा जो रक्सौल की परिभाषा है कि रक्सौल अर्थोपार्जन का केन्द्र है वो शिक्षापार्जन का केन्द्र बिन्दु तक्षशिला बनेगा। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में श्वेता जा, अंजली कुमारी, अरविंद कुमार, राज कुमार, प्रिंस कुमार, नवराज कुमार, निखिल कुमार, कबीर आलम, संदेश कुमार, दीपेंद्र कुमार, सुरज कुमार, रवि कुमार ने आर्मी परीक्षा में बाजी मारी है। उक्त कार्यक्रम में साजन प्रजापति, चैतन्य सर, मुकेश कुमार, विकास पुरी सहित सैंकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

राम दरबार और राधा कृष्ण व शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय अनुष्ठान शुरू

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के सिंघियाघाट स्थित राम जानकी मंदिर में श्री रामदरबार एवं राधा-कृष्ण, गणेश, पार्वती, कार्तिक, शीतलता माता, नंद महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय अनुष्ठान शुरू हो गया है। अनुष्ठान के पहले दिन कलश यात्रा निकली गई। कलश यात्रा बूढ़ी गंडक नदी जल लेकर मंदिर तक पहुँची। इसके बाद मंडप पूजा व ध्वजारोहण पूजा किया गया। दूसरे दिन भगवान के नगर भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित है। अंत में मंदिर परिसर में अष्टयाम महायज्ञ का आयोजन किया जाना है। कलश शोभायात्रा में 108 कन्याओं ने भाग लिया। कलश में जल भरकर हर्षोल्लास के साथ गाजे बाजे ढोल नगाड़े पर नाचते गाते हुए बाजार भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर पहुँची। जहां पांच दिवसीय पूजा अर्चना प्रारंभ कर दी गई। इसके मुख्य आचार्य आशुतोष कुमार झा, देवकांत झा, शुभम कुमार झा, शशिनाथ मिश्र और अजय कुमार झा, मुख्य यजमान यशवंत कुमार महतो, रेणु कुमारी, सहयोगी यजमान संजीव कुमार सिंह, पुनीता कुमारी, रंजीत महतो, जितेंद्र लाल वर्णवाल, एवं मनोज रजक ने इस पूजा अनुष्ठान शुरू कर दिया है। मौके पर पूजा कमेटी के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव ओम प्रकाश महतो, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार, मनोज महतो, संजय साह, दिलीप शर्मा, संजीत ठाकुर, मुरारी गुप्ता, प्रवीण कुमार सहित बिट्टू सेठ, चंदन कुमार, ओम प्रकाश सहनी के साथ समस्त ग्रामीण इस कार्य में उत्साह के साथ सहयोग कर रहे थे।

सीढ़ी घाट व रिवर फ्रंट का सीएम करेंगे शिलान्यास

प्रात: किरण संवाददाता

बेगूसराय। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 30 मई को पटना से हेलीकॉप्टर में सवार होकर सीधे बेगूसराय सिमरिया गंगा घाट के पास एनटीपीसी बरौनी मे उतरेंगे। वहां से सीएम कड़ी सुरक्षा में वाहन में सवार होकर सड़क मार्ग से सिमरिया घाट पर पहुचेंगे। जहाँ पर 114ड्97 करोड़ की लागत से बनने वाली स्थाई सीढ़ी घाट व रिवर फ्रंट का रिमोट दबाकर शिलान्यास करेगें। सीएम नीतीश कुमार के साथ में जिस मंत्री के आने की संभावन है, उसमें बिहार सरकार के मंत्री संजय झा, विजय चौधरी, अशोक चौधरी व मुंगेर जिला के सांसद व जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह शामिल हैं। सीएम के स्वागत में मटिहानी विधायक राज कुमार सिंह, जेडीयू के जिलाध्यक्ष रुदल राय, पूर्व एमएलसी भूमिपाल राय के अलावे कई अन्य महागठबंधन के नेता सिमरिया गंगा घाट में कार्यक्रम में उपस्थित रहेगें। सीएम के सिमरिया गंगा घाट पर आने को लेकर डीएम रोशन कुशवाहा, एसपी योगेन्द्र कुमार, सदर एसडीएम रामानुज प्रसाद सिह, सदर एसडीपीओ अमित कुमार, बरौनी बीडीओ वीरेंद्र कुमार, सीओ सुजीत कुमार सुमन समेत कई अन्य अधिकारी अनके आगमन को लेकर तैयारी में जुटे हैं।

30 मई को पूर्व विधायक स्व प्रशांत कुमार का मनाया जायेगा प्रथम पुण्यतिथि

प्रात: किरण संवाददाता

झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु ने बताया है कि झारखंड प्रदेश के गोड्डा जिला की धरती पर बक्सरा, पोडैयाहाट ,गोड्डा में 30 मई मंगलवार को समय सुबह 10 बजे पूर्वाह्न में समर्पित समाजसेवी, उत्कृष्ट राजनीतिज्ञ, प्रसिद्ध प्रयावरण संरक्षक, प्रखर वक्ता पूर्व विधायक स्व प्रशांत कुमार का प्रथम पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय स्तर पर वैश्य समाज, पिछड़ा वर्ग एवम साथ ही उनके सर्व समाज के अग्रणी संगठनों के साथी एवम राजनीतिज्ञों का महाजुटान उनके बक्सरा, पोडैयाहार्ट गोड्डा झारखांड में होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में स्व प्रशांत कुमार (पूर्व विधायक)के इस्ट मित्र, विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ ही वर्तमान एवम पूर्व सांसद विधायक गण, अनेक गणमान्य लोगों के अलावा जातीय संगठनो के दिग्गजों का आगमन स्व प्रशांत कुमार के आवास पर होने वाली है वहा सभी अपने हाथों से पुष्प देकर श्रद्धा सुमन अर्पित करने का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम स्थल पर परिवार जनों के साथ उनकी धर्मपत्नी समाजसेवी ममता कुमारी, सदस्य, राष्ट्रीय महीला आयोग की उपस्थिति में लोगों द्वारा स्व प्रशान्त कुमार जी (पूर्व विधायक) के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आत्मा को शान्ति प्रदान किया जायेगा। एकीकृत बिहार प्रदेश में प्रशांत कुमार जी कई बार विधायक रहे, उन्होंने झारखण्ड अलग राज्य की लड़ाई में अग्रणी भूमिका के साथ अपनी अलग राजनितिज्ञ पैठ बनाई, उनकी सामाजिक पहचान राष्ट्रिय स्तर पर हो चुकी थी, इसी बीच 30 मई 2022 को स्व प्रशांत कुमार रांची में हम सबों को छोड़ कर इस दुनिया से दूर चले गए।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, सोमवार, 29 मई, 2023

संक्षिप्त खबरें

नशे की हालत में युवक गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर थाने के बसहां गांव में नशे की हालत में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार राय ने बताया कि गिरफ्तार वीरबहादुर राय को न्यायिक हिरासत में गोपालगंज भेजा गया है।

देशी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर थाने की पुलिस ने उत्तर बनकटी गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान देसी शराब के साथ अनिल नट को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार धंधेबाज के विरुद्ध सब इंस्पेक्टर राजेंद्र राम के बयान पर थाने में उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

छापेमारी अभियान में दो वारंटी गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर थाने की पुलिस ने कृतपुरा बंगरा गांव में छापेमारी कर दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार राय ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में पंकज कुमार व नीतीश कुमार शामिल है।

बाजार में ओवरलोड से बार-बार जल रही केबल

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर प्रखंड मुख्यालय के दिघवा दुबौली बाजार में ओवरलोड की वजह से एलटी तार कई बार जल चुका है। तार नहीं बदले जाने से उपभोक्ताओं की समस्या बढ़ती जा रही है। गर्मी के दिनों में अक्सर बिजली तार जलने से जहां हादसे की आशंका बढ़ती जा रही है। वहीं आपूर्ति बाधित हो जाती है।व्यवसायियों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों से तत्काल तार बदलने की गुहार लगाई है।

आपसी विवाद में मारपीट, तीन लोग घायल

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर थाने के आशा खैरा गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों में मुरता खातून, इस्लाम मिया व महम्मद मेराजुद्दीन शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बैकुंठपुर में लोगों ने सुनी पीएम की मन की बात

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर प्रखंड के मुख्यालय सहित अन्य गांवों में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुनी गई। पूर्व विधायक व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी ने बूथ स्तर पर कार्यक्रम की मॉनिटरिंग की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रामनरेश सिंह, महिला मोर्चा की अध्यक्ष पुष्पा सिंह, रवि सिंह, चंदन सोनी, हेमंत कुशवाहा सहित कई लोग मौजूद थे।

मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक का पेड़ से लटका हुआ मिला शव

गोपालगंज। जिले के भोरे थाना क्षेत्र के राधागंज के पास मानसिक रूप से विक्षिप्त एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। शव की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के हुस्सेपुर गांव निवासी शंभू प्रसाद का पुत्र विकेश कुमार रोजी रोटी के सिलसिले में रत्नागिरी में रहता था। दो दिन पूर्व ही वह रत्नागिरी से अपने घर हुसेपुर आया था। पड़ोस के ही किसी शादी समारोह में पूरी रात डीजे पर डांस किया और अगली सुबह उसका शव राधागंज के पास एक पेड़ से फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला।

गैर इरादतन हत्या मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

गोपालगंज।'जिले के भोरे थाने की पुलिस ने गैर इरादतन हत्या मामले के एक फरार आरोपी को सीवान जिले के नौतन थाने के बंका मोड़ पर स्थित उसके भाड़े के आवास से गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार आरोपी पश्चिम बंगाल के मिदनापुर जिले के पिंगला थाने के मुण्डमारी गांव का कुमार विथु उर्फ विश्वनाथ माना है।रविवार को उसे न्यायिक हिरासत में गोपालगंज भेज दिया गया।मालूम हो कि वर्ष 2017 में हुस्सेपुर टोला रवारक्शा में बताया जाता है कि करीब तीन वर्ष पूर्व पीडिया के दिन लगने वाले मेले के लिए निकाले गए जुलूस में ट्रॉली के हाईटेंशन तार में सट जाने से आर्केस्ट्रा की नर्तकी सहित सात लोगों की मौत हो गई थी।

अखिल भारतीय पान महासंघ करेगा शक्ति प्रदर्शन

गोपालगंज। अपने हक के लिए अखिल भारतीय पान महासंघ चार जून को पटना स्थित बापू सभागार में शक्ति प्रदर्शन करेगा। महासंघ के पदाधिकारी शक्ति प्रदर्शन के माध्यम से अपनी हिस्सेदारी की को लेकर आवाज उठाएंगे। प्रखंड के पकड़ी गांव में रविवार को अखिल भारतीय पान महासंघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश उपाध्यक्ष जलेश्वर पान ने कहा कि पूरे बिहार में उनकी आबादी 80 लाख से अधिक है। लेकिन अब तक उन्हें राजनीतिक हिस्सेदारी से वंचित रखा गया है। पान समाज की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हिस्सेदारी के लिए हमारी संघर्ष जारी रहेगी। हम अपनी मांग को लेकर अब चुप नहीं बैठेंगे।

लग्जरी कार से दिल्ली से बिहार आ रही शराब की खेप जब्त

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

शराबबंदी वाले बिहार में राजधानी दिल्ली से भी विदेशी शराब की खेप पहुंचने लगी है। गोपालगंज पुलिस ने इसका खुलासा करते हुए दिल्ली से मोतीहारी ले जायी जा रही शराब की खेप को बरामद कर लिया गया है। इसके साथ ही कार में सवार दिल्ली व हरियाणा के दो तस्करों के साथ तीन लोगो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस गिरफ्तार तस्करो से पूछताछ करने में जुटी हुयी है।

गिरफ्तार तस्कर यूपी के गाजियाबाद जिले के बी 10डीउलएफ अंकुर बिहार लोनी के राहुल कुमार, दिल्ली के नजबगढ के जय बिहार फेस टू के श्यामल दुआरी और पूर्वी चंपारण के मोतीहारी के ओमप्रकाश सहनी बताए गए है। इसकी जानकारी देते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक लग्जरी कार से शराब की खेप बिहार लायी जा रही है। सूचना के आधार पर कुचायकोट थाने की पुलिस ने बलथरी चेकपोस्ट के समीप यूपी से आने वाले सभी वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान एक लग्जरी कार से 233 लीटर विदेशी शराब के साथ यूपी व दिल्ली के दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद बैकवर्ड फारवर्ड लिंकेज के आधार पर पूर्वी चंपारण के मोतीहारी में छापेमारी कर एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस को गिरफ्तार तस्करो से पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारी मिली है। जिसके आधार पर आगे की कारवाई की जा रही है। वही इस मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर तीनों तस्करों को जेल भेजने की कारवाई की जा रही है।

बाबा साहेब के विचारों को गांव-गांव तक पंहुचाने की जरूरत: दिलीप

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

राजद द्वारा चलाये जा रहे अम्बेडकर परिचर्चा के तहत आज आखरी दिन जिले के तीन प्रखंडों में कार्यक्रम का आयोजन कर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन जन तक पहुचाने का संकल्प लिया गया। राजद के प्रधान महासचिव इम्तेयाज अली भुट्टो ने बताया कि रविवार को जिले के बैकुंठपुर, उचकागांव व पंचदेवरी प्रखंडों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि बैकुंठपुर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक प्रेमशंकर यादव, जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, विधायक संजय गुप्ता, मोहन प्रसाद गुप्ता आदि शामिल हुए। इसी प्रकार उचकागांव में जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार बारी, सुमन यादव, ब्रजेश यादव, बसीर अहमद, सुग्रीम यादव, धीरज कुमार संत जी, वहीं पंचदेवरी के कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सुरेश चैधरी, युवा अध्यक्ष संतोष यादव, निरंजन यादव, राजेश यादव, रामशकल कुशवाहा, प्रभु राम, संतोष कुमार यादव आदि नेता शामिल हुए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहब द्वारा राष्ट्रहित में दिए गए योगदान की विस्तृत चर्चा कर इसे समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों तक पहुँचाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब द्वारा संविधान का निर्माण किया गया किंतु उनके बनाये संविधान को लागू करने का काम लालू प्रसाद यादव व राजद ने किया, आज उनके बनाये संविधान को केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है जिसे राजद किसी भी सूरत में सफल नही होने देगा।

फाइनेंस कंपनी का कर्मी बन अवैध वसूली करते तीन गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

एक राज्य से दूसरे राज्य में सामान पहुंचाने वाले ट्रकों चालकों के साथ धन उगाही का मामला थम नहीं रहा है। कभी खुद को किसी कंपनी का कर्मचारी तो कभी एआरटीओ कर्मी बताकर चालकों को ठगा जा रहा है। रविवार को भी एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है। जहां गोपालपुर थाने के एनएच 27 पर बने चेकपोस्ट पर ट्रक चालकों से फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बन तीन लोग अवैध वसूली कर रहे थे। इसी बीच इसकी सूचना एसपी स्वर्ण प्रभात को मिली। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गोपालपुर थानाध्यक्ष को कारवाई करने का निर्देश दिया। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए अवैध वसूली कर रहे तीन लोगो को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगो में कुचायकोट थाने के बलथरी गांव के शिवम कुमार और आमोद यादव जबकि मीरगंज थाने के भगवानपुर गांव के गोविंद सिंह बताए गए है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि एनएच 27 पर कुछ लोग फाइनेंस कर्मी बनकर ट्रक चालको से अवैध वसूली कर रहे थे। सूचना मिलने पर पंहुची पुलिस ने तीन लोगो को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक ऑल्टों कार, तीन मोबाइल व नगदी बरामद किया गया है। पुलिस गिरफ्तार तीनो युवकों से पूछताछ करने में जुटी हुयी है।

हथियार व जिंदा कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के महम्मदपुर थाने की पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल फोटो के आधार पर कारवाई करते हुए हथियार के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधी बुधसी गांव का मंटु कुमार बताया गया है। इसके पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस व एक मोबाइल बरामद किया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान इसकी जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ प्रांजल ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध हथियार रखे हुए है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए छापेमारी की गयी है। पुलिस टीम को देखकर युवक ने भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस टीम ने दौडाकर पकड़ लिया। तालाशी के दौरान हथियार व कारतूस बरामद कर लिया गया। पुलिस गिरफ्तार अपराधी से पूछताछ करने में जुटी हुयी है। वही इस मामले में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर युवक को जेल भेजने की कारवाई की जा रही है।

जिस राजा की प्रजा दुखी तो समझो वह राजा भी दुखी है: प्रद्युम्न जी महराज

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के भोरे प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा ज्ञान यज्ञ में चल रही राम कथा के चैथे दिन कथा वाचक प्रद्युमन जी महाराज ने बताया जब जटायु पंचवटी में रहते थे तब एक दिन आखेट के समय महाराज दशरथ से उनकी मुलाकात हुई और तभी से वे और दशरथ मित्र बन गए। वनवास के समय जब भगवान श्रीराम पंचवटी में पर्णकुटी बनाकर रहने लगे, तब पहली बार जटायु से उनका परिचय हुआ। भगवान श्रीराम अपने पिता के मित्र जटायु का सम्मान अपने पिता के समान ही करते थे। रावण जब सीताजी का हरण कर लेकर गया तब सीताजी का विलाप सुनकर जटायु ने रावण को रोकने का प्रयास किया, लेकिन अंत में रावण ने तलवार से उनके पंख काट डाले। जटायु मरणासन्न होकर भूमि पर गिर पड़े और रावण सीताजी को लेकर लंका की ओर चला गया। सीता की खोज करते हुए राम जब रास्ते से गुजर रहे थे तो उन्हें घायल अवस्था में जटायु मिले। जटायु मरणासन्न थे। जटायु ने राम को पूरी कहानी सुनाई और यह भी बताया रावण किस दिशा में गया है। जटायु के मरने के बाद राम ने उसका वहीं अंतिम संस्कार और पिंडदान किया।

कितनी बड़ी बात है एक गिद्ध जो मांसाहारी है वो भारत का वीर है जो रावण जैसी ताकत के सामने छाती ठोक कर खड़ा हो गया। ऐसे वीरों का देश है ये भारत देश। इसके बाद भगवान राम ने मां सबरी के जुठे बेर का भोग लगाया।। प्रधुम्न जी ने कहा राजा की प्रजा दुखी है तो वो राजा भी दुखी है। राजा सोया रहेगा तो प्रजा जागेगी नहीं। विश्वनाथ विश्व कवि हैं, वाल्मीकि वसुंधरा कवि, तुलसी सियाराम कवि और दिनकर राष्ट्र कवि हैं। केवल राम पर विश्वास करो। साहित्य सखा और मित्र हैं। सत्यव्रत रखो, मौन व्रत रखो मौके पर भोरे बीडीओ डॉ संजय कुमार राय, मीडिया प्रभारी कुंज बिहारी मिश्र, प्रमुख पति दिनेश बैठा, उप प्रमुख दीपू मिश्र, बीडीसी सदस्य माडल राम, संतोष कुशवाहा, लाली सिंह, नागेंद्र गुप्ता, पप्पू मिश्र, मुखिया मोहन सिंह, राजू साह, साह आलम, मुखिया प्रतिनिधि डब्लू मिश्र, विजय तिवारी, लोकेश तिवारी, विजेंद्र गुप्ता, मनीष मिश्र, हरिकेश चैहान, सुरेश चैधरी, समाजसेवी आनंद पांडेय, चंदन यादव, अखिलेश्वर पांडेय सहित कई लोग मौजूद रहे।

फुलवरिया पुलिस ने 8 अभियुक्तों के घरों पर चिपकायी इश्तेहार

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

फुलवरिया पुलिस ने न्यायालय के दिशा निर्देश के आलोक में क्षेत्र के पांच गांवों में फरार चल रहे आठ अभियुक्तों के घरों पर इश्तेहार चिपकायी। इसकी जानकारी देते हुए थाने में पदस्थापित एसआई सुनील कुमार ने बताया कि क्षेत्र के रूपी बतरहां गांव निवासी त्रिभुवन साह, मोनिका कुमारी तथा शारदा कुमारी, चमारी पट्टी गांव निवासी सतेंद्र दीक्षित, पैकौली बद्दो गांव के निवासी अमीर हमजा, पैकौली नारायण गांव निवासी इमामुद्दीन मियां तथा मजिरवां कला गांव के निवासी पप्पू कुमार तथा संगीता देवी के घरों पर पुलिस ने इश्तेहार चिपकायी। पुलिस के द्वारा इतिहास चिपकाते समय फरार अभियुक्तों के परिजनों से कहा गया की न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया जा रहा है। साथ ही पुलिस ने परिजनों से कड़े लहजे में हिदायत देते हुए कहा कि न्यायालय के समय अनुसार यदि खुद को अभियुक्त सिलेंडर नहीं करते हैं तो न्यायालय के दिशा निर्देश पर घरों की कुर्की जब्ती की जाएगी। उधर पुलिस के इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की प्रशंसा हो रही है। क्षेत्र के लोग यह कहने पर मजबूर हो जा रहे हैं कि पुलिस कप्तान ने अब अपराध करने वाले को जेल के सलाखों में भेज रहे हैं, जो सराहनीय है।

भोरे प्रखण्ड मुख्यालय पर माले का धरना प्रदर्शन 6 जून को

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। भूमिहिनो को दस डिस्मिल जमीन देने, सरकारी जमीन पर बसे हुए गरीबो को पर्चा देने, राशन कार्ड के लाभूको को राशन कार्ड देने, नहरों की सफाई व पानी देने, मनरेगा के तहत मनरेगा मजदूरों को 200 दिन काम तथा 600 रुपये मजदूरी देने, पासपोर्ट इंकवायरी मे रिश्वत लेने पर रोक लगाने आदि मांग को लेकर 6 जून को कटेया और भोरे प्रखण्ड मुख्यालय पर भाकपा माले व अखिल भारतीय खेत ग्रामीण मजदूर सभा के बैनर तले प्रदर्शन किया जायेगा। उक्त बातें अखिल भारतीय खेत ग्रामीण मजदूर सभा के जिला सचिव सह माले जिला कमिटी सदस्य सुभाष पटेल ने भोरे में बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव इंद्रजीत चैरसिया ने भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह की गिरफ़्तारी को ले चल रहे महिला पहलवानो के आंदोलन का समर्थन किया। साथ ही कहा की कर्नाटक चुनाव मे खार खाई भाजपा ने उन्माद - उत्पात के जरिये बिहार को सांप्रदायिकता के आग मे झोंकने की कोशिश कर रही है। बिहार इसे कभी सफल नही होने देगा। उन्होंने कहा की हम जनता के बुनियादी मुद्दों को लेकर मसलन 2 जून को माझा, 5 जून को पंचदेवरी, 6 जून को भोरे, 8 जून को कुचायकोट, 9 जून को फुलवारिया, 12 जून को कटेया, 13 जून को विजयीपुर, बरौली तथा 15 जून को हथुआ मे प्रदर्शन किया जायेगा। बैठक को रामनरेश राम, लालबहादुर सिंह ने भी संबोधित किया। माले नेताओं ने आम लोगों से इस प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

राज्य स्तरीय विद्यालय कुश्ती अंडर-19 प्रतियोगिता का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा । रविवार को माननीय मंत्री कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार श्री जितेंद्र कुमार राय के द्वारा राज्य स्तरीय विद्यालय कुश्ती अंडर-19 बालक /बालिका प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल भवन-सह- व्यामशाला भवन सारण,छपरा में किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी जिला खेल पदाधिकारी रजनीश कुमार राय ने बताया कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता 2022-23 का आयोजन दिनांक 6 जून से 12 जून तक नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश में कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त प्रतियोगिता में बिहार दल की प्रतिभागिता करने के लिए विभिन्न स्पधाओं में खिलाड़ियों के चयन हेतु राज्य स्तरीय विद्यालय खेल चयन प्रतियोगिता 2022-23 का आयोजन विभिन्न जिलों में प्रारंभ हो गया है। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के लिए विभिन्न जिलों का चयन किया गया है ।इसी संदर्भ में छपरा जिले में अंडर-19 बालक बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

आरपीएफ छपरा ने कुख्यात मोबाइल चोर को दबोचा

छपरा । छपरा जंक्शन पर जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोर को रंगे हाथ गिरफतार किया ।गिरफतार चोर भगवान बाजार थाना क्षेत्र के श्यामचक मोहल्ला निवासी दीपक कुमार उर्फ हड्डी बताया जाता है। उक्त जानकारी आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरपीएफ इंचार्ज मुकेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त चोर स्टेशन पर यात्रियों के द्वारा लगा चार्ज किए जा रहे हैं।

मोबाइल को मौका मिलते ही झपट्टा मारकर फरार होने की कोशिश कर रहा था इसी दौरान मुसाफिर ने छोड़ दिया यह सब सुनकर स्टेशन पर गस्त कर रहे पुलिसकर्मियों ने चोर को रंगे हाथ पकड़ा। गिरफ्तार चोट से पूछताछ में 13 मोबाइल बरामद किया गया। प्रेस वार्ता में जीआरपी प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया की हम अपराध की घटनाओं को रोकने को प्रतिबद्ध हैं।

पुलिस ने आधा दर्जन शराबियों को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

- पुलिस बथुआ बाजार स्थित इंसाफ मोड़ के मुख्य पथ पर की कार्रवाई

गोपालगंज। जिले के फुलवरिया थाने की पुलिस ने भागीपट्टी समउर-मीरगंज मुख्य पथ अंतर्गत बथुआ बाजार स्थित इंसाफ मोड़ के समीप शनिवार की शाम शराब के नशे में मटरगश्ती कर रहे आधा दर्जन शराबियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शराबियों की स्वास्थ्य जांच के लिए स्थानीय मरछियां देवी रेफरल अस्पताल फुलवरिया में दाखिला कराया।

जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद सभी को शराब पीने की पुष्टि की। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अब्दुल मजीद ने बताया कि गिरफ्तार शराबियों में सिवान जिला अंतर्गत मुफस्सिल सिवान थाना क्षेत्र के सरसर गांव के निवासी स्वर्गीय शिव कुंडल प्रसाद का पुत्र मंटू यादव उर्फ अनिल कुमार यादव, उसी गांव के निवासी रामा अजीत महतो का पुत्र हरेंद्र महतो, जी कुंडल चैधरी का पुत्र मनोज यादव, के अलावे मीरगंज थाना क्षेत्र के प्रयाग समइल गांव के निवासी सुरुज चैधरी का पुत्र प्रभु चैधरी, गोपालपुर थाना क्षेत्र के साहपुर पकड़ीहार गांव के निवासी चंद्रदेव मुसहर का पुत्र भूतेली मुसहर कथा फुलवरिया थाना क्षेत्र के माड़ीपुर गांव निवासी सासु चैधरी का पुत्र मनोज चैधरी के रूप में पहचान की गई। पुलिस ने गिरफ्तार सभी शराबियों के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद रविवार को पुलिस अभिरक्षा के बीच न्यायिक हिरासत गोपालगंज भेज दिया है।

अंबेडकर के विचारों को नष्ट करने पर तुली है केंद्र सरकार : मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा । देश में संविधान एवं बाबा साहब के विचारों को नष्ट करने पर तुली हुई है केंद्र सरकार उक्त बातें मढ़ौरा के राजद विधायक और बिहार सरकार में कला संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री जितेंद्र कुमार राय ने खैरा बाजार में आयोजित अंबेडकर परिचर्चा के दौरान अपने भाषण में कहीं। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार बाबा साहब के बनाए संविधान को लगातार कमजोर करने का काम कर रही है ।केंद्र की सरकार और उसके अनुषंगी संगठन धीरे-धीरे मनुस्मृति को लागू करना चाहती है। उन्होंने कहा कि देश बाबा साहब के संविधान से चलेगा ना की मनुस्मृति से। आज देश में धार्मिक भावना को भड़का कर असमानता एवं ऊंच-नीच की स्थिति बना दी गई है उन्होंने कहा कि धर्म की आर में धीरे-धीरे केंद्र की सरकार आरक्षण को समाप्त करने पर तुली हुई है और निजीकरण को बढ़ावा दे रही है आज देश में महंगाई चरम पर है बेरोजगारी की स्थिति भयावह हो चुकी है लोग परेशान और हलकान हैं। देश के युवा इस आशा उम्मीद के साथ भाजपा की सरकार को लाए थे कि भाजपा की सरकार अपने प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरी के वादे और 15 लाख गरीबों के खाते में देने का काम करेगी आज नौ वर्ष हो गए केंद्र की सरकार को पचास हजार भी लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिली पेट्रोल और डीजल के दामों में बेतहाशा वृद्धि की गई लेकिन इन सभी मुद्दों से भटकाने के लिए भाजपा की सरकार लगातार धार्मिक भावना और धार्मिक कट्टरता को बढ़ावा देकर आम लोगों को इन मुद्दों से ध्यान भटका ना चाहती है। उन्होंने कहा कि अब देश के लोग इनके झूठे वादों और घोषणाओं और गलत नीतियों को जान चुके हैं आने वाला 2024 में केंद्र की सत्ता निश्चित तौर पर बदलने का काम करेंगे। हमारे नेता लालू जी का सपना और तेजस्वी जी का सपना है कि देश और राज्य में सभी धर्म समुदाय के लोगों को समाजिक धार्मिक राजनैतिक आर्थिक सफलता मिले ।राष्ट्रीय जनता दल देश में नफरत की भावना भड़का कर राज करने वालों के खिलाफ लगातार संघर्ष करने का काम करेगी और केंद्र की सत्ता को आम जनों के सहयोग से हटाने का काम करेंगे। अंबेडकर परिचर्चा में मुख्य रूप से राजद के प्रदेश पदाधिकारी सेवा यादव लल्लन प्रसाद यादव बड़ी अधिवक्ता नगरा प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि योगेंदर चौरसिया शिवनाथ राम पूर्व शिक्षक मंटू राय पैक्स अध्यक्ष प्रयाग पांडे जितेंद्र महतो रंजीत शाह ललित यादव मुखिया गांगुली कुमार यादव इरशाद आलम पूर्व मुखिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। सभा की अध्यक्षता राजद के प्रखंड अध्यक्ष इमाम हसन ने किया।

छपरा शहर को विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

छपरा। रविवार को जिला पदाधिकारी अमन समीर के साथ नगर आयुक्त छपरा सुमित कुमार एवं अन्य पदाधिकारी गणों ने छपरा शहर के विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी के साथ पदाधिकारियों की टीम जिला स्कूल परिसर में पहुंची। जिला स्कूल के मैदान को नए सिरे से विकसित करने हेतु पहल प्रारंभ करने का निर्देश जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा दिया गया ।छपरा क्लब के निरीक्षण के क्रम में वहां अवस्थित सभी दुकानों की सूची बनाने का निर्देश दिया गया ।इनमें से अवैध दुकानों की पहचान कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सभी दुकानों से बकाया भाड़ा वसूलने की कार्रवाई प्रारंभ करने को कहा गया। छपरा क्लब में अवैध रूप से पार्क की गई बस पर तत्काल जुमार्ना लगाने का निर्देश दिया गया।

स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना संजीवनी का काम कर रहा है

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। बिहार सरकार द्वारा गरीब मेधावी छात्रों के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना संजीवनी का काम कर रहा है, आर्थिक रूप से कमजोर परिजन भी अपने बच्चों को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के सहारे उनका कैरियर सवार रहे हैं। सरकार द्वारा सारण जिला के लिए इस साल 3528 छात्र-छात्राओं को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत शिक्षा ऋण देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लिए सरकार द्वारा सूबे के लगभग 83000 छात्रों को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत शिक्षा ऋण देने का लक्ष्य निर्धारित कर दिया। गया है, जिसमें केवल सारण जिला को 3528 छात्रों को शिक्षा ऋण देने का लक्ष्य निर्धारित है। बता दें कि 2 अक्टूबर 2016 से इस योजना की शुरूआत की गई थी, तब बैंक के माध्यम से सरकार द्वारा ऋण उपलब्ध कराया जाता था ।लेकिन स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत शिक्षा ऋण डीआरसीसी के माध्यम से हर जिला में उपलब्ध कराया जाता है। वहीं सूबे में 1 अप्रैल 2018 से अब तक कुल 2 लाख 54 हजार 503 छात्रों को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। सरकार द्वारा शिक्षा ऋण को बढ़ावा देने व शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए जिला के डीएम एवं शिक्षा पदाधिकारी को इस दिशा में निर्देश दिया है। मिली जानकारी के अनुसार कोरोना काल में शिक्षा ऋण देने की उपलब्धि 50% से कम रही ।जबकि वित्तीय वर्ष 2020-21में यह उपलब्धि मात्र 23% ही रही थी। जानकारों की माने तो स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत शिक्षा ऋण जब से लागू हुआ है, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की छात्र-छात्राओं को बड़ा लाभ मिला रहा है। इस योजना के तहत प्रति छात्र को 100000 सालाना और अधिकतम 400000 तक का ऋण देने का प्रावधान है। इंजीनियरिंग सहित अन्य व्यवसायिक कोर्सो के लिए अधिकांश शिक्षण संस्थानों का पूरा कोर्स का फी स्ट्रक्चर 400000 से 600000 के बीच आता है। जबकि इस मद में 100000 सालाना व अधिकतम 400000 का ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिसे कोर्स समाप्ति के एक साल बाद से 84 किस्तों में देय होता है। जानकारों का यह भी मानना है कि बिहार स्टेट में स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को सरकार द्वारा इस तरह डिजाइन किया गया है कि कोर्स समाप्ति के बाद परिजनों को लौटाने का बोझ परिजनों को ना पड़े बल्कि स्टूडेंट्स अपने ही जॉब से इसे हर माह अदा कर दे। इसी को ध्यान में रखकर सरकार ने इस स्कीम को लागू किया है। यह योजना छात्रों के लिए बिहार में संजीवनी का काम कर रहा है, बड़ी संख्या में आर्थिक रूप से कमजोर परिजनों को इसका लाभ मिल रहा है।

जागरूकता रैली का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा । रविवार को माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली का आयोजन आईसीडीएस विभाग के द्वारा किया गया जागरूकता रैली को समाहरणालय सारण के परिसर से उप विकास आयुक्त सारण श्रीमती प्रियंका रानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जागरूकता रैली में बड़ी संख्या में विद्यालय विद्यालयों की छात्राएं जीविका दीदियों सेविका सहायिका महिला पर्यवेक्षिका, सीडीपीओ एवं डीपीओ आईसीडीएस के साथ अन्य लोग शामिल थे। जागरूकता रैली समाहरणालय परिसर से राजेंद्र स्टेडियम तक निकाली गई। राजेंद्र स्टेडियम में रैली के समापन स्थल पर स्वयं जिला पदाधिकारी सारण श्री अमन समीर, नगर आयुक्त छपरा के साथ बड़ी संख्या में जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। समापन स्थल पर जिला पदाधिकारी महोदय ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष 28 मई को माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। प्रति माह 05 दिन मासिक धर्म होता है, एवं इसकी औसत अंतराल 28 दिनों को होता है। इसलिए प्रत्येक माह के 28-05 को माहवारी स्वच्छता दिवस मनाने के लिए चिन्हित किया गया है महिला एवं बाल विकास निगम के द्वारा पूरे राज्य में माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। महिला एवं बाल विकास निगम के द्वारा पूरे राज्य में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य में 15 से 24 वर्ष की आयु की किशोरियों / महिलाओं के बीच साफ सुरक्षित तरीके से माहवारी के प्रबंधन को बढ़ावा देना है। महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य एवं आर्थिक कार्यो में सहभागिता के दृष्टिकोण से यह एक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण विषय है। 5वीं राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2021 के अनुसार राज्य में 58 प्रतिशत महिलाएँ ही साफ एवं सुरक्षित तरीकों से माहवारी का प्रबंधन करती है। चौथी राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आकड़ो की तुलना में इस संख्या में 28 प्रतिशत वृद्धि हुई है, परन्तु इसमें और कार्रवाई की आवश्यकता है। माहवारी स्वच्छता प्रबंधन कार्यक्रम के तहत बिहार राज्य के विभिन्न विभागों के समन्वय से राज्य व्यापी अभियान चलाकर इसे वित्तीय वर्ष 2024-25 तक 80 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें आप सब की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। विदित हो कि प्रथम चरण में बिहार के सभी जिलों के शहरी क्षेत्रों में स्थित कन्या मध्य एवं उच्च विद्यालयों में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन एवं भस्मक यंत्र की स्थापना के लिए सभी जिलाधिकारियों को राशि आवंटित किया गया है।

संविदा आधारित महिला पर्यवेक्षिका के सीधी भर्ती हेतु डीएम ने दिए निर्देश

छपरा ।जिलाधिकारी-सह-अध्यक्ष जिला स्तरीय चयन समिति सारण, छपरा अमन समीर के द्वारा संविदा आधारित महिला पर्यवेक्षिका के सीधी भर्ती नियोजन हेतु चयन समिति की उपस्थिति में जिलाधिकारी ने दिए कई आवश्यक निर्देश। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि 2019 में प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में महिला पर्यवेक्षिका के सीधी भर्ती के माध्यम से कुल 37 रिक्त पदों पर नियोजन किया जाना है। रिक्त पद हेतु अनारक्षित वर्ग के 15, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के 07, अनुसूचित जाति के 06, पिछड़ा वर्ग के 05, पिछड़ा वर्गो की महिला के लिए 01 एवं आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के लिए 03 पद रिक्त हैं। बताया गया कि विभागीय पत्र के आलोक में दिनांक 31 दिसंबर 2018 तक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए गए थे। जिलाधिकारी के द्वारा जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आई सी डी एस, सारण को प्रत्येक कोटि से अलग-अलग 10-10 गुणा अभ्यर्थियों का औपबंधिक मेधा सूची तैयार कर जिले के आधिकारिक एन आई सी के बेवसाइट पर प्रकाशित करना सुनिश्चित करेंगी।

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
पटना, सोमवार, 29 मई, 2023

75 साल में विकेन्द्रीयकरण की सत्ता का केंद्रीकरण

सनत जैन

भारत को स्वतंत्र हुए 75 साल हो चुके हैं। भारत में 1950 से लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत शासन व्यवस्था संचालित हो रही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सबसे ज्यादा ताकत प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री और कलेक्टर के पास होती है। इन पदों पर रहते हुए वह जो करना चाहते हैं, वह कर पाते हैं। इन पदों पर रहते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका यह 3 संवैधानिक संस्थाएं, पीएम सीएम और कलेक्टर के ऊपर नियंत्रण करने का काम करती हैं। तीनों पदों में असीमित अधिकार होते हुए भी एकाधिकार किसी के पास नहीं था। भारत में 776 सांसद लोकसभा और राज्यसभा में बैठते हैं। सभी राज्यों में मिलाकर लगभग 4300 से अधिक विधायक हैं। 40 वर्ष पहले त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायतों को अधिकार संपन्न बनाते हुए, इन्हें आम जनता का भाग्य विधाता कहा गया है। जो गांव से लेकर दिल्ली तक की नीतियां और सत्ता को नियंत्रित करने का काम करते हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में पक्ष और विपक्ष पीएम, सीएम और कलेक्टर पर नियंत्रण करते हैं। जिस तरह महावत ताकतवर हाथी को अंकुश के माध्यम से नियंत्रित करता है। उसी तरह न्यायपालिका का अंकुश सभी ताकतों को नियंत्रित करती है। उस अंकुश का असर, ईमानदारी और विश्वास के रूप में सभी पक्षों को था। जिसके कारण सत्ता का केंद्रीकरण कभी नहीं हो पाया था। पिछले 9 वर्षों में सत्ता के सारे सूत्र पीएमओ के पास केंद्रित हो गए है। पहली बार पीएमओ द्वारा जिस तरह की नीतियों को अपनाया गया। देखते ही देखते पीएमओ अर्थात प्रधानमंत्री कार्यालय सर्व शक्तिमान हो गया। केंद्रीय मंत्रालय के सभी मंत्रियों को पीएमओ तक अपनी फाइलें भेजनी होती थी। केंद्रीय मंत्री स्वतंत्र तरीके से कोई निर्णय लेने की स्थिति में नहीं थे। पीएमओ के निर्देश पर विभागीय मंत्री और सचिव काम करने लगे। सारे फैसले अंतिम रूप से पीएमओ में होने लगे। फंड का आवंटन भी पीएमओ से होने लगा। पीएमओ के सामने केंद्रीय मंत्री बोने साबित हो गए। वह स्वतंत्र रूप से कैबिनेट में अपनी बात रखने के स्थान पर चुप रह कर सहमति व्यक्त करते है। मंत्री परिषद की वर्तमान भूमिका से शक्ति का केंद्रीकरण होना शुरू हुआ। धीरे-धीरे राज्यों के मुख्यमंत्री और जिलों के कलेक्टरों को भी सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय से निर्देश और आदेश मिलने लगे। भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा एवं भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों को पीएमओ से निर्देश मिलते है। फल स्वरुप देश के 28 मुख्यमंत्री और 795 कलेक्टर एवं संवैधानिक संस्थाओं के प्रमुख पीएमओ की इच्छा के अनुरूप काम करने के लिए, पिछले 9 वर्षों में पूरी तरह से विवस और आश्रित हो गए हैं। जिसके कारण भारत में केवल एक ही व्यक्ति के हाथ में सत्ता का केंद्रीकरण हो चुका है। लोकसभा हो या राज्यसभा हों। यहां अध्यक्ष सत्ता के अधीन हो गए। राज्यों के मुख्यमंत्रियों पर नियंत्रण करने के लिए राज्यपालों की भूमिका को ताकतवर बना दिया गया। संसद भी सत्ता पक्ष के अनुरूप काम करने लगी। सत्र की अवधि घटा दी गई। सरकार जैसे सदन चलाना चाहती थी, वैसे सदन को चलाया गया।

29 मई महेश नवमी के पर्व विशेष : भगवान महेश का स्वरूप

डॉ. रीना रवि मालपानी

गर्व है माहेश्वरी है महेश की संतान।
शिव के आशीर्वाद का पाया है वरदान।।
महादेव की कृपा से बनाना है कुल महान।
भगवान महेश के वंशज पा रहे प्रतिदिन सम्मान।।

माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति भगवान महेश के आशीर्वाद से हुई है, इसलिए इस समाज के लोग भगवान महेश को अपना आराध्य देव मानते है। ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को महेश नवमी का उत्सव मनाया जाता है। महादेव की कृपा से इस दिन ही माहेश्वरी समाज की नींव रखी गई। भगवान महेश और देवी भगवती ने 72 राजपूत उमराओ को जोकि ऋषियों के श्राप के कारण पत्थर बन गए थे उन्हें पुनः जीवनदान दिया एवं आशीर्वाद दिया की आज से तुम्हारे वंश पर हमारी अमिट छाप रहेंगी और तुम माहेश्वरी कहलाओगे।

शिव ईश्वर का सत्यम-शिवम-सुंदरम रूप है। शिव वो है जो सहजता एवं सरलता से सुशोभित होते है। वे ऐसे ध्यानमग्न योगीश्वर है जो नीलकंठ बनकर अपने भीतर विष को ग्रहण किए हुए है और भुजंगधारी बनकर विष को बाहर सजाए हुए है। इसके विपरीत भी उमापति की एकाग्रता, शांतचित्त रूप और ध्यान में कहीं भी न्यूनता परिलक्षित नहीं होती। वैभव देने वाले भोलेनाथ स्वयं वैरागी रूप में विराजते है। ध्यान की उत्कृष्ट पराकाष्ठा शिव अपने आराध्य श्रीराम के स्वरूप को अपने भावों की माला से ध्याते है। सृष्टि के कल्याण के लिए शांत भाव और सहजता से विषपान को स्वीकार करते है।

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की नवमी।
माहेश्वरी की 72 खापें इस दिन है जन्मी।।
72 खापों से है समाज में जाने जाते।
भगवान के महेश के वंशज माहेश्वरी है कहलाते।।

शिव से उच्च स्थान किसी को भी प्राप्त नहीं है। उन्हें स्वयं देवताओं ने महादेव के संज्ञा दी है। उनके ध्यानमग्न स्वरूप में अंतरआनंद की छवि समाहित है जो त्याग की प्रतिदीप्ति एवं सत्य स्वरूप है। शिव सत्य के स्वरूप को अंगीकार करते है, जो कृपानिधान आशुतोष सर्वज्ञ है उन्हीं शिव तत्व में जीवन का सार समाहित है। ध्यान स्वरूप शिव अन्तर्मन की शक्तियों को जाग्रत करने की प्रेरणा देते है। स्वयं के स्वरूप को जानकर ही हम जीवन को श्रेयस्कर रूप प्रदान कर सकते है। विषम परिस्थितियों में भी ध्यान की उत्कृष्टता के निर्वाहक है शिव।

ओढ़रदानी, महेश्वर, रुद्र का स्वरूप सभी देवताओं से विचित्र है, पर यदि आप शिवशंभू की वेश भूषा का विश्लेषण करेंगे तो आपको शिव जीवन के सत्य का साक्षात्कार कराते दिखाई देंगे। यह शिव कपूर की तरह गौर वर्ण है, पर सम्पूर्ण शरीर पर भस्म लगाकर रखते है और दिखावे से दूर जीवन को सत्य के निकट ले जाते है। यह भस्म जीवन के अंतिम सत्य को उजागर करती है। अतः शिव शिक्षा देते है कि सदैव सत्य को प्रत्यक्ष रखें। यह शिव जटा मुकुट से सुशोभित होते है। जिस प्रकार शिव जटाओं को बाँधकर एक मुकुट का स्वरूप देते है वह यह शिक्षा देती है की जीवन के सारे जंजालों को बाँधकर रखों और एकाग्र होने की कोशिश करों, समस्याओं के जाल को मत फैलाओं। उसे समेटने की कोशिश करों। वे किसी भी प्रकार का स्वर्ण मुकुट धारण नहीं करते अतः मोह माया से शिव कोसों दूर है। शिव के आभूषण में भी सोने-चाँदी को कोई भी स्थान नहीं है। वे विषैले सर्पों को गलें में धारण करते है, अर्थात वे काल को सदैव स्मरण रखते है।

भगवान महेश का जीवन है अनुकरणीय।
उदारता है उनकी अनूठी और प्रशंसनीय।।
महेश भगवती की बनी रहे सदैव अनुकंपा।
72 खापों को मिलती रहे त्रिपुरारी की कृपा।।

कल्याणस्वरूप शिव की प्रत्येक लीला देवताओं, ऋषियों एवं समस्त प्राणीमात्र के लिए प्रेरणादायी है। समस्त देवी-देवताओं में शिव की वेशभूषा अद्भुत एवं विचित्र है। साधक शिव की हर वेशभूषा से जीवन के सत्य को जान सकता है। त्याग, ध्यान में लीन रहने वाले शिव अपनी वेशभूषा से साधक को जीवन का सच्चा अर्थ बताते है। महादेव ने मस्तक पर मोक्षदायिनी भागीरथी एवं चन्द्रमा, ललाट पर त्रिपुंड तिलक, हाथों में डमरू और त्रिशूल, गले मे सर्पो की माला, जटाधारी, बाघम्बर (बाघ चर्म) एवं हस्ति (हाथी चर्म) को धारण करने वाले है। वे शरीर पर भस्म लगाते है, भांग पीते है, शिव के हर प्रतीक के पीछे कुछ न कुछ गूढ़ ज्ञान एवं रहस्य छुपे हुए है। शास्त्रों में उल्लेख किया गया है कि जब मोक्षदायिनी गंगा को वसुंधरा पर लाने की प्रार्थना की गई, तब सर्वाधिक चिंता का विषय उनके तीव्र वेग को नियंत्रित करना था। गंगा अपने तीव्र वेग के कारण पृथ्वी को छेदकर पाताल लोक में प्रविष्ट कर जाएगी। तब महादेव ने गंगा को अपनी जटाओं में लेकर उनके वेग को कम किया। उसके पश्चात ही गंगा धरती पर प्रवाहित हो सकी। शिव का एक ज्योतिर्लिंग सोमनाथ है जिसे प्रथम ज्योतिर्लिंग माना जाता है, जोकि चन्द्र देव द्वारा स्थापित किया गया था, जहां उन्हे आदिदेव शिव ने श्राप से मुक्त किया था। शिव मस्तक पर चन्द्रमा को धारण करते है। चन्द्रमा मस्तिष्क के मनोभावों को भी नियंत्रित करता है और व्यक्ति की एकाग्रता को बढ़ाता है।

शिव इतने सरल देव है जो मात्र जल से प्रसन्न होकर भक्त की समस्त मनोकामनाएँ पूर्ण कर देते है। शिव शंकर की प्रत्येक वेशभूषा साधक को जीवन के सत्य से साक्षात्कार करवाती है कि किस प्रकार मानवजीवन त्याग, एकाग्रता, सरलता, सादगी से जीना चाहिए एवं कितनी भी कठिन परिस्थितियाँ हो उसमे विचलित नहीं होना चाहिए।

भगवान महेश की स्तुति है सरल।
उनका आशीर्वाद बदल सकता है हमारा आगामी कल।।
इस दिन भगवान महेश की आराधना करेगी उद्धार।
शिव की पूजा करने वाला पार करता मझधार।।
महेश तो है समस्त देवताओं के लिए पूजनीय।
डॉ. रीना कहती, अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए माहेश्वरी समाज भी है वंदनीय।।

अब कार्यपालिका को मनाये बिना सिंहासन तक पहुंचना असम्भव

जनकल्याणकारी योजनाओं को आम आवाम के मध्य पेचेंदगी भरी प्रक्रिया से प्रस्तुत करने में माहिर अधिकारी-कर्मचारी ही सत्ताधारी दल के पुनर्रागमन या पतनोन्मुखी होने के लिए माहौल तैयार करते हैं। यही कारण है कि देश में केन्द्र से लेकर राज्यों तक को मजबूरी में कार्यपालिका के स्थाई कर्मचारियों के लिए सुख-सुविधाओं का पिटारा खोलना पडता है। दूसरे शब्दों में कहें तो अब देश में कार्यपालिका को मनाये बिना सिंहासन तक पहुंचना असम्भव हो गया है। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

डा. रवीन्द्र अरजरिया
स्वतंत्र पत्रकार

दुनिया में शक्ति से साम्राज्य स्थापित की करने की हमेशा से ही परम्परा रही है। दैत्यों के व्दारा देवताओं पर आक्रमण करके उन्हें गुलाम बनाने की मंशा के उदाहरण वैदिक ग्रन्थों में भरे पडे हैं। पुरातन इतिहास के साथ-साथ निकट अतीत की स्थितियां भी आतंक के सहारे हुक्मराने बनने की कहानियां सुनातीं हैं। लोकतंत्र की दुहाई पर समान हित वालों ने मिलकर कट्टरता का अनेक बार परचम फहराया है।

पडोसी पाकिस्तान में तो विगत 75 वर्षों में से 35 वर्षों तक सेना ने अपने आतंक के दम पर लोकतंत्र का अपहरण किया हैं। तख्तापलट की पहली घटना सन् 1956 में घटी जिसके तहत सन् 1971 तक सैनिक साम्राज्य रहा। जनरल अयूब खान की कारगुजारियां सामने आईं। दूसरी घटना सन् 1977 में सामने आई जिसके तहत सन् 1988 तक बंदूक ने देश चलाया।

तब जनरल जिआ उल हक के कारनामें दिखाई दिये। तीसरी बार सन् 1999 में तख्तापलट हुआ जिसके तहत सन् 2008 तक जनरल परवेज मुशर्रफ की नीतियां लागू रहीं। इसी तरह अफ्रीका के सूडान में अक्टूबर 2021 को सेना ने तख्तापलट कर दिया। जनरल आब्देल फतह बुरहान ने आपातकाल की घोषणा कर दी।

सरकार को चलाने वाली संप्रभु परिषद को भंग कर दिया गया। यह घटना यूं ही नहीं घटित हुई बल्कि सन् 2019 में उमर अल बसीर के सत्ता से बाहर होने के बाद सेना की सत्ता में भागीदारी की बात उठाई गई थी।

काफी जद्दोजेहद के बाद वहां राज्य करने वाली संप्रभु परिषद में सेना की संवैधानिक भागीदारी स्वीकार कर ली गई। परिणामस्वरूप भागीदार ने पूरी की पूरी सत्ता ही हथिया ली। ऐसे ही हाल पश्चिम अफ्रीकी देश माली, गिनी के बाद अब बुरकिना फासो तीसरा का भी हो गया है जहां की फौज ने दहशत फैलाकर सत्ता पर कब्जा कर लिया है। म्यांमार के हालात तो और भी खराब होते चले गये। फरवरी 2021 में वहां की सेना ने सरकार पर निर्यात नियमों के उल्लंघन तथा गैर कानूनी ढंग से दूरसंचार यंत्र रखने, चुनावों में धांधली के आरोप लगाये और सत्ता का तख्तापलट कर दिया। अपदस्थ राष्ट्रपति विन मिन तथा प्रधानमंत्री अब्दुला हमदूक पर ज्यादतियां की गईं।

थाईलैण्ड में तो मई 2014 में तख्तापलट की कार्यवाही करके सेना ने देश के संविधान तक को निलंबित कर दिया था। वहां पर सन् 1932 में राजशाही समाप्त करके लोकतंत्र को बहाल किया गया था, तब से लेकर अभी तक 12 बार सैन्य शक्ति ने आतंक का खुलेआम प्रदर्शन करके नागरिकों को गुलामों की तरह रहने के लिए बाध्य कर दिया था।

श्रीलंका के हालात भी किसी से छुपे नहीं हैं। विश्व के कुछ तानाशाहों को यदि छोड दिया जाये तो ज्यादातर देशों में सेना की दखलंदाजी से ही सत्ता का तख्ता पलट हुआ है। इस सत्ता परिवर्तन के लिए शक्ति का आंतक के रूप में परिवर्तित होना ही मूल कारण रहा है। निरीह आवाम पर क्रूरता के चाबुकों से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रहार होते रहे हैं। कभी सिसकियों पर पाबन्दियां लगाई गईं तो कभी आह पर भी पहरे बैठाये गये। कभी न्याय की दुहाई देने वालों को लहूलुहान किया गया तो कभी विरोधियों के मुंह में कपडे ढूंसे गये। ऐसा ही एक काल भारत में भी आया था जब किन्हीं खास कारणों से आपातकाल की घोषणा कर दी गई थी।

जुबानों पर ताले लगा दिये गये थे। मानवाधिकारों पर तानाशाही का परचम फहराया गया था। धर्म के नाम पर क्रूरता के कहानियों का मंचन होने लगा था। जनसंख्या की विसमता को दूरगामी नीतियों के तहत समानता पर लाने हेतु अप्राकृतिक ढंग अपनाया गया था। देश के एक वर्ग पर परिवार नियोजन के नाम पर नसबंदी थोप दी गई।

अखबारों से लेकर रेडियो तक पर सेंसरशिप लागू कर दी गई। तानाशाही सोच के साथ कदमताल न करने वालों को कारागारों में पहुंचा दिया गया। अनगिनत जुल्मों की अनकही दास्तानें नेपथ्य में समा गईं। यूं तो तुष्टीकरण और सामाजिक वैमनुष्यता का विष बमन, आजादी के तुरन्त बाद ही दिखाई देने लगा था।

स्वाधीनता संग्राम के रणबांकुरों को मौत की नींद में हमेशा के लिये सुला देने वाले गोरों ने अपने खास सिपाहसालारों को ही सत्ता हस्तांतरित की। लंदन में बैठाकर दूरगामी षडयंत्र के तहत अंग्रेजी में भारत का संविधान लिखवाया गया ताकि आम आवाम न तो उसे समझ सके और न ही बिना अंग्रेजी के न्याय ही पा सके।

उसी परम्परा के व्यक्ति ने देश की कार्यपालिका की दम पर न केवल आपातकाल लगाया बल्कि क्रूरता के सारे मापदण्ड ही नस्तनाबूत कर दिये। लहूलुहान नागरिकों के घावों को नासूर बनाने वालों ने देश की जडों को मट्ठा पिलाना शुरू कर दिया था।

कार्यपालिका को असीमित अधिकार दे दिये गये थे। मनमानियों का सैलाब आ गया था। संवेदनायें, सौहार्य और सहयोग की खेती सूखती चली गई। वैमनुष्यता, स्वार्थ और हरामखोरी की बाढ ने तूफान का रूप ले लिया। आम आवाम दांतो तले अंगुली दबाकर स्वयं को किस्तों में कत्ल होते देखता रहा। उस घटना के बाद से कार्यपालिका के हौसले बुलंद होते चले गये।

आपातकाल के अनुभवों का परम्परागत हस्तांतरण होता चला गया। लोक सेवक के रूप में नियुक्ति पाने वालों ने लोक शासकों के रूप में व्यवहार करना शुरू कर दिया। वर्तमान समय में तो कार्यपालिका के स्थाई कर्मचारी तक स्वयं को देश का दामाद मानने लगे हैं जिनके लिए करदाताओं को जी तोड मेहनत करना अनिवार्य हो गया है। जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा पर लोक शासक की मर्जी मायने रखने लगी है।

हालात तो यहां तक पहुंच गये हैं जब दुनिया के तख्तापलट में सेना की दखलंदाजी हो रही है तब भारत में कार्यपालिका की मर्जी से गठित होने लगीं है सरकारें। वातावरण निर्माण में कार्यपालिका की सबसे अहम भूमिका हो गई है।

शांति अभियानों में संलग्न हैं एक लाख से ज्यादा शांति रक्षक

शांति रक्षकों को मरणोपरांत ह्यडैग हैमारस्जोल्ड मैडलह्व प्रदान किया जाता है। यह पदक कर्त्तव्य निर्वहन के दौरान अदम्य साहस और बलिदान के लिए दिया जाता है। इस सम्मान की स्थापना वर्ष 2000 में संयुक्त राष्ट्र के दूसरे महासचिव डैग हैमारस्जोल्ड की स्मृति में की गई थी, जिनकी 1961 में एक विमान हादसे में मौत हो गई थी। शांति रक्षक अत्यधिक जोखिम उठाते हुए प्रतिदिन विभिन्न देशों में पुरूषों, महिलाओं और बच्चों की हिंसा से रक्षा करते हैं।

योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

24 अक्तूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र अधिकार पत्र पर 50 देशों के हस्ताक्षर होने के साथ ही संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई थी, जो एक ऐसा अंतर्राष्ट्रीय संगठन है, जो अपनी स्थापना के बाद से ही विश्व शांति के साथ-साथ मानवाधिकार, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति तथा अंतर्राष्ट्रीय कानूनों को सुविधाजनक बनाने के लिए कार्यरत रहा है। इसकी स्थापना द्वितीय विश्वयुद्ध के विजेता देशों ने मिलकर इस उद्देश्य से की थी ताकि संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष के मामलों में हस्तक्षेप करने से भविष्य में पुनः विश्वयुद्ध जैसे हालात न उभरने पाएं। इन देशों में अमेरिका, यूके, फ्रांस, रूस इत्यादि दुनिया के शक्तिशाली देश शामिल थे। संयुक्त राष्ट्र के संस्थापकों को उम्मीद थी कि वे इसके जरिये युद्ध को सदा के लिए रोक पाएंगे किन्तु 1945 से 1991 के शीत युद्ध के समय विश्व के विरोधी भागों में विभाजित होने के कारण शांति रक्षा संघ को बनाए रखना बहुत कठिन हो गया था।

29 मई 1948 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा पहला संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन स्थापित किया गया था। उस समय इसरायल तथा अरब देशों के बीच फैली अशांति को दूर करने के लिए वहां यूएन द्वारा शांति रक्षक सैनिकों की तैनाती की गई थी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, यूरोप तथा मध्य पूर्व में 71 शांति अभियानों की स्थापना की गई। दुनियाभर में शांति बहाल करने में संयुक्त राष्ट्र के शांति रक्षकों की अहम भूमिका रहती है, जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जान दांव पर लगाकर कार्य करते रहे हैं और फिलहाल विश्वभर में एक लाख से भी अधिक पुरूष व महिला बतौर शांति रक्षक यूएन के शांति अभियानों में संलग्न हैं, जिनमें विभिन्न देशों में करीब 96 हजार सैनिकों और पुलिसबल के अलावा लगभग 15 हजार आम नागरिक और हजारों स्वयंसेवक यूएन के शांति रक्षा मिशन में शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन में सबसे ज्यादा संख्या इथोपिया और बांग्लादेश के शांति रक्षकों की है और इन दोनों देशों के बाद इसमें सर्वाधिक योगदान देने वाले देशों में भारत है। फिलहाल सात हजार से भी अधिक भारतीय सैन्य और पुलिस जवान अफगानिस्तान, कांगो, हैती, लेबनान, लाइबेरिया, मध्य पूर्व, साइप्रस, दक्षिण सूडान, पश्चिम एशिया और पश्चिम सहारा में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशनों में शांति रक्षा के लिए तैनात हैं।

जहां तक यूएन के शांति मिशनों में भारत की भूमिका की बात है तो सबसे पहले नवम्बर 1950 से जुलाई 1954 तक चले कोरियाई युद्ध के दौरान भारत की ओर से इस मिशन में 17 अधिकारी, 9 जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) तथा 300 सैनिक तैनात किए गए थे। भारत हथियारों से लैस एक दल को 1956 से 1967 के बीच संयुक्त राष्ट्र की आपातकालीन सेना में भेजने वाला देश भी बना था। उस अवधि के दौरान भारत की ओर से 393 अधिकारी, 470 जेसीओ तथा 12383 जवान संयुक्त राष्ट्र के मिशन में शामिल हुए थे। 1960 से 1964 तक चले यूएसओसी कांगो मिशन में भारतीय वायुसेना के छह कैनबरा बॉम्बर एयरक्राफ्ट भी तैनात किए गए थे, जिनमें 467 अधिकारी, 401 जेसीओ तथा 11354 जवानों ने हिस्सा लिया था और उस मिशन में 39 सैनिकों ने अपने प्राण भी गंवाए थे। 1992 से 1993 तक कम्बोडिया में भारत ने सीजफायर की निगरानी की थी तथा चुनाव के दौरान भी कम्बोडिया की सहायता की थी। उस दौरान भारत की ओर से संयुक्त राष्ट्र के इस मिशन में 1373 सैनिकों की तैनाती की गई थी।

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2002 में आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए पहली बार ह्यशांति रक्षा मिशनह्व को अधिकार दिए गए और 29 मई को ह्यशांति रक्षक दिवसह्व के रूप में नामित किया गया, तभी से प्रतिवर्ष इसी दिन को ह्यसंयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवसह्व के रूप मंप मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की अपनी कोई स्वतंत्र सेना नहीं होती और शांति रक्षा का प्रत्येक कार्य सुरक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित होता है। यूएन के शांति रक्षा कार्यों में भाग लेना वैकल्पिक होता है और कनाडा तथा पुर्तगाल ही विश्व में अब तक सिर्फ दो ऐसे देश हैं, जिन्होंने प्रत्येक शांति रक्षा अभियान में हिस्सा लिया है। शांति रक्षक दल संयुक्त राष्ट्र को उसके सदस्य देशों द्वारा प्रदान किए जाते हैं, जो प्रायः ऐसे क्षेत्रों में भेजे जाते हैं, जहां हिंसा कुछ समय पहले से बंद है ताकि वहां शांति संघ की शर्तों को लागू रखते हुए हिंसा को रोककर रखा जा सके।

यूएन का शांति रक्षा मिशन इस साल अपनी 75वीं सालगिरह मना रहा है। यूएन के पिछले 75 वर्षों के शांति रक्षक अभियानों में जहां अब तक दुनियाभर के 4000 से भी ज्यादा शांति रक्षकों ने अपने प्राणों की आहूति दी, वहीं इनमें भारत के शहीद हुए शांति रक्षकों की संख्या करीब 170 है, जो किसी भी अन्य देश के मुकाबले सर्वाधिक है। वर्ष 2017 में संयुक्त राष्ट्र के किसी भी शांतिरक्षक अभियान में भारत के किसी भी शांतिरक्षक को अपने प्राणों की आहूति नहीं देनी पड़ी थी। अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस वैश्विक शांति के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले ऐसे संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षकों की स्मृति के सम्मान में मनाया जाता है, जिन्होंने शांति स्थापना में अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। इस दिन संयुक्त राष्ट्र के शांति प्रबंधन कार्यों मंन अपने उच्च स्तर की व्यावसायिकता, समर्पण और साहस का प्रदर्शन करते अपनी जान गंवाने वाले शांति रक्षकों को श्रद्धांजलि दी जाती है।

मंडराने लगे हैं राजनैतिक उथल पुथल के बादल

तनवीर जाफरी

सिद्धांतविहीन व अवसरवादी राजनीति के आकाश पर एक बार फिर घने काले बादल मंडराते दिखाई देने लगे हैं। इन काले बादलों के उथल पुथल की छाया फिलहाल मध्यप्रदेश,राजस्थान और उत्तर प्रदेश में पड़ती दिखाई दे रही है। संभव है 2023 के अंत तक प्रस्तावित मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना विधानसभा के चुनाव आते आते इस राजनैतिक उथल पुथल का दायरा और भी बड़ा हो जाये। लंबे समय तक सत्ता से दूर रहने की छटपटाहट सहन न कर पाने के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मार्च 2020 में कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था और अपने समर्थक मध्य प्रदेश के 22 कांग्रेस विधायकों के साथ पार्टी छोड़ भाजपा मां शामिल हो गये थे। लोकतंत्र के साथ किये गये इस खिलवाड़ के चलते कमलनाथ सरकार गिर गयी थी और बीजेपी की सरकार सत्ता में आ गयी थी। लोकतंत्र विरोधी इस सरे खेल की जिम्मेदार ज्योतिरादित्य सिंधिया की कांग्रेस से की गयी बगावत थी। जब कि कांग्रेस द्वारा उसी दौरान सिंधिया व प्रियंका गाँधी को सामूहिक रूप से उत्तर प्रदेश का पार्टी महासचिव इंचार्ज बनाया गया था। परन्तु सत्ता की भूख ने सिंधिया को पार्टी से गद्दारी करने के लिये इतना मजबूर किया की उन्होंने अपने निजी स्वार्थ के चलते राज्य की निर्वाचित कमलनाथ सरकार गिराने में भी संकोच नहीं किया।

भाजपा में जाकर राज्य सभा की सदस्यता व मंत्री पद हासिल करने के बाद अब वही ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के भाजपाइयों की नजरों में कांटे की तरह चुभने लगे हैं। सिंधिया व उनके समर्थक राज्य के कई मंत्रियों पर भ्रष्टाचार व और कई तरह के आरोप लगाये जाने लगे हैं। बेशक पहले भी सिंधिया राजपरिवार के सदस्यों पर घमंडी ,अहंकारी होने व लोगों से न मिलने जैसे आरोप तो जरूर लगते रहे हैं परंतु उनपर भ्रष्टाचार के आरोप कभी नहीं लगे। परन्तु अब ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक मध्य प्रदेश के कई मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप स्वयं भाजपाइयों द्वारा तो लगाये ही जा रहे हैं बल्कि अब तो यहां तक भी कहा जा रहा है कि इस भ्रष्टाचार का कमीशन ज्योतिरादित्य सिंधिया तक भी जा रहा है। यानी ज्योतिरादित्य सिंधिया को इन दिनों जिन अपमानजनक हालात का सामना भाजपा में करना पड़ रहा है उसकी शायद उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। कहा जा रहा है कि सिंधिया राजघराने के किसी भी सदस्य को अपनी ही पार्टी में इतना बड़ा विरोध आज तक कभी नहीं सहना पड़ा। और हद तो यह है कि गुना शिवपुरी लोकसभा सीट से ज्योतिरादित्य सिंधिया को चुनाव हराने वाले भाजपा सांसद कृष्ण पाल सिंह यादव ने तो सिंधिया की ओर इशारा करते हुये यहाँ तक कह दिया है कि -ह्यकुछ ऐसे मूर्ख लोग भी होते हैं जो अपने आप को बुद्धिजीवी समझते हैं। उन्होंने सिंधिया को कमजोर नेता बताते हुए कहा है कि यदि उनमें हिम्मत है तो गुना शिवपुरी सीट से कांग्रेस के टिकट पर किसी भी भाजपा नेता के खिलाफ चुनाव लड़ कर देख लेंह्व। अपमान की इस इंतेहा को देखते हुये सिंधिया का अगला कदम क्या हो सकता है,घर वापसी या अपमान के घूँट पीते रहना जल्द ही इसका पटाक्षेप हो सकता है।

इसी तरह राजस्थान में सचिन पायलट,अशोक गहलोत जैसे कांग्रेस के दिग्गज रणनीतिकार के लिये आये दिन समस्या खड़ी कर रहे हैं। निश्चित रूप से जिस कांग्रेस को संकट से उबारने के लिये राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा जैसा कठिन अभियान चलकर पार्टी में पुनः जान फूंकी और हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में पार्टी की सत्ता में वापसी करायी,वर्तमान में सचिन पॉयलट उसी पार्टी के लिये एक समस्या बने हुये हैं। गत दिनों उन्होंने अपनी ही सरकार के विरुद्ध जन संघर्ष यात्रा निकाली और गहलोत पर जोरदार हमला बोला। हालांकि पायलट ने यह जरूर कहा कि उनकी जन संघर्ष यात्रा किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि भ्रष्टादचार के विरुद्ध है। परन्तु पार्टी व गहलोत सरकार उनकी इस सत्ता विरोधी यात्रा से असहज जरूर हुई। ऐसे हालात में पार्टी ने फिलहाल अपनी रस्सी ढीली छोड़ी हुई है तो उधर सचिन भी संभवतः अपनी राजनैतिक ह्यशहादत ह्व की प्रतीक्षा कर रहे हैं। गहलोत व पायलट के बीच समय समय पर चलने वाले तीखे शब्द बाण भी यह इशारा जरूर कर रहे हैं कि यदि शीघ्र सब कुछ ठीक नहीं हुआ तो राजस्थान में भी कोई बड़ी राजनैतिक उथल पुथल हो सकती है। हालांकि ताजा खबरों के अनुसार कांग्रेस आलाकमान सचिन पायलट को विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद दे सकती है। और इसी समझौता फामूर्ला के तहत पायलट के विधायकों को मंत्रिमंडल में पहले से अधिक संख्या देने व विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार बनने पर दो उप मुख्यमंत्री बनाए जाने की भी खबर है। उधर उत्तर प्रदेश में भी कांग्रेस के नेता प्रमोद कृष्णन जोकि पार्टी प्रवक्ता भी रह चुके हैं तथा अत्यंत मुखर होकर पार्टी की पैरवी किया करते थे, इनदिनों उनके भी सुर कुछ बदले हुये हैं। वे भी सचिन पायलट के करीबी तो हैं ही साथ साथ पार्टी में राहुल गांधी के बजाय प्रियंका गांधी को आगे लाने की वकालत करते सुने जा चुके हैं। कांग्रेस ने उन्हें पार्टी प्रवक्ता पद से भी हटा दिया है और अब वे कई जगहों पर भाजपा समर्थक बयान देते सुने जा रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

चढ़ने लगा पारा ,फिर झुलसाने लगी गर्मी

मुजफ्फरपुर- ।पिछले तीन दिनों से बादल छाए रहने और बूंदा-बांदी के बाद आज मौसम का मिजाज फिर तल्ख हो गया ।अधिकतम तापमान 35.2डिग्री सेल्सियस पर पहुंच जाने के बाद लोग गर्मी से बेहाल रहे ।जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा द्वारा जारी आज के मौसम के बारे में बताया गया है कि आज का अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से1.8 डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं आज का न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया ।सुबह मे सापेक्ष आर्द्रत 81प्रतिशत और दोपहर बाद घटकर 51प्रतिशत है गई। वाष्पोतसर्जन 4.4 मि० मी० और पुरवा हवा की गति 7.6 कि०मी० प्रतिघंटा रही।

रसीदपुर-मेरन डीह के चैड़ में खुदाई के क्रम में मिला पौराणिक घड़ा

मधुबनी खेत में काम कर रहे किसान ने कुदाल से खोदकर निकाला घड़ा आये दिन कहीं न कही खुदाई के क्रम में पुरातत्व से जुड़े सामान मिल रहे है. कहीं अष्टधातु तो कही ग्रेनाईट पत्थर से निर्मित भगवान की मुर्ति. इसी क्रम में रविवार के दिन खजौली प्रखंड के रसीदपुर व मेरन डीह के चैड़ से खुदाई के क्रम में कई दसक पूर्व के निर्मित तकरीबन सत्तर लीटर से अधिक पानी की क्षमता वाला एक अद्भूत पौराणिक घड़ा मिला है. जो चर्चा का विषय बना हुआ है. घटना रविवार के सुबह करीब नौ बजे की है. गांव के जहांगीर नामक व्यक्ति भैंस चरा रहा था. पास के एक खेत में जहां पूर्व में मिट्टी की कटाई हुई थी. वहां से कुछ सनसनाहट की अजीब आवाज सुनाई दी. जब उन्होने उस खेत में पहुंचा तो एक घड़ा का कुछ उपरी हिस्सा दिखाई दिया. पास खेत में कुदाल से काम कर रहे मनोज कुमार को उसने बुलाया एवं घटना की जानकारी दी. वैसे हाथ से दोनों ने मिट्टी को हटाने लगा,लेकिन घड़ा का आकार बहुत बड़ा होने के कारण वह कुदाल से उसकी खुदाई किया. घड़ा के चारो ओर करीब ढाई तीन फिट तक खुदाई कर उसे निकाला गया. उसके अंदर कुछ सामान नहीं था. केवल पानी व कुछ मिट्टी था. हालांकि खोदने के क्रम में मिट्टी का घड़ा क्षतिग्रस्त हो गया. घटना की जानकारी मिलते ही आसपास गांव के सैकड़ों की संख्या में उसे देखने को जुट गये. कोई से दैवीय कृपा कह रहा है तो कोई इसे चमत्कार बता रहा है. समाचार प्रेषण तक घटना पुरातत्व विभाग से कोई भी वहां नहीं पहुंचा था. मामला पुरातत्व विभाग से जुड़ी है. क्या कहते है स्थानीय लोग मेरन गांव निवासी बबलु कुमार सिंह एवं चंदन कुमार सिंह का कहना है वह मेरन डीह के नाम से जाना जाता है। मेरन डीहवार का इस जगह ननिहाल हुआ करता था। यह डीह राजानल का डीह बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी वर्ष 2014-15 में एक घड़ा मिला हुआ था। जिसमें कुछ अनाज भी था। जो मिट्टी के ढक्क्न से ढ़का हुआ था।

घर में घुसकर पिस्तौल की बट से पीटकर किया जख्मी

बेगुसराय। छौड़ाही सहायक थाना क्षेत्र के सहुरी पंचायत अंतर्गत बाजितपुर गांव वार्ड संख्या 4 में एक युवक को बुरी तरह पीट कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है, जहां पीड़ित रामकुमार राम ने लिखित आवेदन के अनुसार बताया कि उसके ग्रामीण लक्ष्मण राम, नीतीश कुमार राम, अकलू राम हथियार से लैस होकर उसके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज कर रहा था। मना करने मेरा बेटा अर्जुन राम गया तो सभी ने मिलकर पिस्तौल के बट से प्रहार कर पिटाई करने लगा। जिसमें अर्जुन राम का सिर फट गया। जिससे काफी खून बह जाने से बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। बचाने गए परिवार के सभी लोगों के साथ मारपीट करने लगा। जब हम हल्ला किए तो आस-पड़ोस के लोग व ग्रामीण पहुंचा तो सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। घायल सभी लोग को स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पीएचसी छौड़ाही में भर्ती कराया गया। जहां सभी घायल का इलाज जारी है। पीड़ित राम कुमार राम द्वारा घटना की लिखित शिकायत छौराही थाने में देकर न्याय की गुहार लगाई गई है।

शहर की समस्याओं से निजात पाने के लिए एक बार फिर बैठक आयोजित

विधायक एवं एसडीएम के साथ स्थानीय अधिकारी व समाजसेवी हुए सम्मिलित

प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। स्थानीय शहर में वर्षो से चले आ रहे समस्याओं को लेकर फिर एक बार बैठक का आयोजन किया गया, ताकि विभिन्न तरह की समस्याओं को निजात दिलाया जा सके। इस विषय को लेकर एक दिन पूर्व में स्थानीय एसडीएम रविकांत सिन्हा ने एक पत्र निकाल कर स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा, अधिकारियों, स्वच्छता एंबेसडर एवं समाजसेवी संस्थाओं को सूचना दिए थे। जिसके बाद शनिवार को विधायक श्री सिन्हा की उपस्थिति में एसडीएम श्री सिन्हा द्वारा स्थानीय थाना परिसर में व्यापारियों व संघ संगठन के सदस्यों के साथ उपरोक्त विषयक एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान एसडीएम श्री सिन्हा ने शहर के सभी समस्याओं के बारे में सबसे जानकारी प्राप्त किए और समस्याओं से निजात पाने का सुझाव भी लिए। इस दौरान चैंबर ऑफ कामर्स के सचिव आलोक श्रीवास्तव ने नेपाल से आने वाले टेम्पू के द्वारा मनमाने ढंग से सड़क पर अवैध पार्किंग की समस्या बताया, जिसके कारण रोज जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। वहीं स्वच्छता एंबेसडर सह शिक्षाविद् डॉ. स्वयंभू शलभ ने कहा कि शहर के मेन रोड के डिवाइडर पूरी तरह से दुरुस्त करने के साथ-साथ पेबर ब्लॉक नही लगा है, जहां लगा है उसे ठीक ढंग से नही लगाया गया है, उसे ठीक कराने की जरूरत की उन्होंने सलाह दी। वही उन्होंने कहा कि शहर की सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की समस्या है। शहर में पार्किंग की सुविधा है ही नही है, अगर पार्किंग की सुविधा कर दी जाएगी तो बहुत हद तक समस्याओं को दूर किया जा सकता है। वहीं राइस मिल एसोशिएसन के सचिव आरपी गुप्ता ने शहर में जाम की समस्या को हर हाल में प्रशासन से दुरुस्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि शहर की पहचान जाम की समस्या से खराब होती जा रही है। मौके पर विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा एवं एसडीएम रविकांत सिन्हा के साथ ईओ डॉ. मनीष कुमार, बीडीओ संदीप सौरभ, सीओ विजय कुमार, थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर नीरज कुमार, सांसद प्रतिनिधि राजकिशोर राय उर्फ भगत जी, बीजेपी नेता राजकुमार गुप्ता, पवन किशोर कुशवाहा, गणेश धनोठिया, शंभु चौरसिया, राजू गुप्ता, मो. निजामुद्दीन, मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व उपप्रमुख नयाब आलम एवं नगर मिशन प्रबंधक राकेश रंजन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

खरीफ कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । आम - महुआ विवाह भवन, रामदयालु नगर में खरीफ महाभियान अन्तर्गत जिलास्तरीय खरीफ कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका का उद्घाटन आयुक्त तिरहुत प्रमण्डल , जिलाधिकारी एवं , संयुक्त निदेशक (शस्य), द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिलाजीत सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी ने किया । इस कार्यक्रम में जिला नोडल पदाधिकारी ब्रजेश कुमार मिश्र ने सरकार द्वारा चलाये जा रहे खरीफ योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी दी एवं निदेशक, राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केन्द्र, मुशहरी, जिलास्तरीय पदाधिकारी, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, सरैया एवं तुर्की द्वारा तकनीकी जानकारी दी गई । कार्यक्रम में इस जिला के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं किसान सलाहकार भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में जिले में नव चयनित किसान सलाहकारों को आयुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा चयन पत्र दिया गया।

नेपाल के भारतीय दूतावास में सुनी गई पीड़ितों की रसमस्या

प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत नेपाल के बीरगंज स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास द्वारा दूतावास परिसर में ओपन हाउस फॉर कांसुलर गुणासो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गैर दिनचर्या के लिए नेपाल में बसने वाले पीड़ित भारतीय नागरिकों की समस्या सुन समाधान किया गया। जिसमें उषा रेडिमेड्स, जय शुभ प्रभात सर्विसेज प्रा. लि. , हुलास इंफ्रा प्रा. लि., सौरभ फूड प्रोडक्ट्स, जगदम्बा एंटरप्राइजेज प्रा. लि., न्यू गढ़ीमाई बॉडी वर्कशॉप, स्टील वुड एंटरप्राइजेज प्रा. लि. में काम करने वाले रहने वाले नागरिकों ने वाणिज्य दूतावास दर्ता एवं दर्ता नवीकरण संबंधी समाधान कराया। वही अगले 24 जून को परसा, बारा, रौतहट, सलार्ही, महोत्तरी, धनुषा, मकवानपुर एवं चितवन जिला में रहने वाले भारतीय नागरिक को अपने समस्याओं के समाधान के लिए भी संपर्क करने की बात कही गई।

इंटरसिटी ट्रेन परिचालन प्रारम्भ नही होने पर सम्पूर्ण क्रांति दिवस पर होगा आमरण अनशन

प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। उपेक्षा के कारण समस्याओं के जंजाल में फसे रक्सौल दिनो दिन गर्त में जा रहा है। अंतराष्ट्रीय महत्व का शहर रक्सौल इन दिनों यातायात के दृष्टिकोण से काफी पिछड़ा हुआ है। कोरोना काल के पूर्व रक्सौल से सुबह 5 बजे और 6 बजे आस पास पैसेंजर ट्रेन का परिचालन होता था, जो भाया रामगढ़वा पाटलिपुत्र तक जाती थी इससे जिला मुख्यालय, कमिश्नरी मुख्यालय और प्रदेश मुख्यालय तक सुगमता से छात्र नौजवान, किसान, मजदूर, व्यवसायी, वकील यात्रा करते थे, लेकिन रेल प्रशासन के उपेक्षा पूर्ण नीति से रक्सौल-सुगौली रेलखंड के बीच यात्रियों को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। फलतः समाजहित में में स्वच्छ रक्सौल के अध्यक्ष रणजीत सिंह के द्वारा विगत 25 मई 2023 से इंटरसिटी ट्रेन के पुनः परिचालन प्रारंभ कराने हेतु रामजी चौक रक्सौल पर धरना प्रदर्शन के माध्यम से अपना आवाज बुलंद कर रहे हैं, लेकिन रेल प्रशासन के अनसुनापन की स्थिति को देखते हुए दिनांक 30.5. 2023 से रणजीत सिंह, श्लोक कुमार सर्राफ के द्वारा ॠभूख हड़तालॠ करने का फैसला लिया गया है। इसके बाद अगर रेल प्रशासन इंटरसिटी ट्रेन का परिचालन प्रारंभ करने के प्रति गंभीरता नहीं दिखाती है, तो दिनांक 5 जून 2023 संपूर्ण क्रांति दिवस के अवसर पर आमरण अनशन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। उक्त सारी जानकारी स्वयं रंजित सिंह ने दी है। मौके पर रमेश सिंह, श्लोक कुमार सर्राफ, अनिल कुमार, बिट्टू कुमार, अखिलेश दयाल एवं पवन तिवारी आदि मौजूद रहे।

बंद घर में ताला तोड़ चोरों ने लाखों के समान कर ली चोरी

प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। स्थानीय शहर के वार्ड संख्या 24 में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक बंद घर में घुस लाखों रुपये नगद व गहने की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध ने गृह स्वामी सुनील कुमार ने इसकी जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को नेपाल में एक शादी में सम्मिलित होने के लिए पूरे परिवार के साथ गए हुए थे। उसके बाद एक पड़ोसी से सूचना मिली कि घर में चोरी हुई है। उन्होंने आगे बताया कि घर में रखे तीन लाख नेपाली करेंसी व करीब 2 लाख के गहने की चोरी हुई है। घर में चार कमरे है, जिस दो कमरे में रुपये व गहना रखा गया था उसी कमरे का ताला तोड़ा गया है, बाकी दो कमरों को चोरों ने खोला तक नही है। घर में रखे टीबी, साइकल व अन्य सामानों को चोर अपने साथ नही ले गए है। इस संबंध में थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर जांच को लेकर पुलिस को भेजा गया है व पीड़ित से आवेदन मांगा गया है।

नाहिदा परवीन ने सभासदों संग ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

- नगर का चहुंमुखी विकास करना ही मेरी प्राथमिकताः नाहिद परवीन

प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा/सहसपुर। सहसपुर नगर पंचायत की नवनिर्वाचित चैयरपर्सन नाहिद परवीन का शपथ ग्रहण समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ ।शपथ ग्रहण का कार्यक्रम नगर पंचायत परिसर में आयोजित किया गया ।जिसमें नगर के सम्मानित लोगों ने शिरकत की। नवनिर्वाचित चैयरपर्सन नाहिद परवीन और सभी 15 नवनिर्वाचित सभासदों को ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट नजीबाबाद मांगेराम चौहान ने पद एवं गोपनीयता तथा संविधान के अनुरूप कार्य करने की शपथ दिलाई ।नवनिर्वाचित चेयरपर्सन नाहिद परवीन के पति हाजी अमजद अली ने शपथ ग्रहण समारोह में आई सहसपुर एवं आसपास के क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए बहुत ही विन्रमता के साथ कहा कि मैं सहसपुर की आवाम का बहुत-बहुत दिल की गहराई से शुक्रिया अदा करता हूं मुझे और मेरे परिवार को इतनी इज्जत देकर जो उन्होंने मुझ पर एहसान किया है मैं उसे जिंदगी भर नहीं भुला पाऊंगा। आपने जो मेरी पत्नी पर विश्वास जताकर नगर पंचायत की कुर्सी बिठाया है ।मेरी पत्नी सहसपुर नगर का बिना भेदभाव के चहुमुंखी विकास कराकर उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी। मैं नगर की आवाम और बोर्ड के सभासदों से अपील करता हूं कि नगर के विकास के लिए सभी आपसी मतभेद भुलाकर विकास कराने में सहयोग करें। नगर पंचायत से सम्बंधित कार्यो के लिये बिना भेदभाव के उनके दरवाजे पूरी जनता के लिये 24 घंटे खुले हैं। शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी तादाद में जनता पहुंची ।शपथ ग्रहण समारोह में आई भीड़ ने अपनी नवनिर्वाचित चैयरपर्सन नाहिद परवीन और उनके पति अमजद अली, जेठ समी अंसारी तथा उनके लिये कड़ी मेहनत करने वाले समर्थकों, कार्यकर्ताओ, मित्रो को दिल खोलकर मुबारकबाद दी ।इस मौके पर अधिशासी अधिकारी धर्म देव सिंह, चेयरपर्सन पति हाजी अमजद अली अंसारी, समी अहमद आंसारी, मौहम्मद आदिल प्रधान, साईक चौधरी, शाहिद अली, डॉक्टर जमीर, सलीम मशकूर, राशिद अंसारी, गोरा कुरेशी, नाजिम अली अंसारी, सरफराज अंसारी, बब्बू टण्डन, हामिद अंसारी, जाबिर अंसारी, मुख्य लिपिक सलमान बाबू, लिपिक जमशेद बाबू आदि समस्त सभासद सहित सैकड़ो लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन आसिफ कुरैशी ने किया।

नवनिर्वाचित चेयरमैन शेख फैसल वारसी ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

- बिना भेदभाव के हर वक्त आवाम की खिदमत मे हाजिर रहूंगा:फैसल वारसी

प्रात: किरण संवाददाता

के नव निर्वाचित अध्यक्ष
सभासदों के
समारोह

स्योहारा। नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित लोकप्रिय चेयरमैन शेख फैसल वारसी का शपथ ग्रहण समारोह बहुत ही उमंग और उत्साह पूर्वक सम्पन्न हुआ ।शपथ ग्रहण समारोह स्योहारा में ठाकुर द्वारा रोड पर बर्फ फेक्ट्री के सामने एक मैदान में आयोजित किया गया ।नवनिर्वाचित चेयरमैन फैसल वारसी और नवनिर्वाचित सभी 25 सभासदो को ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट मांगेराम चौहान ने पद एवं गोपनीयता तथा संविधान के अनुसार कार्य करने की शपथ दिलाई। शपथ समारोह का कुशल संचालन फैसल हिलाल ने किया ।नवनिर्वाचित चेयरमैन फैसल वारसी ने शपथ ग्रहण समारोह में आई स्योहारा की जनता को संबोधित करते हुए बहुत ही जोशीले और भावुक अंदाज में कहा कि मैं स्योहारा की आवाम का बहुत-बहुत दिल की गहराई से शुक्रिया अदा करता हूं मुझे इतनी इज्जत देकर जो उन्होंने मुझ पर एहसान किया है मैं उसे जिंदगी भर नहीं भुला पाऊंगा। आवाम ने मुझ पर जो विश्वास जताकर स्योहारा नगर पालिका परिषद की कुर्सी पर बिठाया है मैं उस पर पूरा पूरा खरा उतरने का प्रयास करूंगा ।फैसल वारसी ने स्योहारा की आवाम और सभी नवनिर्वाचित सभासदो से अपील की कि सभी स्योहारा के विकास और उन्नति के लिए आपसी मतभेद भुलाकर विकास कराने में मेरा सहयोग करें ।शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि की हैसियत से आए पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के भतीजे हाजी सैयद इब्राहिम ने कहा कि आज हम सब को एक होने की जरूरत है सभी लोग अपने बच्चो को अच्छी तालीम दिलाएं चुनाव बीत गया सबको गिले-शिकवे भुलाकर विकास के लिए फैसल वारसी का साथ देना चाहिए ।उन्होंने फैसल वारसी की बहुत तारीफ करते हुए कहा कि नगर का विकास और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये फैसल वारसी के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा। हमें बिना भेदभाव के विकास कराना चाहिए ।शपथ समारोह में महिलाओं की भागीदारी भी बड़ी तादाद में रही। शपथ ग्रहण समारोह में आए हुए सभी लोगों को मिष्ठान वितरित किया गया ।इस मौके पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ए.पी पांडे, वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी फहीम उर रहमान, स्योहारा रियासत के कुंवर रनजय प्रताप सिंह, एडवोकेट महफूज चौधरी, सरताज बादशाह, एडवोकेट सय्यद जुल्फुकार, डॉक्टर एच.एस कालरा, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश रस्तौगी, डॉक्टर महमूद अली, खालिद चौधरी, साजिद चौधरी, फैसल वारसी की माता संजीदा चौधरी, पत्नी इरम अंसारी, जुनैद मलिक, एडवोकेट जुनैद हवा, मुजीब चौधरी,अफजाल चौधरी,अजीम चौधरी, वली रहमान, समीर रहमान, अयाज चौधरी, राशिद कुरैशी , शुऐब अंसारी,नईम कुरैशी, कामरान खान, बबलू जैदी, राजपाल प्रजापति, मंसूर चौधरी, राहुल शर्मा , विकास उर्फ मोनू आदि सहित समस्त सभासद तथा हजारो लोग शामिल रहे।

राशन कार्ड का आधार सीडिंग करवाने संबंधी जागरूकता रथ रवाना किया गया

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी डीएम अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश के आलोक में जिले में राशन कार्ड का आधार सीडिंग करवाने संबंधी जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जागरूकता रथ रवाना किया गया, ताकि अधिक से अधिक लोगों से राशन कार्ड से आधार सीडिंग करवाने संबंधी अनिवार्यता की जानकारी साझा की जा सके ।इस कड़ी में आज अनुमंडल पदाधिकारी झंझारपुर कुमार गौरव द्वारा झंझारपुर अनुमंडल अंतर्गत सभी चार प्रखंडों लखनौर मधेपुर झंझारपुर और अंधराठाढी के सभी गांवों में प्रचार प्रसार हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बताते चलें कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के द्वारा जारी निर्देश के आलोक में राशन कार्ड के अंदर उल्लिखित नाम वाले सभी लाभुकों को आधार सीडिंग करवाना अनिवार्य है। किसी भी लाभुक का नाम उनके संबंधित डीलर द्वारा केवल आधार कार्ड ले जाने पर निःशुल्क जोड़ा जाता है। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी वंदना कुमारी ने बताया कि 30 जून 2023 तक राशन कार्ड में उल्लिखित नामों के व्यक्ति को आधार कार्ड से सीडिंग करवाना अनिवार्य होगा। इसके बाद सीडिंग नहीं कराए गए नामों को विभाग द्वारा विलोपित कर दिया जाएगा। अतः आगे चलकर कठिनाइयों का सामना न करना पड़े इसलिए जल्द से जल्द राशन कार्ड धारकों द्वारा अपना आधार कार्ड अनिवार्य रूप से सीडिंग करवा लेना चाहिए।

बरसात का मौसम आने से पहले नालो की सफाई अच्छी तरह से करें पूर्ण : डीएम

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में नगर निगम, मधुबनी द्वारा किये जाने वाले कार्यो एवं आधारभूत संरचना में प्रगति की समीक्षा बैठक में बरसात का मौसम आने को है ऐसे में नगर निगम क्षेत्र के नालों की सफाई मॉनसून आने से पहले अच्छी तरह से पूर्ण कर ले ताकि बारिश के मौसम में वर्षा जल निकासी की दिक्कत न हो ।उक्त बातें जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में नगर निगम मधुबनी द्वारा किये जाने वाले कार्यो एवं आधारभूत संरचना में प्रगति की समीक्षा बैठक में निगम के अधिकारियों से कही। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी आए दिन दिखने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए बस स्टैंड, मधुबनी के पास के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने के निर्देश भी दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शहर के लगभग सभी प्रमुख रास्तों और चौक चौराहों को अतिक्रमण से मुक्त कराए जाने की आवश्यकता को देखते हुए नियमित रूप से अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि एक बार हटाए जाने के बावजूद भी कोई पुनः अतिक्रमण करते हैं तो कड़ी चेतावनी देते हुए उनके अतिक्रमित समान को जब्त कर लिया जाए ।नाले में कचड़ा डालने की प्रवृति को गलत बताते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों से आर्थिक दंड वसूल किया जाए। चूंकि, नगर निगम द्वारा नियमित रूप से कचड़ा संग्रहण के लिए गाडियां चलाई जा रही हैं, ऐसे में साफ सफाई रखना आम नागरिक की भी जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही वे नगर निगम क्षेत्र में निरीक्षण के लिए निकलेंगे और सभी बातों का जायजा लेंगे। उन्होंने तिलक चौक स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी को और सुविधाजनक बनाने और सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियों को देखते हुए नगर भवन, मधुबनी के मरम्मती कार्य को जल पूर्ण कर सुविधाओं को बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी को भी निर्देशित किया है कि गिरधारी पब्लिक लाइब्रेरी में यदि चुनाव संबंधी कोई सामग्री रह गई हो तो उसे जल्द से जल्द खाली कर दें। ताकि इसका भी विकास किया जा सके। उक्त अवसर पर नगर आयुक्त, अनिल चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा, अमेत विक्रम बैनामी, प्रभारी पदाधिकारी जिला विकास शाखा, निधि राज, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण, अनिल कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

- खजौली में 19435 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य
- बीडीओ एवं प्रभारी चिकित्सका पदाधिकारी ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी सीएचसी खजौली परिसर में रविवार को राष्ट्रीय कार्यक्रम पल्स पोलियों चक्र मई-2023 का विधिवत उद्घाटन बीडीओ मनीष कुमार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ज्योतिन्द्र नारायण ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया. प्रभारी चिकित्सक ने कहा कि प्रखंड में 26596 परिवार के 19435 बच्चों को पोलिया की खुराक पिलाने का लक्ष्य है. जिसमें शुन्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो का खुराक पिलाया जायेगा. कार्यक्रम आगामी 1 जून तक चलेगा. इसके बाद पुनः छूटे हुए बच्चों को तीन जून को विशेष अभियान चलाकर पोलियो की खुराक पिलायी जायेगी. बीएमसी कालीचरण झा ने कहा कि इस कार्य के लिए प्रखंड में 155 मेन पावर को लगाया गया है. जिसमें सात एएनएम, 85 आशा कार्यकर्ता, 14 आंगनबाड़ी सेविका, 6 आशा फेसिलेटर एवं 22 ग्रामीण व्यक्ति शामिल है. इस कार्य का सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सीएचसी स्तर से मोनेटरिंग टीम भी गठित किया गया है.जो इसका सतत निगरानी करेगें. बीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि इस चक्र के दौरान एक भी बच्चा पोलियो की खुराक से छूटना नहीं चाहिए. सीएचसी प्रभारी ने सभी चिकित्सा पदाधिारी एवं स्वास्थ्य कर्मी को कार्यक्रम के सफल संचालन का निदेश दिया. चिकित्सा पदाधिकारी, जीएनएम, ए एन एम, सी एच ओ,स्वास्थ्य कर्मी,आशा कार्यकर्ता, आशा फैसिलिटेट र,आंगनवाड़ी सेविका के द्वारा लापरवाही बरती जाती है या अनुपस्थित पाए जाने पर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएग. साथ ही उन सभी संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों की सूची डीएम एवं और सिविल सर्जन को अनुशासनिक कार्रवाई के लिए भेज दिया जायेगा।

समाहरणालय पर भाकपा जनसत्याग्रह-जेल भरो आंदोलन 8 जून को

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मीनापुर अंचल परिषद् की बैठक मानिकपुर के शहीद जुब्बा साहनी स्मारक भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया जगदीश प्रसाद गुप्ता ने की। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के नौ वर्ष गरीब मजदूर किसानों के लिए मुसीबत बन गया। सरकार ने सबका साथ तथा सबका विकास का वादा किया था, लेकिन गरीबों के लिए चलाए जा रहे मनरेगा, आवास योजना तथा वृद्धावस्था पेंशन में केन्द्रीय आवंटन में कटौती से गरीबों में घोर हताशा और निराशा कायम है। किसानों की आय दोगुना करने का सब्जबाग दिखाया गया लेकिन फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून नहीं बना। इस दौरान महंगाई में बेतहाशा वृद्धि हुई और रोजगार के अवसर लगातार घटता रहा। सरकार कॉरपोरेट घराने पर पूरी मेहरबान बनी रही और सार्वजनिक उपक्रमों को कौड़ी के भाव अपने कॉरपोरेट मित्रों को दिया गया। सरकार गरीबों, मजदूरों, किसानों की सुधि के बजाय उच्च वर्ग के हित में बुलेट ट्रेन और स्मार्ट सिटी में देश को उलझाए रखा। इन्होंने मोदी सरकार की नाकामियों के खिलाफ पार्टी के राष्ट्रव्यापी राजनीतिक अभियान में जन जागरण चलाकर 08-09 जून को समाहरणालय पर राज्यव्यापी जनसत्याग्रह-जेल भरो आंदोलन चलाएगी। बैठक में आगामी 08 जून को जनसत्याग्रह में मीनापुर से जनसरोकार के मुद्दों पर भारी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। बैठक को पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रो० लक्ष्मीकांत, अंचल सचिव शिवजी प्रसाद, रामचंद्र झा, आदित्य प्रकाश, गणेश राय, संजय कुमार, जगदीश शर्मा, नगीना प्रसाद, जंगलाल प्रसाद, उमेश प्रसाद, आदि पार्टी नेता शरीक हुए।

पॉक्सो एक्ट नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिला के खजौली थानाक्षेत्र के कसमा मरार गांव निवासी व पॉक्सो एक्ट के नामजद आरोपी कृष्ण कुमार गुप्ता को खजौली पुलिस ने रविवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपी को रविवार के दिन न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. इसकी गिरफ्तारी के लिए कुर्की का वारंट भी निर्गत हो गया था. पुलिस ने इसके घर कुर्की का भी इस्तिहार चिपका दिया था. गिरफ्तारी दल में प्रभारी थानाध्यक्ष राम कुमार, प्रशिक्षु दरोगा जितेश कुमार मिश्र, मदन उराव सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व बल शामिल थे।

08
राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, सोमवार, 29 मई, 2023

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

पं. जवाहरलाल नेहरु की 59वीं पुण्यतिथि कांग्रेसियों ने मनाई

भागलपुर। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु के 59वी पुण्यतिथि को लेकर भागलपुर विधायक सह बिहार कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता अजीत शर्मा ने अपने आवास स्थित कांग्रेस के कैंप कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया। वही कार्यक्रम के दौरान भागलपुर विधायक अजीत शर्मा के साथ-साथ भागलपुर जिला के कांग्रेसियों ने भी पंडित नेहरू के तेलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किये। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद थे। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अजीत शर्मा ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु दूरदृष्टि वाले प्रधानमंत्री थे, जब उन्होंने देश की बागडोर संभाली थी, उस समय देश के सामने कई तरह की चुनौतियां रही थी। जिसका सामना करते हुए उन्होंने देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया।

नाबालिग बच्चे के विरुद्ध 107 का नोटिस किया जारी

भागलपुर। पुलिस की बड़ी लापरवाही बढ़ते जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि बायपास टीओपी थाना पुलिस को अब नाबालिग बच्चे से भी डर लगने लगा है। वही बाईपास थाना पुलिस नाबालिग बच्चे पर भी 107 के तहत कार्रवाई का नोटिस जारी कर दिया है। दरअसल थाना क्षेत्र के खीरी बांध के रहने वाली नाजरा और जुबेदा के बीच पिछले दिनों पानी को लेकर हुई विवाद मामले में स्थानीय थाना पुलिस द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी को विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर 107 का नोटिस जारी करने का आग्रह किया था। जिसमें बीवी जुबैदा, बीबी रवीना और 10 साल के नाबालिग बच्चे मो. कटूकू का भी नाम दे आपराधिक मामलों में पंजीकृत कर दिया है, जबकि मामले को लेकर 10 बर्षीय बच्चा मो. कटुकु कह रहा है कि जिस दिन पानी को लेकर विवाद हुआ था उस दिन वह स्कूल में था। वही परिजन भी कह रहे हैं कि पुलिस बिना घर पर आए और बिना जांच किए ही बच्चे के नाम को पुलसिंग डायरी में दर्ज कर दिया है। वही इस पूरे मसले पर सिटी एसपी अमित रंजन का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी, और जो भी दोषी होंगे उन पर शख्त कार्रवाई की जाएगी। वही जारी नोटिस के बाद से बच्चे के स्कूल परिसर में जाना मुश्किल हो गया है। उक्त मामले को लेकर परिवार के लोग बच्चे के भविष्य बर्बाद करने व दागदार बनाने वाले लोगों के विरुद्ध न्याय की गुहार ले कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

भाजपा कार्यकताओं की बैठक हुई सम्पन्न

गोराडीह (भागलपुर)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बिरनौध चौक के समीप भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। वही बैठक को संबोधित करते हुए विधायक पवन यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी भागलपुर सहित बिहार की चालीसों सीट पर अपनी जीत हासिल कर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 9 साल पूरा होने पर आगामी 30 मई से 30 जून तक महा जनसंपर्क अभियान सभी कार्यकर्ता मिलकर चलाएंगे। बैठक के दरमियान विधायक पवन यादव ने कई गणमान्य लोगों को भाजपा संगठन की सदस्यता की सपत दिलाई साथ ही बैठक को भाजपा जिला महामंत्री सह विधानसभा प्रभारी विजय कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, प्रमोद सिंह पुर्व मुखिया मुरहन, प्रमुख प्रतिनिधि पंकज यादव, कौशल तांती, दिलीप महतो, सुनील पंडित आदि ने संबोधित किया।

नल जल योजना का पानी मोटर पंप से घर के टंकी में भरना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती

संग्रामपुर (मुंगेर)। जिले के संग्रामपुर प्रखंड के अंतर्गत रामपुर पंचायत के वार्ड संख्या 11 में मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना हर घर नल तो लगाया गया है पर लोग अपने आदत से बाज नहीं आ रहे हैं जिसका नतीजा हो रहा है कि नल जल का पानी कुछ ही घरों तक सीमित रह जाता है बताते चलें कि नल जल का पानी नहीं पहुंचने के कारण सबसे बड़ी वजह यह है कि दर्जनों से अधिक लोग अपने घरों में नल जल के कनेक्शन से मोटर का उपयोग करते हैं जिसके कारण घर-घर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है वहीं पंचायत के उप मुखिया प्रेम कुमार रजक ने बताया कि कि हमारे वार्ड में सही समय पर पानी का संचालन होता है लेकिन पानी इस समय पर चालू होते ही कई लोगों के द्वारा मोटर पंप चालू कर दिया जाता है जिसके कारण वार्ड के कुछ वैसे घर है जहां पर के जल का पानी नहीं पहुंच पाता है इसको लेकर के हमने पंचायती राज पदाधिकारी संग्रामपुर को मुख्य रूप से जानकारी दिया लेकिन उनके द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि हम आ कर के देखेंगे लेकिन उनके द्वारा अभी तक नहीं देखा गया है इसके कारण मोटर चलाने वाले लोगों धड़ल्ले से मोटर चला रहे हैं वहीं ग्रामीण शिव शंकर मंडल बुद्धू देवी इत्यादि लोगों ने बताया कि हमारे वार्ड में लगभग एक वर्ष पूर्व से ही पानी का संचालन सही तरीके से नहीं किया जाता है।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना कार्य हुआ संपन्न

सबसे कम उम्र की मुखिया पद पर काबिज हुई पायल शर्मा, अपने प्रतिद्वंदी सरोज चौधरी को 193 मतों से किया पराजित

प्रात: किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुल्तानगंज प्रखंड के कुमैठा पंचायत के उपचुनाव का मतगणना कार्य सुल्तानगंज प्रखंड कार्यालय में संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि विगत 2022 में तत्कालीन मुख्य अनीता देवी की हत्या के बाद हुए मुखिया उपचुनाव में स्वर्गीय अनीता देवी की पुत्री पायल शर्मा ने मुखिया पद पर कब्जा जमा लिया है। पायल शर्मा ने महज 21 वर्ष 6 महीने के उम्र में मुखिया पद पर काबिज होने के साथ इतिहास रच दिया है। जिसे बिहार की सबसे कम उम्र की मुखिया बन कर उभर कर सामने आयी है। प्रत्याशी पायल शर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रत्याशी सरोज चौधरी को कुल 193 मतों से पराजित कर मुखिया पद पर अपनी जीत हासिल कर मुखिया पद की दावेदारी सुनिश्चित कर ली है। हम आपको बता दें कि सुल्तानगंज प्रखंड के कुमैठा पंचायत में हुए मुखिया पद के उपचुनाव में कुल 8160 मतदाताओं में से कुल 3934 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। जिसमें प्रत्याशी पायल शर्मा को 2033 मत प्राप्त हुए हैं तो वही उनके प्रतिद्वंदी प्रत्याशी सरोज चौधरी को 1840 मत प्राप्त हुए है जिसके साथ ही निर्वाचन अधिकारी के द्वारा प्रत्याशी पायल शर्मा को 193 मतों के साथ मुखिया पद की दावेदारी की विजेता घोषित कर दिया गया। मुखिया पद पर कब्जा जमाने वाली पायल शर्मा अपने घर की सबसे कम उम्र की मुखिया बनकर एक इतिहास रच दिया है। वही प्रत्याशी पायल शर्मा अपनी जीत पर काफी उत्साहित दिखाई दे रही हैं। इस दौरान उन्होंने अपने पंचायत का सर्वांगीण विकास करने की बात करते हुए कहा कि जो सपना उनकी मां ने अपने पंचायत के विकास को लेकर देखा था, वह उसे आगे बढ़ाने की बात कही है, और अपने पंचायत को बिहार का सबसे विकसित पंचायत की बनाये जाने के साथ उच्च श्रेणी में लेजाने का ऐलान कर दी है। वही मुखिया पद पर पायल शर्मा की जीत से उत्साहित उनके समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें फूल माला पहना कर उनका जोड़दार स्वागत किया। उनकी जीत को लेकर समर्थकों ने विजय जुलूस निकालकर जनता के समर्थन का हर्षोल्लास के साथ अभिवादन किया।

फंदे से झूलता हुआ देवर व भाभी का संदिग्ध अवस्था में मिला शव

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र के मदनुचक इलाके के एक घर के कमरे में युवक और महिला का फंदे से लटका हुआ शव बरामद किये जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि मृतक युवक व महिला रिश्ते में दोनों देवर भाभी बतायी जा रही हैं, दोनो मृत देवर व भाभी इलाके के एक मकान में किराये पर रहते थे, वही मृत महिला की पहचान राधा देवी व मृतक युवक की पहचान मुकेश कुमार के रूप में बतायी जा रही है, वही प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कमरा अंदर से बन्द था और दोनो देवर व भाभी अंदर कमरे में फंदे से लटकता हुआ दोनो के शव को बरामद किया है। वही घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय मोजाहिदपुर थाना पुलिस की टीम पहुंची और मौके से वरीय अधिकारियों के निर्देश पर घटना की स्पेशल जांच को लेकर एफएसएल की टीम को बुलाया गया। टीम के पहुँचने के साथ ही पुलिस ने कमरे को खोलकर घटना की जाँच में जुट गई है। वही घटना के कारण फिलहाल स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पा रहा है। वही मृत महिला के पति अरुण साह श्रीनगर में रहकर फूचका (पानी पूरी) का कारोबार करता है। महिला के दो बच्चे हैं जिसमें सात वर्षीय बेटा जसवीर कुमार और 5 वर्षीय बेटी दुर्गा कुमारी है। वहीं घटना को लेकर मृतका राधा की माँ रेखा देवी ने बताया कि मेरी बेटी राधा 15 दिन पटना में रहकर और 15 दिन सबौर में रहकर एक निजी क्लिनिक में नर्स का काम करती थी, मोजाहिदपुर इलाके में एक मकान में किराये पर रूम लेकर देवर के साथ रह रही थी। मृतिका राधा देवी पहले सब्जी बेचने का काम किया करती थी, कल वो रूम पर आई थी। राधा के उसके पति के साथ लगातार झगड़ा विवाद होते रहती थी। वहीं पुलिस पूरे मामले की जाँच में जुट गई है। घटना को लेकर सिटी एसपी अमित रंजन ने मौके पर पहुंच पूरे मामले की जानकारी ली है। वही मामले को लेकर सिटी एसपी ने बताया कि आत्महत्या का मामला है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है।

अधिवक्ताओं ने काला बिल्ला लगाकर किया धरना प्रदर्शन

प्रात: किरण ब्यूरो।

भागलपुर। जिले भर में सुलभ न्याय व्यवस्था के लिए लगातार कई वर्षों से उच्च न्यायालय के खंडपीठ स्थापना की मांग को लेकर आए दिन अधिवक्ताओं के द्वारा धरना प्रदर्शन के माध्यम से जनसमस्याओं की परेशानी से केंद्र सरकार व राज्य सरकार को अवगत करते रही हैं। इसी बाबत भागलपुर सिविल कोर्ट गेट के समक्ष अधिवक्ताओं के द्वारा काला बिल्ला लगाकर धरना प्रदर्शन किया है। उक्त मामले को लेकर डीवीए के मेंबर सह अधिवक्ता चंदन कुमार ने बताया कि भागलपुर में उच्च न्यायालय की खंडपीठ की स्थापना होने से भागलपुर जिला सह कमिश्नरी के सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं को कई मामले में पीड़ित जनता के लिए न्याय सुलभ हो जाएगा। वही उन्होंने कहा कि यदि यहां कोई केश रिजेक्ट हो जाता है, तो हम लोगों को हाई कोर्ट में याचिका दायर करने के लिए जाना पड़ता है, जहां केस के निष्पादन में अत्यधिक लंबा समय लग जाता है, और इस क्रम में आर्थिक बोझ से भी जूझना पड़ता है। वही बाल आनंद ने कहा कि मौखिक रुप से महामहिम राष्ट्रपति कार्यालय और उच्च न्यायालय स्तर से भी आश्वासन मिला था, इसके लिए हम अधिवक्ताओं ने जमीन को भी चिन्हित कर लिया है। हम लोग की मांग हैं कि जल्द से जल्द भागलपुर में उच्च न्यायालय के खंडपीठ की स्थापना को लेकर कार्य की शुरूआत हो जाए, इसके लिए हम लोग धरना प्रदर्शन के माध्यम से प्रयासरत हैं।

भारी मात्रा में विदेशी शराब की बड़ी खेप पुलिस ने किया बरामद

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिले भर में शराब तस्करी को रोकने के लिए बिहार सरकार की ओर से कई हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, लेकिन शराब तस्करी करने वाले गिरोह सक्रिय भूमिका अपनाये जाने को लेकर लगातार पुलिस प्रशासन की टीम इस ओर विशेष पहल करते हुए अब सरकार स्तर ने शराब तस्करी की रोकथाम के लिए निगरानी टीम को कार्य सौंप दी है, फिर भी अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वाले गिरोह अपनी हड़कत से बाज नहीं आ रहे है। इसी कड़ी में एक और मामला नवगछिया पुलिस जिला के भवानीपुर थाना क्षेत्र से सामने आया है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि नवगछिया के भवानीपुर थाना क्षेत्र इलाके में शराब तस्करी को लेकर पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी, उक्त सूचना के आलोक में पुलिस ने दबिश देकर ब्लैक रंग की एक कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब की एक बड़ी खेप बरामद किया है। वही मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक नवगछिया के सुशांत कुमार सरोज को गुप्त सूचना मिली थी कि भवानीपुर होते हुए शराब की बड़ी खेप खगड़िया की ओर जा रही है। उक्त सूचना को लेकर भवानीपुर पुलिस के द्वारा एनएच 31 पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान एक कार का ड्राइवर गाड़ी को सड़क किनारे खड़ी कर मौके से फरार हो लिया। वहीं पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो उसमें भारी मात्रा में विदेशी शराब की बोतल बरामदगी हुई है। वही पुलिस शराब माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर वाहन मालिक का पता करने में जुट गई है।

मोदी सरकार के 9 साल पूरा होने को लेकर कांग्रेस इंटक ने किया झूठो का पदार्फाश

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिला कांग्रेस इंटक ने कचहरी चौक पर मोदी सरकार को 9 साल पूरा होने पर बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से कांग्रेस इंटक के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश उपाध्याय के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष एवं पार्टी के पदाधिकारियों ने अनेकों सवाल पूछ कर मोदी सरकार के झूठो का पदार्फाश किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश उपाध्याय ने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी जी मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाने वाले जादूगर हैं, वे झूठ बोलने में कंजूसी नहीं करते हैं। पिछले 9 वर्षों में मोदी सरकार ने देश की जनता को भड़काया और सताया है, उन्होंने जितने वादे जनता से किए वो सभी वादे काल्पनिक थे।

वही कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक कुमार, महासचिव पिंटू कुमार, मुकेश यादव, सिद्धार्थ शर्मा, प्रभाकर, गोपाल कर्मकार, कुंदन कुमार, प्रखंड अध्यक्ष रविंद्रनाथ यादव, समाजसेवी मृत्युंजय कुमार, सिकंदर चौधरी, मंटू यादव कामेश्वर मंडल प्रदेश प्रतिनिधि अभिषेक कुमार चौबे आदि दर्जनों कांग्रेस इंटक के कार्यकर्ता मौजूद थे।

हनुमान मंदिर के ध्वजा में लगी आग

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। घंटाघर चौक स्थित हनुमान मंदिर के समीप देर रात आग लगने की घटना प्रकाश में आया है। आग मंदिर के सटे हनुमान मंदिर में चढाई गई ध्वजा के बांस में लगी है, जो धीरे-धीरे आग फैलने लगी जिससे वहां बड़ी संख्या में गाढ़े गए अन्य ध्वजा में भी आग पकड़ ली, आग की लपटें इतनी ऊंची लपटे उठने लगी थी कि मंदिर से काफी ऊपर नीम के पेड़ तक पहुंच गई, देखते ही देखते पूरे इलाके में अफरा - तफरी का मच गयी। वही आसपास के लोग आग को लगा देख आग को बुझाने की कवायद में जुट गयी। वही लोग आग में पानी, बालू मिट्टी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि वह बुझ नहीं पा रही थी, तभी 30 से 35 मिनट बाद दमकल की टीम गाड़ी के साथ मौके पर पहुंची जिसके बाद टीम ने काफी मशक्कत के बाद लगी आग पर काबू पाया। वही आग कैसे लगी इसका कुछ स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि शायद पूजा के समय में दीप जो जलाई जाती है उसी दीप से बस में आग लग गयी हो और यह धीरे धीरे विकराल रूप धारण कर लिया है, इस मंदिर की खास बात यह है कि आग की लपटे मंदिर के चारों ओर थी, लेकिन मंदिर व वहां के कपड़े पूर्णरूपेण सुरक्षित थे, यह देख लोगों ने जय श्रीराम का उद्घोष शुरू कर दिया। वही प्रत्यक्षदर्शी मोंटी जोशी ने बताया कि आसपास के लोग पानी, बालू व मिट्टी से आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन आग की लपटें काफी तेज थी, फिर फायर ब्रिगेड को कॉल किया गया और फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया गया। आग कैसे लगी यह किसी को नहीं पता, हो सकता है पूजा के दौरान में दीप जलाने से हुआ हो या फिर शॉर्ट सर्किट से लगी ये स्पष्ट रूप से आग लगते किसी ने देखा नही है।

नगर निगम कार्यालय में जनता की समस्या की होगी सुनवाई : मेयर

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। नगर निगम के इतिहास में पहली बार अब जनता की परेशानियों को सुलझाने के लिए जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है, यह दरबार हर माह के पहले और अंतिम मंगलवार को निगम परिसर में लगाया जायेगा। इस जनता दरबार में निगम के सभी विभागों के कर्मी मौजूद रहेंगे, जनता दरबार प्रत्येक महीने के पहले और अंतिम मंगलवार को दिन के 12:00 बजे से प्रारंभ होगा। गौरतलब हो कि इस बार जनता के द्वारा निर्वाचित मेयर व उप मेयर की नई टीम द्वारा शहर को नये रूप व नये स्वरूप में ढालने की कवायद शुरूआत कर दी है। वही मामले को लेकर नगर निगम के कार्यालय के सभागार में एक प्रेसवार्ता के दौरान मेयर डॉ. बसुंधरा लाल व डिप्टी मेयर डॉ. सलाउद्दीन ने उक्त आशय की जानकारी दी। इसी क्रम में मेयर डॉ. वसुंधरा ने कहा कि हम लोगों का कार्यकाल अभी 5 महीने भी ठीक से पूरे नहीं हुए हैं, लेकिन हम लोगों ने शहर को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक नई रणनीति तैयार की है। जिसमें अब निगम के तहत जनता को होने वाले परेशानियों को दूर करने के लिए आम जनता के बीच रूबरू हो कर हम लोग जनता की समस्याओं को सुलझाने के साथ साथ अपनी जनहित योजनाओं को जनता के बीच रख सकेंगे। इस दौरान जनता की समस्या को सुनकर उनका निदान जल्द से जल्द किया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया जलकल योजना, सफाई, स्वास्थ्य, अतिक्रमण, नक्शा अवैध निर्माण, स्थापना ट्रेड, लाइसेंस व बुडको जैसे कई जन समस्याओं के साथ उक्त विषयों पर होने वाले जनसमस्याओं का निदान यहां त्वरित निराकरण किया जाएगा। वही उन्होंने बताया कि शहर को स्वच्छ रखने के लिए हम लोगों ने रात्रि पाली की शुरूआत कर दी है, वहीं दूसरी ओर प्लास्टिक लाओ थैला पाओ कार्यक्रम को भी प्रारंभ कर दिया है, उम्मीद है इससे शहर स्वच्छ व सुंदर बनाने में सहायक साबित होगा।

उत्पाद विभाग की टीम ने कई घरों में दी दबिश

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। सूबे में पूर्णशराब बंदी होने के बावजूद शराब तस्कर शराब अपनी हड़कत से बाज नहीं आ रहे, शराब के व्यवसाय को लेकर आए दिन नये नये तकनीक अपनाते हुए अपने हथकंडे आजमा रही हैं, जब पुलिस की टीम लगातार उनके मंसूबों को बिफल करते रहे, तो अब कारोबारी द्वारा अपने घरों में शराब की भट्ठी लगाकर शराब बनाकर बेचने का काम शुरू कर दी है।

उक्त दिशा में भी जिले की पुलिस सुनियोजित तरीके से नाकाम करने में आये दिन जगह जगह दबिश देने में जुटी हुई है। इसी कड़ी में एक और मामला आंचल सह ईशाकचक थाना क्षेत्र के पासी टोला इलाके से सामने आया है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि इशाकचक मोहल्ले में उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा कई घरों में दबिश देकर देशी शराब की तलाश शुरू की। वही छापेमारी के दौरान उत्पाद विभाग की पुलिस टीम ने एक घर में शराब बनाने के सामान सहित घर के अंदर बने एक गड्ढे में रखें देशी शराब को बरामद किया है। जिसके बाद उसे टीम द्वारा उक्त शराब को मौके पर ही विनष्ट कर दिया। इसी क्रम में टीम ने एक दुकान से 10 लीटर देशी शराब के साथ एक बुजुर्ग महिला को मौके से गिरफ्तार कर लिया है।लगातार उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा शराब को लेकर जिले भर में दबिश दी जा रही है, इसके बावजूद देशी निर्मित शराब कारोबार का सिलसिला लगातार जारी है।

लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम से चीफ लीगल एंड डिफेंस वकील की होगी बहाली : सचिव

प्रात: किरण ब्यूरो

मुंगेर। जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के सचिव राजीव नयन ने कहा है कि मुंगेर जिले के गरीब और निस्सहाय लोगों को अब कानूनी सहायता के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

उन्हें मुफ्त में सभी तरह के अपराधिक मामलों में कानूनी सहायता दी जाएगी। इस व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर की ओर से लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की शुभारंभ की जा रही है। उन्होंने कहा है कि इसके अंतर्गत योग्य और सक्षम फुल टाईम अधिवक्ताओं की नियुक्ति की जानी है। श्री नयन ने बताया कि चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल, डिप्टी लीगल एंड डिफेंस काउंसिल और असिस्टेंट लीग एंड डिफेंस काउंसिल के पदों पर नियुक्ति की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव ने बताया कि इन पदों पर नियुक्ति आवेदन के लिए 24 मई से 07 जून तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से या फिर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के कार्यालय में हाथों-हाथ जमा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन पदों पर नियुक्त अधिवक्ता निस्सहाय लोगों को गिरफ्तारी से पूर्व गिरफ्तारी और रिमांड ट्रायल और अपील सहित सभी स्टेज पर जरूरतमंद लोगों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराएंगे। लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के तहत चयनित वकीलों को तय मानदेय का भुगतान किया जाएगा। यह नियुक्तियां सभी पदों पर 02 वर्ष के लिए संविदा के आधार पर होगी। सचिव ने बताया कि नियुक्ति के दौरान चयनित अधिवक्ता प्राइवेट तौर पर अपनी प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर पाएंगे।

सदर प्रखंड के 2 पंचायत का मतगणना शांतिपूर्ण हुआ संपन्न

मुंगेर सदर। सदर प्रखंड अंतर्गत दो पंचायत में वार्ड सदस्य पद हेतु चुनाव कराया गया था जिसका मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई वही इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी सदर मुंगेर विकास कुमार द्वारा बताया गया कि दो पंचायत का मतगणना सदर प्रखंड के सभागार में आयोजित की गई जिसमें कुतलूपुर दियारा पंचायत वार्ड संख्या5से झुना देवी 205 मत प्राप्त हुआ तो वही उनके प्रतिद्वंदी रेखा देवी को 160 मत प्राप्त हुआ इस प्रकार से झुना देवी विजय घोषित की गई वही मय पंचायत के वार्ड संख्या16 से पिंकी देवी -1 को147 मत प्राप्त हुआ तथा पिंकी देवी -2 को 208 मत प्राप्त हुआ इस प्रकार से पिंकी देवी 2 विजय घोषित की गई।

दो दिवसीय जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रात: किरण ब्यूरो

BHAGALPUR DISTRICT CHESS
ORGANISER
Date-27
May

भागलपुर। जिला शतरंज संघ की ओर से दो दिवसीय जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय खेल भवन सैंडिस कंपाउंड परिसर में की गई। यह कार्यक्रम दो दिवसीय है, जो 27 मई से 28 मई तक चलेगा। कार्यक्रम का आयोजन भागलपुर जिला शतरंज एसोसिएशन की ओर से किया जा रहा है।कार्यक्रम में बीडीसीए के ट्रेजरर कुणाल कुमार रॉय, महासचिव पिंकी बनर्जी और सचिव अजय कुमार मिश्रा मौजूद थे। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भागलपुर के उपमेयर डॉ. सलाउद्दीन अहसन ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के दौरान तकरीबन शतरंज के दो सौ बच्चों से अधिक खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया है। वहीं प्रतियोगिता का आयोजन तीन समूह में किया गया है, जिसमें अंडर 13 अंडर-19 और ओपन ग्रुप बनाया गया है। वही कार्यक्रम में आए खेल पदाधिकारी जयप्रकाश कुमार ने बताया कि जिले में शतरंज प्रतियोगिता के लिए सरकार द्वारा कई अहम कदम उठायी जा रही है। जिससे यहां के खिलाड़ियों को काफी फायदा मिल सकेगा। वही मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल डॉ. सलाउद्दीन हसन ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने खेल पर फोकस करें।

भाजपा मंडल कार्यसमिति की पहली बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर बनी रणनीति

प्रात: किरण संवाददाता

पूर्णिया /भवानीपुर । भारतीय जनता पार्टी धमदाहा मंडल कार्यसमिति की नए सत्र की पहली बैठक स्थानीय भाजपा धमदाहा मंडल में भारत शिव गैस एजेंसी के समीप जय साधु बाबा रोडवेज प्रांगण में संपन्न हुई। शहर के मंडल धमदाहा में आयोजित बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित किया गया वही वंदे मातरम गीत गाया गया कार्यक्रम के साथ मुख्य अतिथि के रूप में जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष धमदाहा प्रभारी सत्य प्रकाश यादव जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र शेखर, कुमार राघवेंद्र जिला कार्यसमिति सदस्य, राजेश रंजन जानकी नगर मंडल अध्यक्ष, इन सबों के उपस्थिति में भाजपा धमदाहा मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के निमित्त और पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर विधिवत चर्चा हुई। वहीं भाजपा जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष सह धमदाहा मंडल प्रभारी सत्य प्रकाश यादव ने कार्यकताओं को संगठन की मजबूती प्रदान करने के लिए मूल मंत्र दिया। उन्होंने आगामी 30 मई से 30 जून तक केंद्र सरकार का 9 साल बेमिसाल के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दिए वहीं धमदाहा मंडल अध्यक्ष ने सभी कार्यकताओं एवं प्रभारियों को मंडल कार्यसमिति की बैठक पर कार्यसमिति की सूची के अनुसार सभी बूथों पर एवं सभी शक्ति केंद्रों पर कमेटी पूर्णरूपेण बनाने तथा शक्ति केंद्र प्रभारी एवं पन्ना प्रमुख कार्यकताओं की सूची तैयार करने पर जोर डाला। बैठक में मुख्य रूप से कैलाश मेहता निवर्तमान मंडल उपाध्यक्ष, कुमुद रंजन झा निवर्तमान मंडल उपाध्यक्ष, निरंजन मंडल निवर्तमान मंडल मंत्री, राजेश कुमार, बूथ अध्यक्ष विनय सिंह, निवर्तमान बूथ अध्यक्ष, संतोष केसरी निवर्तमान बूथ अध्यक्ष, सुभाष कुमार मंडल उपाध्यक्ष निवर्तमान, महेंद्र प्रसाद मंडल निवर्तमान कोषाध्यक्ष, अमरेंद्र साह, निवर्तमान किसान मोर्चा उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, कार्यसमिति सदस्य निवर्तमान बूथ अध्यक्ष बाबूराम बेसरा, निवर्तमान व्यवसायिक मंच मोर्चा अध्यक्ष अजय कुमार अग्रवाल, मुकेश कुमार रजक, महेंद्र प्रसाद मंडल, निवर्तमान सहकारिता प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोनेलाल टूडू, निवर्तमान बूथ अध्यक्ष छोटे लाल महतो, निवर्तमान मंडल आदि उपस्थित थे।

महावारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर निकाली गयी प्रभातफेरी

प्रात: किरण संवाददाता

पूर्णिया । धमदाहा अनुमंडल कार्यालय परिसर में महावारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर धमदाहा अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार के अध्यक्षता में प्रभात फेरी निकाली गई। धमदाहा अनुमंडल के चारों प्रखंड के बी कोठी, भवानीपुर धमदाहा अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डाक्टर मनोज कुमार

के आलावा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रेनू मिंकी कुमारी नीलम कुमारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मिश्री लाल यादव एवं राम प्रमोद यादव एवं महिला पर्यवेक्षिका, शिक्षक, शिक्षिकाओं, बच्चे एवं बच्चियों ने भाग लिया। प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय धमदाहा उच्च विद्यालय धमदाहा मध्य विद्यालय धमदाहा हाट अनुसूचित जनजाति विद्यालय धमदाहा उत्तर एवं आशा कार्यकर्ता के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई।

प्रभात फेरी को धमदाहा अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रभारी अस्पताल उपाधीक्षक डॉ मनोज कुमार, राजस्व अधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी कमल कांत सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के संयुक्त में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभात फेरी अनुमंडल कार्यालय से शहीद स्मारक रोड धमदाहा मुख्य बाजार होते हुए अनुमंडल कार्यालय में समापन किया गया। समापन उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार महिला पर्यवेक्षिका प्रभारी उपाधीक्षक के द्वारा विशेष जानकारी दी गई अनुसूचित विद्यालय के शिक्षिका जुली कुमारी ने बच्चे को संबोधित करते हुए कहां माहवारी के समय पोस्टिक आहार साफ कपड़ा सेनेटरी पैड हर 6 घंटे में कपडा पैड को बदले शरीर के जननांग की स्वच्छता पर ध्यान रखना चाहिए। मौके पर धमदाहा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रेनू कुमारी बीकोठी सीडीपीओ नीलम कुमारी भवानीपुर सीडीपीओ मिंकी कुमारी एवं महिला पर्यवेक्षक कुमारी बंदना सुषमा स्वराज गुंजन कुमारी विभा कुमारी मधु कुमारी रेखा कुमारी रेनू कुमारी के अलावा प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका नूतन कुमारी एवं उच्च विद्यालय धमदाहा के प्रभारी प्रधानाध्यापक रामानंद सिंह एवं मध्य विद्यालय धमदाहा हाट के प्रभारी प्रधानाध्यापक ओमनी कुमारी अनुसूचित जनजाति मध्य विद्यालय धमदाहा के प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुषमा कुमारी जुली कुमारी के अलावा सभी विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका शामिल हुए।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, सोमवार, 29 मई, 2023

संक्षिप्त खबरें

लावारिस सेवा केंद्र ने दो अज्ञात शवो का कराया अंतिम संस्कार

आरा। शहर के करमन टोला रोड स्थित लावारिस सेवा केंद्र द्वारा रविवार को दो अज्ञात शवो का अंतिम संस्कार गांगी नदी स्थित मुक्तिधाम पर कराया गया। संस्था के संस्थापक डीएन सिंह ने बताया कि दोनो शव पुरुष का था। एक शव आरा रेल थाना पुलिस द्वारा प्राप्त हुआ था, जबकि दूसरा शव यातायात थाना पुलिस से मिला था। पोस्टमार्टम के बाद दोनो शवों को 72 घंटे तक सुरक्षित रखा गया था। शवों की पहचान नही होने पर पुलिस ने अंतिम संस्कार के लिए लावारिस सेवा केंद्र को सौंपा गया। इसके बाद सेवा केंद्र ने आज दोनो शवों का अंतिम संस्कार करवाया। अंतिम संस्कार कराने में डीएन सिंह के अलावे रामेश्वर तिवारी, रविशंकर मिश्रा, जितेंद्र कुमार, मकलू राम आदि का सराहनीय योगदान रहा।

देशी कट्टा के साथ पुलिस ने दो युवक को किया गिरफ्तार

आरा। गीधा ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनघट्टा के समीप बाइक से जा रहे दो युवक को एक कट्टा के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस की माने तो दोनों युवक बीती देर रात सोनघट्टा से एक शादी समारोह में शिरकत कर वापस अपने घर बड़हरा थाना क्षेत्र के चातर लौट रहे थे इस दौरान पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी ने सोनघट्टा के समीप चेकिंग के दौरान युवक को रुकवाकर चेकिंग किया तो एक युवक के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा बरामद किया। पुलिस ने बाइक के साथ दोनों युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस बाबद गीधा ओपी प्रभारी प्रभास कुमार ने बताया कि दोनों गिरफ्तार युवक बड़हरा थाना क्षेत्र के चातर निवासी दरोगा कुमार महतो व सोनू कुमार महतो बताए जाते हैं। साथ ही बताया कि दोनों युवक सोनघट्टा में एक शादी समारोह में शिरकत कर अपने घर चातर लौट रहे थे इस दौरान पुलिस गश्ती की गाड़ी ने बाइक पर जा रहे दोनो युवक को रोका व जांच किया। जांच के क्रम में एक देशी कट्टा पाया।

पालीगंज में कलयुगी पुत्र ने किया चाकू मारकर बृद्ध पिता की हत्या

पालीगंज/ रविवार को खिरिमोड थाना क्षेत्र के मेरा गांव में एक कलयुगी पुत्र ने घरेलू विवाद को लेकर अपने ही बृद्ध पिता को चाकू मारकर हत्या कर दिया। वही भतीजे व भतीजी को भी चाकू मारकर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार खिरिमोड थाना क्षेत्र के मेरा गांव निवासी बृद्ध श्री मिस्त्री के पुत्र अखिलेश मिस्त्री की मृत्यु पूर्व में हो गया है। जिसके बाद से श्री मिस्त्री अपने मृतक पुत्र अखिलेश मिस्त्री के परिवारवालों के साथ रह रहा था। जिसको लेकर श्री मिस्त्री के पुत्र उपेन्द्र मिस्त्री को ईर्ष्या थी। जिससे नाराज उपेन्द्र मिस्त्री हमेशा झगड़ा किया करता था। इसी क्रम में रविवार को उपेन्द्र मिस्त्री ने अपने बृद्ध पिता 70 वर्षीय श्री मिस्त्री पर चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। वही बचाव करने पहुंचे अपनी भतीजी अखिलेश मिस्त्री के 25 वर्षीय पुत्री चांदनी कुमारी व 19 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार को भी चाकू मारकर घायल कर दिया। जिजकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची खिरिमोड पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया व कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए एम्स अस्पताल पटना भेज दिया। वही घायल काजल व रौशन का इलाज पालीगंज अनुमण्डल अस्पताल में कराया गया। इस सम्बंध में पुलिस ने बताया कि पिता के हत्यारे पुत्र उपेन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। वही मामले की जांच किया जा रहा है।

श्रवण अग्रवाल को पुनः पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाये जाने पर दिया बधाई

पूर्णिया। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी में राष्ट्रीय प्रवक्ता रहे श्रवण अग्रवाल को फिर से राष्ट्रीय लोजपा में वापसी कराते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस द्वारा उन्हें फिर से पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाए जाने पर रालोजपा के वरिष्ठ नेता माधव सिंह ने बधाई और शुभकामनाएं दी है। रालोजपा के प्रदेश महासचिव सह मधेपुरा, सहरसा सुपौल जिला के संगठन प्रभारी माधव सिंह ने कहा कि श्रवन अग्रवाल पार्टी के स्थापना काल से पार्टी में जुड़े हैं। लोजपा के संस्थापक रामविलास पासवान एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस के सच्चे अनुयाई है एवं पशुपति कुमार पारस के हनुमान है। श्रवण अग्रवाल हर परिस्थिति में पार्टी के लिए चट्टान की तरह खड़े रहते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण उन्हें फिर से पार्टी में शामिल कराते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता की अहम जिम्मेदारी दी गई है। श्रवण अग्रवाल पहले की तरह पूरी मुखरता से राष्ट्रीय लोजपा का पक्ष प्रेस एवं मीडिया के माध्यम से आमजन तक पहुंचाने का काम करेंगे। श्रवण अग्रवाल के मनोनयन पर राष्ट्रीय लोजपा एवं दलित सेना के कार्यकताओं ने खुशी जताई है। बधाई देने वाले बिहारी लाल पासवान, बद्री प्रसाद मेहता, गोपाल मंडल, कैलाश गुप्ता, मोहम्मद अफाक आलम, राजकिशोरमिश्रा, जगनारायण पासवान, चतुरी ऋषि, भोला यादव, पार्टी के प्रवक्ता बी.एन झा बाबा अधिवक्ता आदि शामिल थे।

कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर विधायक ने सुनी मन की बात

प्रात: किरण संवाददाता

गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 101 वां एपिसोड को लेकर रविवार को गोसाई बाग रोड स्थित एक निजी विवाह भवन में पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार की अगुवाई में सैकड़ों भाजपा नेताओं और कार्यकताओं के द्वारा मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। भाजपाइयों ने आधे घंटे तक मन की बात कार्यक्रम से जुड़कर पीएम मोदी के विचारों को सुनकर बारीकी से समझा। मौके पर पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने बताया कि आज का दिन देश के लोकतंत्र के लिए ऐतिहासिक दिन है।जहां एक ओर प्रधानमंत्री मन की बात कर रहे हैं तो दूसरी ओर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का मंदिर का लोकार्पण कर पूरे विश्व में कीर्तिमान स्थापित किया है। पीएम मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में युवाओं को आत्मनिर्भर एवं महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के साथ देश के विकास में अपनी भूमिका दशार्या है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हो रहा है। कुछ राजनीतिक दल नए संसद भवन के नाम पर भ्रम फैलाकर लोगों को बरगलाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन वह इसमें कामयाब नहीं होंगे। संसद भवन कोई मुद्दा नहीं है। मन की बात में पीएम ने संग्रहालयों के महत्व के साथ ही जल संचय, युवा संगम लेकर की बात की। भारत माता के लाल वीर सावरकर के जन्मदिन पर उन्हें याद करना सच्चे देशभक्त की पहचान है।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज कुमार लोहानी, युवा नेता प्रेम सागर,जेड खान, सरयू रजक,रमेश गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष अमर यादव, आलोक बरनवाल,नीरज कुमार महिला मोर्चा की नेत्री सुषमा सोनी, शोभा कंधवे, युवा अध्यक्ष रॉकी चंद्रवंशी, आलोक बरनवाल, अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष दीपक राज उर्फ पप्पू गुप्ता सहित कई नेतागण उपस्थित थे।

भाजपा ने किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

गया। भारतीय जनता पार्टी गया जिला के द्वारा एकदिवसीय धरना का कार्यक्रम गया के हृदयस्थली गांधी मैदान में जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है।धरना का संचालन जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव ने किया।आज के धरना में शामिल होने के लिए बिहार विधान परिषद के सदस्य प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद चंद्रवंशी उपस्थित होकर धरना को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में नल जल योजना और जल जीवन हरियाली के तहत पूरे बिहार में घर घर जल पहुंचाना था लेकिन अभी भी आधी आबादी को पीने का शुद्ध और मीठा जल नही मिला है।पूरे बिहार में पानी तो नही मिला सिर्फ पाइप लाइन बिछाने के नाम पर सड़क का सत्यानाश कर दिया गया है।

गुजरात जैसे प्रदेश में मीठे जल का श्रोत नही है फिर भी वहां की जनता मीठा जल मिल रहा है।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जहानाबाद में जल जीवन हरियाली के तहत तालाब का निरीक्षण करने गए तो वहां पानी से भरा तालाब निरीक्षण के कुछ ही दिनों के बाद तालाब सहित वृक्ष सुख गया।बिहार के मुख्यमंत्री जबसे नापाक गठबंधन किए हैं जहां जहां जाते है वहां जल श्रोत एवं वृक्ष सुख जाते है।गिरती विधि व्यवस्था पर बोलते हुए कहा कि जबतक भाजपा गठबंधन में सरकार था तो अपराधियों को नकेल कसने के लिए योजना बनाकर अपराधियों पर अंकुश लगाया जाता था,आज पूरे बिहार में खुलम खुल्ला शराब एवं बालू राजनैतिक संरक्षण में होम डिलीवरी किया जा रहा है पीने वाले पकड़े जाते हैं और शराब माफिया को पकड़ने में पुलिस विफल है यही बिहार का लाइन ऑडर है अपराधी खुले आम बैंक डकैती,हत्या,अपहरण,लूट, छिनतई की घटना आम बात है जनता पूरे बिहार में अपराधियों से त्राहिमाम कर रही है लेकिन मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री बनने के सपना लेकर पूरा देश भ्रमण कर रहे हैं।जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गया में जल संकट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि गया की जनता पानी के लिए दर दर भटक रहा है और गया का महापौर अपने चहेते पूर्व उपमहापौर को चुनाव जिताने के लिए वार्ड में जाकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं।गया की जनता वार्ड 26 से लड़ रहे चुनाव पूर्व उपमहापौर को स्थानीय जनता बुरी तरह सबक सिखाएंगे क्योंकि वार्ड नंबर 26 की जनता से अपील करेंगे की जो व्यक्ति अपने वार्ड से चुनाव नही जीत सके लेकिन निगम में पहुंचने के लिए किसी तरह का हथकंडा अपना सकता हैं लेकिन वार्ड 26की जनता नगर निगम से भ्रष्टाचार मुक्त करने में मेरी प्रार्थना है की स्वच्छ छवि उम्मीदवार को चुनाव जीता कर नगर निगम में किए गए भ्रष्टाचार की जांच की मांग कर सके।जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि गया शहर सहित पूरे जिला में जहां जहां जल संकट की समस्या है उसे अपने स्तर से पीने का जल सुनिश्चित करने की व्यवस्था की जाए।आज की धरना को जिला प्रभारी कृष्ण मोहन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा संगठन भ्रष्टाचार के विरुद्ध लगातार संघर्ष करते रहा है और आज भी कर रहा है,पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा ने कहा कि महा गठबंधन बिहार में गिरती विधि व्यवस्था चर्चा न करके सिर्फ देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का आलोचना करना एक मात्र लक्ष्य है,लोक सभा के संयोजक क्षितिज मोहन सिंह के द्वारा संबोधन करते हुए कहा कि बिहार सरकार के एक मंत्री के इशारा पर श्री रामनवमी के जुलूस नही निकलने देना एवं रामभक्तो पर झूठा मुकदमा दर्ज कर जेल में भेज दिया यही इनका सुशासन है।आज के धरना में पूर्व सांसद रामजी मांझी, महादेव प्रसाद,अर्चना रॉय धीरज रौनीयार भट्ट,संतोष गुप्ता,राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता,युगेश कुमार,पप्पू चंद्रवंशी,धर्मेंद्र यादव,बंदना कुमारी,सुधांशु मिश्रा,आकाश गिरी,राहुल रंजन ,करुणा कुमारी, रौशन पटेल,सरयू ठाकुर,रूपेश वर्मा,विजय सिंह,संजय सिंह,नरेश चौधरी,कंचन सिन्हा,रंजीत सिंह, संजय सिंह,धर्मेंद्र गुप्ता,पंकज लोहनी,राजीव सिन्हा, रामप्रवेश सिंह,अशोक साहनी,धनंजय शर्मा अमर दास, बाला सिंह,दीपक पाण्डेय,अरुण सिंह,संभू यादव, ओम प्रकाश,प्रिंस राज,विकास कुमार,विष्णुकांत,दया शंकर,उदय बिहारी लाल सहित बड़ी संख्या में नेता कार्यकर्ता उपस्थित हुए हैं।

राष्ट्र की समृद्धि और सामर्थ्य को नई गति और शक्ति प्रदान करेगी

प्रात: किरण संवाददाता

गया। सभी देशवासियों के लिए अविस्मरणीय है। संसद का नया भवन हम सभी देशवासियों को गर्व और उम्मीदों से भर देने वाला है। पुरे देशवासियों को पूर्ण विश्वास है कि यह दिव्य और भव्य लोकतंत्र कि मंदिर जन-जन के सशक्तिकरण के साथ ही, राष्ट्र की समृद्धि और सामर्थ्य को नई गति और शक्ति प्रदान करेगी। नए भारत की नई संसद भवन अनेकता में एकता का प्रतीक। संसद का त्रिकोणीय आकार वसुधैव कुटुम्बकम की भावना एवं दुनिया को एक परिवार के रूप में दशार्ता है। समावेशी डीजाइन, विविध आख्यान और स्थायी प्रथाए हमारे मूल लोकतांत्रिक मूल्यों को दशार्ती है। संसद भवन में समाज के अंतिम पायदान तक की आकांक्षा रुपी कलाकृतियाँ दिखत रही है देश की संस्कृति का हर सौंदर्य भवन में समाहित है। कश्मीर से कन्याकुमारी – पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक का दृश्य संसद में सिर्फ सांसद की मौजूदगी से नहीं बल्कि भवन मे प्रदर्शित भव्यता से भी किया गया है। आज लोकतंत्र कि मंदिर में सनातन परम्परा का जो अद्भुत दृश्य देखने को मिला उसे भुला पाना असंभव है लोकतंत्र के मंदिर में साधु-संतों का दिव्य आगमन पूरे देश को प्रफुल्लित कर दी। आज पूरा विश्व भारत कि ओर देख रहा है आज भारत विश्वास गुरू बनने कि ओर अग्रसर है।

हिन्दुस्तानी संगीत का आधार है 'सामवेद' : सुशील देहाती

आरा। हिन्दुस्तानी संगीत सर्वोपरि है। संगीत श्रवण अमृतपान के समान है। संगीत परमात्मा से मिलन का लयात्मक मार्ग है। संगीत शास्त्र पर आधारित सभी ग्रंथों का उद्गम सामवेद से हुआ है। उक्त बातें वरिष्ठ संगीतज्ञ श्री सुशील कुमार 'देहाती' ने कहा। अवसर आरा संगीतज्ञ परिवार के तत्वाधान में आयोजित हिन्दुस्तानी संगीत के विविध आयाम का संकलन 'सामवेद' का। स्थानीय आश्रम परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन संरक्षक विदुषी बिमला देवी व श्री सुशील कुमार 'देहाती' ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। युवा कलाकारों में सुश्री चंदा कुमारी ने राग भीमपलासी में तीनताल की बंदिश "जा जा रे अपने मन्दिरवा जा" व दादरा "सांवरिया कों कोई बुला दे मोरा जिया लागे ना" प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। वहीं श्रेया पाण्डेय ने राग देश में विलंबित जतताल में लयबद्ध ठुमरी "मोरा सैयां बुलावे आधी रात नदिया बैरी भयी" व राम भजन "मंगल भवन अमंगल हारी द्रबहु सु दसरथ, अजिर बिहारीकी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। वहीं स्नेहा पाण्डेय ने शुद्ध कथक में उपज, ठाट, आमद, परन व तिहाई प्रस्तुत कर समां बांधा। हारमोनियम पर युवा कलाकार निमेश कुमार कुमार व बांसुरी पर आरजू सुमन में संगति से रंग भरा। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी श्री रविशंकर ने कहा कि आरा संगीतज्ञ परिवार की ओर से प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को अलग अलग स्थानों पर सामवेद का आयोजन किया जाएगा।

सूढी जाति को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल को लेकर अहम बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। सूढी समाज उत्थान संगठन द्वारा विनोद शौणडिक की अध्यक्षता में रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। विजय जी के आवास पर सूढी समाज को अतिपिछड़ा में शामिल के लिए केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार से लगातार मांग को लेकर बैठक काजीवाग माखनपुर किया जा रहा है। बैठक में सूढ़ी जाति को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल करने तथा जनसंख्या के आधार पर लोकसभा, राज्य सभा, विधानसभा व विधान परिषद में राजनीतिक हिस्सेदारी की मांग पर चर्चा हुआ। साथ ही इस बात पर भी जोड़ दिया गया की सामाजिक एकजुटता के अभाव में कई लोग राजनीति की मुख्य धारा में नहीं आ पा रहे हैं।

ऐसे में राजनीतिक शक्ति को बहाल करने की जरूरत है। बिहार में सात फीसद सुड़ी की आबादी है तो उसके हिसाब से राजनीतिक हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। आबादी के हिसाब से राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं मिलती है तो समाज को चुनाव का बहिष्कार भी करना होगा। समाज के लिए आगे आएं डॉ अविनाश प्रसाद, दिलीप, देवी सर, महेंद्र, सोनू, बैजनाथ प्रसाद, संजय, नगेन्द्र, प्रभात, शशि, विशाल, नयन, मिथलेश, किशोर, शिवकुमार, मुकेश कुमार, पवनदीप, दयाशंकर, मनीष, आदि उपस्थित लोग लगातार प्रयास किया जा रहा है।

बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने आवास पर 101 वां मन की बात को सुनी

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। मौलबाग स्तिथ अम्बिका सदन आवास पर पूर्व मंत्री सह बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने देश के यशश्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात को अपने क्षेत्रीय कार्यकर्ताओ के साथ 101 वा संस्करण को सुना ।

इस संस्करण में देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा कि 1965 के युद्ध के समय, हमारे पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने जय जवान, जय किसान का नारा दिया था। बाद में अटल जी ने इसमें जय विज्ञान भी जोड़ दिया था। कुछ वर्ष पहले, देश के वैज्ञानिकों से बात करते हुए मैंने जय अनुसंधान की बात की थी। 'मन की बात' में आज बात एक ऐसे व्यक्ति की, एक ऐसी संस्था की, जो, जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान, इन चारों का ही प्रतिबिंब है। वही याद करते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि आज 28 मई को महान स्वतंत्रता सेनानी, वीर सावरकर जी की जयंती है। उनके त्याग, साहस और संकल्प-शक्ति से जुड़ी गाथाएं आज भी हम सबको प्रेरित करती हैं। मैं, वो दिन भूल नहीं सकता, जब मैं अंडमान में, उस कोठरी में गया था जहां वीर सावरकर ने कालापानी की सजा काटी थी। इस संस्करण को एकौना मुखिया संजय सिंह, सुरेन्द्र सागर,सुनील सिंह, अंकित सिन्हा, सौदागर निषाद,लाल बिहार उर्फ गुड्डू सिंह,राजीव सिंह,लक्ष्मुमन सिंह,सतीश गुप्ता,शंकर गिरी,जामवंत सिंह,रमेंद्र नारायण सिंह,दिनेश कुमार गौतम,संतोष पाण्डेय,प्रभु यादव सुने ।

संसद भवन भारतीय कला संस्कृति का प्रतीक : जिलाअध्यक्ष

प्रात: किरण संवाददाता

गया। भारतीय इतिहास में स्वर्णिम दिन के रूप में भारतीय लोकतंत्र का मंदिर संसद भवन का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा किए जाने पर गया जिला भाजपा स्वागत करते हुए जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह ने कहा की देश ने भारतीय गुलामी का प्रतीक चिन्ह को ध्वस्त करते हुए नई संसद भवन का निर्माण कर देश के प्रधानमंत्री के द्वारा देश को समर्पित कर प्रत्येक भारतीयों को दिल छूने का काम किया है पूरे जिला भाजपा परिवार की ओर से कोटि कोटि आभार जताया है।इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा ने कहा कि आज अंग्रेजो एवं मुगलों के शासन में बनाए गए प्रतीक को देश के प्रधानमंत्री के द्वारा महज4 साल में संसद भवन का निर्माण कर आज राष्ट्र को समर्पित किया गया एवं संसद भवन भारतीय कला संस्कृति का प्रतीक बनाया गया है संसद के इतिहास में सेंगोल राजदंड का प्रतीक के साथ साथ देश के कई राज्यों का को ऐतिहासिक प्रतीक को संसद भवन में पेंटिंग कलाकारों के द्वारा मनमोहक बनाया गया है।इसी मनमोहक एवं सेंगोल प्रतीक चिन्ह का उद्घाटन समारोह में विपक्ष के द्वारा बहिस्कार का बहाना बनाया गया जो राष्ट्रपति के नाम पर राजनैतिक कर रहे हैं पूरा देश देख रहा है आने वाला 2024 में भारत की जनता सबक सिखाएगी।इस ऐतिहासिक दिन को गयाजी की जनता भी साक्षी बना प्रधानमंत्री को आज के ऐतिहासिक दिन पर कोटि कोटि बधाई एवं संसद भवन में बनाने में लगे शिल्पकारों को बधाई एवं शुभकामनाएं।बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालो में समाजसेवी चिकित्सक डॉ मनोज कुमार,राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता,युगेश कुमार,अजय कुमार तन्नी, डॉ अनुज कुमार,समफुल देवी,प्रीति सिंह,करुणा कुमारी,गजेंद्र दास,गोपाल यादव,रंजन सिंह, धीरज रौनीयार,बिनोद सिंह,नीमा देवी,धर्मेंद्र यादव,सुधांशु मिश्रा,बंदना कुमारी,ललिता देवी, भुवन मोहिनी,संतोष ठाकुर अशोक भारती,रंजीत सिंह,संतोष सिंह,रामप्रवेश सिंह सहित प्रधानमंत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मां आरण्य देवी मंदिर का निर्माण कार्य पकड़ने लगा जोर

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। शहर के शीशमहल चौक स्थित श्री हरखेन कुमार जैन धर्मशाला में रविवार को मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता एमएलसी सह ट्रस्ट के अध्यक्ष राधाचरण साह उर्फ सेठ जी ने की। संचालन मुख्य संरक्षक डॉ. भीम सिंह भवेश ने किया। बैठक में मंदिर के नवनिर्माण कार्य में तेजी लाने, धन संग्रह पर जोर देने एवं निर्माण-सामग्री स्टोर करने के लिए स्थल आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में धन संग्रह के लिए टीम बनाकर शहर में भ्रमण करने, मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य की देखरेख करने के लिए निर्माण, सुपरविजन कमेटी एवं खरीददारी कमेटी का गठन करने पर बात हुई। ट्रस्ट के सदस्यों ने कहा कि मां अरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट का एक मोबाइल नंबर रखा जाए। जिस पर लोग संपर्क कर सके। आने वाले समय में भव्य मंदिर निर्माण की प्रतिबद्धता दुहराई गयी। साथ ही श्रद्धालु-भक्तों की सुविधा पर भी चर्चा हुई। विदित हो कि मंदिर निर्माण के निमित्त गिट्टी की व्यवस्था ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री सेठ जी द्वारा किए जाने की घोषणा की गई है।

अन्य सामग्री को खरीदने के लिए ट्रस्ट प्रयासरत है। भोजपुर सहित दूसरे जिले और विभिन्न राज्यों से भी ट्रस्ट के खाते में श्रद्धालु-भक्तो द्वारा सहयोग राशि डाली जा रही है। बैठक में सचिव अरविंद पांडेय, उपाध्यक्ष बीड़ी सिंह, रूपेश कुमार, कोषाध्यक्ष श्रवण जलान, पुजारी रंगनाथ मिश्रा, मनोज पांडेय, गजेंद्र सिंह, जय शंकर तिवारी, राजू मेहता, इं जीतू सिंह, नवीन प्रकाश, मीडिया प्रबंधक कृष्ण कुमार, जीतू चंद्रवंशी, जीतू चौरसिया एवं नरेश प्रसाद आदि थे।

पालीगंज में किया गया राज्य स्तरीय डॉ. भीमराव अम्बेदकर परिचर्चा का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

पालीगंज/ रविवार को स्थानीय बाजार स्थित उच्च विद्यालय के सभागार में राजद पार्टी की ओर से राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत डॉ. भीमराव अम्बेदकर परिचर्चा का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार परिचर्चा कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद के पालीगंज प्रखण्ड अध्यक्ष परमेश्वर कुमार दास व संचालन पूर्व मुखिया रामाशीष यादव ने किया। मौके पर कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए राजद पार्टी के पटना जिलाध्यक्ष सह पूर्व बिधायक दीनानाथ सिंह यादव ने बताया कि राजद पार्टी की ओर से किया जा रहा डॉ. भीमराव अम्बेदकर परिचर्चा ने भाजपा की कान खड़ी कर दी है। हमारी पार्टी भारतीय संविधान का निर्माण कर सभी को बराबरी का हक व सम्मान देनेवाले डॉ. भीमराव अम्बेदकर को सम्मान करती है तथा उनके द्वारा बताए गए रास्ते का अनुसरण कर आगे बढ़ने का कार्य कर रही है। वही इन्होंने कहा कि भाजपा राजनीति के नाम पर जाती व धर्म को भी नही छोड़ा लेकिन हमसभी को बाबा साहब भीमराव अम्बेदकर के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। हमारी पार्टी शबरी के जुठे बेर खानेवाले श्रीराम को मानती है न कि श्रीराम के नाम पर ढोंग करनेवाले बागेश्वर सरकार के मुख्य संरक्षक धीरेन्द्र शास्त्री को। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मनेर विधानसभा के राजद बिधायक भाई बिरेन्द्र ने कहा कि जनता की लोकप्रिय पार्टी होने के कारण राजद बिहार की सबसे बड़ी पार्टी है। डॉ. भीमराव अम्बेदकर के द्वारा निर्मित जिस संविधान के तहत हमे मौलिक अधिकार मिला है उसी संविधान से हमारी देश चल रही है। आज उसी संविधान के साथ छेड़छाड़ करते हुए नए कानून निर्माण कर भाजपा की सरकार जनता को परेशान कर रही है। उनके द्वारा संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। जिसके खिलाफ संविधान की रक्षा के लिए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव में मुहिम चलाया। जिसे आज उनके पुत्र तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राजद पार्टी संविधान बचाने व जनता को हक कायम करने के लिए लड़ाई लड़ रहे है। इस दौरान सिहि पंचायत के मुखिया राजीव रंजन शर्मा व नरही पिरहि पंचायत के पूर्व मुखिया संजय कुमार रजक ने राजद की सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर जिला पार्षद सर्वेश यादव, रामनारायण यादव, पूर्व जिला पार्षद रंजन यादव, अरबिंद कुमार, मुखिया विजय यादव, नीरज यादव, अशोक यादव, शंकर यादव, अवधेश यादव, फिरोज आलम व नन्दू यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन, बेहतर स्वास्थ्य की दी गयी जानकारी

प्रात: किरण संवाददाता

पूर्णिया/ धमदाहा । धमदाहा अनुमंडल मुख्यालय स्थित लाइफ लाइन हॉस्पिटल में निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। निःशुल्क शिविर का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार अनुमंडल अस्पताल उपाधीक्षक डॉ मनोज कुमार राजस्व अधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी कमल कांत सिंह के संयुक्त में फीता काटकर किया गया। मौके पर डॉक्टर ए के सिंह अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। डॉ एस के अंसारी ने प्रभारी उपाधीक्षक डॉ मनोज कुमार को बुके एवं वस्त्र देकर सम्मानित किया, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सहेला वसीम के द्वारा राजस्व अधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी कमल कांत सिंह को अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार एवं प्रभारी उपाधीक्षक ने कहा धमदाहा वर्तमान में ग्रामीण परिवेश से शहरी परिवेश में बदलाव आया है जिसके कारण जनसंख्या एवं शहरीकरण धमदाहा में निजी नहीं था। लाइफ लाइन नर्सिंग होम के संचालक डाक्टर ऐ के के द्वारा निःशिविर आयोजित किया गया। इससे स्थानीय ग्रामीणों एवं शहरीकरण के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। निशुल्क शिविर में लगभग कई दर्जनों लोगों ने मुफ्त में अपना ईलाज किया। जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ए के सिंह, डॉ एसके अंसारी, एवं महिला स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सहिला वसीम के द्वारा लोगों शिविर में मुफ्त में ईलाज किया गया है।

मो सलीम परवेज को दोबारा प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर जताया हर्ष

पूर्णिया । बिहार प्रदेश जनता दल यूनाईटेड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मो वसीम कमाली ने बिहार विधान परिषद के पूर्व उप सभापति व जनता दल यूनाईटेड के वरिष्ठ नेता मो सलीम परवेज साहब को दोबारा प्रदेश अध्यक्ष जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार मनोनीत करने पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष जदयू राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जदयू उमेश कुशवाहा का शुक्रिया अदा किया। नव मनोनीत तेरहो प्रदेश अध्यक्ष को मुबारकबाद दी। मोहतरम मो सलीम परवेज साहब के प्रदेश अध्यक्ष जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार दुबारा बनने पर बिहार के समस्त अल्पसंख्यक के साथ खासकर सीमांचल के अल्पसंख्यक में विशेष खुशियां छाई हुई है। प्रदेश अध्यक्ष सलीम परवेज साहब को मुबारकबाद देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष मो वसीम कमाली, वरिष्ठ प्रदेश महासचिव मो आजम रब्बानी, प्रदेश महासचिव डॉ मो शहनवाज रिजवी, वरिष्ठ प्रदेश सचिव मो मनीरूद्दीन नजामी, जिला अध्यक्ष जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ महानगर पूर्णिया मो कैयूम जफर उर्फ नन्की भाई, प्रो डॉ अकरामूल्ला खान, पूर्व मुखिया अब्दुल बारीक, पूर्व प्रदेश महासचिव मो हिमायू अंसारी, प्रो परवेज शाहिन आदि नेता शामिल है।

2024 में एक बार फिर से खिलेगा कमल, मोदी फिर बनेंगे प्रधानमंत्री : विधायक

प्रात: किरण संवाददाता

पूर्णिया । पूर्णिया विधानसभा नगर पूरब तथा ग्रामीण पश्चिम मंडल कार्यसमिति की बैठक गुलाबबाग पाट व्यवसायी भवन एवं रानीपतरा में नव मनोनियत मंडल अध्यक्ष पवन सहनी एवं मनीष भारती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नवीन कार्यसमिति के सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि सदर विधायक विजय खेमका का मंडल पदाधिकारी ने अंगवस्त्र से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार 30 मई को 9 साल पूरा करेंगे जो बेमिशाल है। मोदी के आगवानी में अभूतपूर्व आर्थिक सुधारों की पहलों को हम सभी ने देखा है, जिससे हमारा देश वैश्विक पटल पर उभरा है और लोगों के जीवन में सुधार हुआ है। मोदी के सटीक निर्णय के कारण आज विश्व में भारत का जलवा है। विधायक ने कहा मोदी के नौ साल के शासन में देश की सीमा सुरक्षित हुई तथा आतंकवाद को मुहतोड़ जवाब मिला। दर्जनों योजनाओं का लाभ गरीबों के घर तक सीधे बैंक खाते के माध्यम से पहुंचाया गया। देश हित में मोदी जी ने कई बड़े बड़े निर्णय लिए। विधायक ने कार्यकताओं से कहा पार्टी कार्यक्रम के अनुसार 30 मई से 30 जून तक महा जनसंपर्क के माध्यम से मोदी सरकार के किये गए जन कल्याणकारी कार्यों को घर घर तक पहुंचाना है। विधायक ने कहा देश की जनता का मोदी जी पर अटूट विश्वास है। आगामी लोकसभा चुनाव में पूर्णिया में कमल खिलेगा तथा देश में पूर्ण बहुमत की मोदी की सरकार बनेगी एवं मोदी का पुनः प्रधानमंत्री बनना तैय है। पार्टी के आगामी कार्यक्रम पर जिला नेता राजेश रंजन, अनिल ठाकुर, अर्चना साह तथा विजय मांझी ने प्रकाश डाला। बैठक में बिरेन्द्र सिंह, सुकेश पाल, बिनोद मेहता, मायारानी दास, आनंद दास, बबलू चौहान, प्रमोद केशरी, मुकेश मिश्रा, रुपेश शर्मा, अजय साह, दिनेश महलदार, तापस रुद्रा, मनोज मोनू, दीपक यादव आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

श्री रेणुका शुगर्स का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 72.61 प्रतिशत घटकर 42.8 करोड़ रुपये पर

मुंबई। श्री रेणुका शुगर्स का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च 2023 को समाप्त तिमाही में 72.61 प्रतिशत घटकर 42.8 करोड़ रुपये रहा। सिंगापुर की विल्मर शुगर होल्डिंग्स की इस सहायक कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 की इसी तिमाही के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 156.3 करोड़ रुपये था।

बैंक ऑफ इंडिया ने सावधि जमा पर ब्याज दर बढ़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी। बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने ग्राहकों के लिए एक वर्ष की सावधि जमा (एफडी) पर ब्याज दर बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दी है। बैंक ने शुक्रवार को कहा कि बढ़ी हुई ब्याज दर दो करोड़ रुपये से कम जमा पर मान्य होगी ।बीओआई ने बयान में कहा कि संशोधन के बाद बैंक सामान्य ग्राहकों को सात दिन से 10 वर्ष तक पूर्ण अवधि वाली जमा पर तीन प्रतिशत से सात प्रतिशत तक ब्याज देगी।

रूस के सूरजमुखी का निर्यात शुल्क घटाने के बाद ज्यादातर तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी। रूस के सूरजमुखी तेल पर निर्यात शुल्क को घटाये जाने के बाद शुक्रवार को ज्यादातर खाद्यतेल तिलहन कीमतों में गिरावट देखने को मिली। इस निर्यात शुल्क घटाने के फैसले के बाद देश में खाद्यतेलों का अधिक आयात होने की आशंका से मूंगफली तेल तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल कीमतों में मामूली गिरावट रही जबकि कम कारोबार के दौरान सरसों तेल तिलहन, सोयाबीन तिलहन और बिनौला तेल के भाव पूर्वस्तर पर बंद हुए।

मलेशिया एक्सचेंज में 1.75 प्रतिशत की तेजी है जबकि शिकागो एक्सचेंज कल रात तेज बंद हुआ था और अभी भी इसमें 1.5 प्रतिशत का सुधार है।

सूत्रों ने बताया कि रूस के सूरजमुखी तेल वैश्विक बाजारों में बेपड़ता बैठ रहे थे जिसकी वजह से यह अन्य स्थानों पर कम बिक रहा था। इस स्थिति को बदलने के मकसद से रूस से सूरजमुखी तेल पर लगने वाले निर्यात शुल्क में कमी कर दी है ताकि वह वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बन सकें।

इस फैसले के बाद देश में सस्ते आयातित तेल का आयात बढ़ने की आशंका से तेल कीमतों में मामूली गिरावट रही।

सूत्रों ने कहा कि सरकार को मौजूदा स्थिति को संभालने के लिए तत्काल कदम उठाने होंगे क्योंकि फसल कटाई के दौरान हुई बेमौसम बरसात के कारण सरसों के बचे हुए लगभग 80 लाख टन के स्टॉक में से 40-45 प्रतिशत सरसों का स्टॉक नमी वाला है। इन नमी वाले फसलों को अधिक से अधिक 4-6 महीने ही सुरक्षित रखा जा सकता है क्योंकि इस अवधि के बाद इसके खराब हो जाने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा सरकार को देशी तेल तिलहन का बाजार बनाने की ओर ध्यान देना होगा नहीं तो अगर किसानों को दाम नहीं मिले और उनकी उपज नहीं खपी तो उनका हौसला टूटने का खतरा है। किसानों की उपज जब बची रह जायेगी तो अगली बार वो कैसे बुवाई कर पायेंगे?

सूत्रों ने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि मौजूदा लागत को देखते हुए सूरजमुखी, सोयाबीन और चावल भूसी (राइस ब्रायन) तेल का अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) ज्यादा से ज्यादा 110 रुपये प्रति लीटर से अधिक न हो।

बैठकों के जरिये एमआरपी दुरुस्त करने के अभी तक के प्रयास अधिक सफल नहीं दीख रहे। इसको देखते हुए सरकार को इन तेल कंपनियों एवं पैकरों को एक सरकारी पोर्टल पर नियमित अंतराल पर अपने एमआरपी का खुलासा करते रहने का निर्देश देना चाहिये। इससे स्थिति को काफी हद तक काबू में लाया जा सकता है।

इस जगह नहीं बेच पाएंगे सिगरेट, गुटखा और बीड़ी, लाइसेंस लेना हुआ अनिवार्य

नई दिल्ली, एजेंसी। अब सिगरेट, बीड़ी और गुटखा आदि बेचने के लिए लाइसेंस लेना होगा। राजस्थान के सीकर में नगर परिषद ने इसकी पहल की है। वहीं एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के आसपास इन्हें बेचने और खरीदने पर पाबंदी होगी। नगर परिषद के बाकी क्षेत्र में भी तंबाकू प्रोडक्ट बेचने वाले दुकानदारों को नगर परिषद में पंजीकरण करवाने के लिए लाइसेंस लेना होगा। ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। राजस्थान का सीकर तंबाकू उत्पाद बेचने के लिए लाइसेंस वितरण शुरू करने वाला राज्य का पहला शहर बन गया है। सीकर में अब तंबाकू उत्पाद बेचने के लिए लाइसेंस अनिवार्य है। नगर परिषद ने लाइसेंस फीस फाइनल कर दी है, पहला लाइसेंस दो दिन पहले जारी हुआ था। तंबाकू उत्पादों के थोक विक्रेता को सालाना 25,000 रुपये, सड़क किनारे विक्रेता (कियोस्क) को सालाना 2400 रुपये जबकि स्थायी दुकानों को लाइसेंस शुल्क के रूप में सालाना 4,800 रुपये देने होंगे।

इस वजह से लगाई गई रोक: अधिकारियों के मुताबिक, सीकर शिक्षा संस्थानों और कोचिंग सेंटरों का हब बन गया है। यहां पर बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ाई करने आ रहे हैं। इसी वजह से यह कदम उठाया गया है। पहला लाइसेंस जारी किया गया है। शहर में कई स्थानों पर सिगरेट और तंबाकू बेचने पर पाबंदी लगाई गई है। हालांकि, जयपुर में 2021 में तंबाकू उत्पाद बेचने के लिए लाइसेंस अनिवार्य करने का ऐसा आदेश दिया गया था, लेकिन राज्य सरकार ने व्यापारी समुदाय की आपत्तियों का हवाला देते हुए नगर निगम द्वारा जारी आदेश को वापस लेने का आदेश जारी कर दिया था।

लाइसेंस लेना जरूरी: अब सीकर में सिगरेट और तंबाकू बेचने के लिए लाइसेंस लेना जरूरी है। इसके बिना किसी को भी तंबाकू प्रोडक्ट बेचने की अनुमति नहीं होगी। बिना लाइसेंस के तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद ने लाइसेंस चाहने वाले आवेदकों की पात्रता भी तय कर दी है। वह भारत का निवासी होना चाहिए, उसकी आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। उसके पास आधार कार्ड होना चाहिए। अगर उसके पास सीकर के बाहर आधार कार्ड है, तो स्थानीय नगरपालिका परामर्शदाता को इसे सत्यापित करना होगा। उसकी दुकान शिक्षण संस्थान के 100 मीटर के दायरे में नहीं होनी चाहिए।

छोटी योजनाओं में 10 लाख के निवेश पर कमाई का सबूत जरूरी, मनी लॉन्ड्रिंग पर लगाम के लिए नई व्यवस्था

नई दिल्ली, एजेंसी। डाकघर की छोटी बचत योजनाओं में अब 10 लाख या इससे ज्यादा का निवेश करने पर कमाई का सबूत देना होगा। मनी लॉन्ड्रिंग व आतंकी गतिविधियों की फंडिंग रोकने के लिए सरकार नया नियम लाई है। डाक विभाग की ओर से 'ग्राहक को जानो' (केवाईसी) के संबंध में जारी परिपत्र के अनुसार, अब सभी योजनाओं में निवेश के लिए पैन व आधार देना होगा। भारत के बाहर रहने वाले राजनीतिक रूप से जोखिम वाले व्यक्तियों (पीईपी) से संबंधित खाते उच्च जोखिम श्रेणी के अंतर्गत आएंगे।

ये कागजात भी मान्य : बैंक या डाकघर खाते का विवरण, जिसमें पैसे की पूरी जानकारी हो। पिछले तीन साल में से किसी एक साल के आईटी रिटर्न का विवरण।

निवेश के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा: डाकघर की सभी योजनाओं में कुल निवेश 50 हजार रुपये से ज्यादा नहीं तो कम जोखिम वाला निवेशक।

50 हजार रुपये से ज्यादा, पर 10 लाख रुपये से कम रकम वाले निवेशक मध्यम जोखिम श्रेणी में। रकम 10 लाख या इससे ज्यादा है, तो फिर निवेशक उच्च जोखिम श्रेणी में।?इनके ऊपर कड़े प्रावधान लागू होंगे।

मारुति को पहली तिमाही में उत्पादन नुकसान का अनुमान, जुलाई से स्थिति सुधरने की उम्मीद

MARUTI SUZUKI

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उत्पादन नुकसान की आशंका है। हालांकि, कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि जुलाई-सितंबर की तिमाही से स्थिति सुधरने की उम्मीद है। कंपनी अब भी इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों की कमी से जूझ रही है, जिसके चलते पहली तिमाही में उसको उत्पादन में नुकसान की आशंका है। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी काफी समय से चिप के संकट का सामना कर रही है जिससे उसके आपूर्तिकर्ता बाजार मांग को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (बिक्री एवं विपणन) शशांक श्रीवास्तव ने कहा, ''हमें पिछले वित्त वर्ष में 1.7 लाख इकाइयों के उत्पादन का नुकसान हुआ है। पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में हमारा नुकसान लगभग 45,000 इकाइयों का था। इसी तरह चौथी तिमाही में लगभग 38,000 इकाइयों का नुकसान हुआ। मांग अधिक और आपूर्ति कम रहने की वजह से कंपनी के लंबित ऑर्डर चार लाख इकाई को पार कर गए हैं। सबसे ज्यादा एक लाख ऑर्डर अर्टिगा के लंबित हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि मौजूदा आपूर्ति की स्थिति के साथ कंपनी को अप्रैल में उत्पादन का नुकसान हुआ है। कुछ यही स्थिति मई और जून में भी जारी रहने की आशंका है। उन्होंने कहा, ''मई में नुकसान हुआ है और जून में ऐसा ही रहेगा। इस तिमाही में हमें उत्पादन का नुकसान होगा। अर्टिगा के अलावा कॉम्पैक्ट एसयूवी ब्रेजा के 60,000 इकाइयों के ऑर्डर लंबित हैं। जिम्नी और फ्रोंक्स के 30,000-30,000 इकाइयों के ऑर्डर लंबित हैं। श्रीवास्तव ने उम्मीद जताई कि आने वाले महीनों में चिप आपूर्ति की स्थिति में कुछ सुधार होगा।उन्होंने कहा, ''इसलिए संभवतः जुलाई के बाद से हम स्थिति में कुछ सुधार देखेंगे। अप्रैल में कंपनी ने 1,44,097 यात्री वाहनों का उत्पादन किया, जो पिछले साल इसी महीने के 1,52,954 इकाइयों के उत्पादन से छह प्रतिशत कम है। बीते वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी ने रिकॉर्ड 19.22 लाख इकाइयों का उत्पादन किया। हालांकि, कंपनी अपने उत्पादन को 20 लाख इकाइयों के पार ले जाने के लक्ष्य से चूक गई। सेमीकंडक्टर सिलिकन चिप हैं, जिनका इस्तेमाल वाहन, कंप्यूटर, सेलफोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में 'कंट्रोल और 'मेमोरी के काम के लिए होता है। हाल के समय में वाहन उद्योग में सेमीकंडक्टर का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है।

क्रूड ऑयल के दाम में आया उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी बनी हुई है। आज भी क्रूड ऑयल की कीमतों में उछाल देखा जा रहा है। इस दौरान डब्ल्यूटीआई क्रूड ऑयल की कीमत 1.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72.67 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। वहीं ब्रेंड क्रूड ऑयल की कीमत 0.90 फीसदी उछलकर 76.95 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। तेल कंपनियों ने भी पेट्रोल-डीजल के नए रेट जारी कर दिए हैं। हालांकि आज यानी रविवार को भी पेट्रोल-डीजल के रेट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। तेल कंपनियों ने 28 मई 2023 को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर रखी हैं। इस तरह आज लगातार 372वां दिन है जब देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

दिल्ली में पेट्रोल-डीजल के दाम: आज रविवार को देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार को पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर मिल रहा है। इसके अलावा चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल का भाव 94.24 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में रविवार को पेट्रोल 106.03 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है।

अन्य शहरों में कीमतें: नोएडा में रविवार को पेट्रोल 96.57 रुपये और डीजल 89.96 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। गुरुग्राम में पेट्रोल 97.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.05 रुपये प्रति लीटर पर मिल रहा है। इसके अलावा चंडीगढ़ में पेट्रोल 96.20 रुपये और डीजल 84.26 रुपये प्रति लीटर पर मिल रहा है। वहीं, लखनऊ में पेट्रोल का भाव 96.57 रुपये और डीजल की कीमत 89.76 रुपये प्रति लीटर है।

यहां SMS करके जान लें लेटेस्ट रेट: पेट्रोल-डीजल के भाव रोजाना बदलते हैं और सुबह 6 बजे अपडेट हो जाते हैं। पेट्रोल-डीजल का रोज का रेट आप स्म्स् के जरिए भी जान सकते हैं। इंडियन ऑयल के कस्टमर आरएसपी स्पेस पेट्रोल पंप का कोड लिखकर 9224992249 नंबर पर और बीपीसीएल के ग्राहक आरएसपी लिख कर 9223112222 नंबर पर भेज जानकारी हासिल कर सकते हैं।

टॉप 7 कंपनियों का मार्केट कैप 1.51 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

रिलायंस और टीसीएस को हुआ सबसे अधिक लाभ

TATA
TATA CONSULTANCY SERVICES
OLYMPUS
Reliance
Industries Limited

नई दिल्ली, एजेंसी। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,51,140.39 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रहीं। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन बढ़ गया, वहीं एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी की बाजार हैसियत घट गई।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 772.01 अंक या 1.25 प्रतिशत के लाभ में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 43,131.02 करोड़ रुपए बढ़कर 16,95,833.65 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 39,243.32 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 12,18,098.20 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 29,578.69 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 5,51,431.15 करोड़ रुपए और इन्फोसिस की 20,171.09 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 5,46,662.99 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 9,638.58 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 5,22,848.39 करोड़ रुपए पर और भारती एयरटेल का 6,981.11 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 4,56,031.45 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

भारत दुनिया के लिए उम्मीद की किरण बनेगा: ओयो संस्थापक

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत स्टार्टअप चलाने वाले अपने युवाओं के बल पर दुनिया के लिए उम्मीद की किरण बनेगा। आतिथ्य और यात्रा प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी ओयो के संस्थापक एवं समूह सीईओ रितेश अग्रवाल ने शनिवार को यह बात कही।

उन्होंने मोदी सरकार के नौ साल पूरा होने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत स्टार्टअप का केंद्र बन गया है, जिसने ओला राइड शेयरिंग, ओयो रूम्स और पेटीएम जैसी नई उम्र की सेवाएं बनाई हैं। उन्होंने कहा कि इन सेवाओं के बिना आज कोई नहीं रह सकता है, जबकि मोदी सरकार के नौ साल से पहले इनका अस्तित्व नहीं था। अग्रवाल ने कहा, मेरी राय में, भारत दुनिया के लिए उम्मीद की किरण बनेगा और निश्चित रूप से भारत को स्टार्टअप चलाने वाले युवा आगे बढ़ाएंगे।

उन्होंने कहा कि ओयो की शुरुआत भी 2014 में शुरू हुई थी और कंपनी ने एक ऐसा परिवेश देखा है, जहां भारत केवल आगे बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि इन नौ वर्षों में भारत की स्टार्टअप क्रांति ने करीब 300 अरब अमेरिकी डॉलर का बाजार पूंजीकरण तैयार किया है।

बायोकॉन की कार्यकारी चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ ने कार्यक्रम में वीडियो संदेश के जरिए कहा कि उन्होंने पिछले नौ वर्षों में कई परिवर्तनकारी पहल हुईं, जिसने समाज के सभी वर्गों को प्रभावित किया।

एफपीआई ने मई में अब तक शेयरों में 37,316 करोड़ रुपए डाले

नई दिल्ली, एजेंसी। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में अब तक भारतीय शेयर बाजारों में 37,316 करोड़ रुपए डाले हैं। मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और शेयरों के उचित मूल्यांकन की वजह से भारतीय बाजारों के प्रति एफपीआई का आकर्षण बढ़ा है। यह पिछले छह माह में एफपीआई द्वारा शेयरों में किया गया सबसे अधिक निवेश है। इससे पहले उन्होंने नवंबर, 2022 में शेयरों में शुद्ध रूप से 36,239 करोड़ रुपए निवेश किया था।

मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, ''आगे चलकर अमेरिका की ऋण सीमा पर प्रस्ताव और घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़े बाजार के लिए सकारात्मक साबित हो सकते हैं, जिससे विदेशी निवेशकों का प्रवाह बढ़ सकता है। एसएएस ऑनलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रेय जैन ने कहा कि एफपीआई प्रवाह के लिए परिदृश्य में काफी सुधार हुआ है। इसकी वजह अमेरिका में मात्रात्मक कड़े चक्र का पूरा होना और वैश्विक बाजारों की तुलना में भारतीय बाजार का बेहतर प्रदर्शन है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने दो से 26 मई के दौरान भारतीय शेयरों में शुद्ध रूप से 37,317 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इससे पहले उन्होंने अप्रैल में शेयरों में 11,630 करोड़ रुपए और मार्च में 7,936 करोड़ रुपए डाले थे। मार्च के निवेश में मुख्य योगदान अमेरिका के जीक्यूजी पार्टनर्स का रहा था, जिसने अडानी समूह की कंपनियों में निवेश किया था। अगर जीक्यूजी के निवेश को हटा दिया जाए, तो मार्च का आंकड़ा भी नकारात्मक हो जाएगा। इसके अलावा इस साल के पहले दो माह में एफपीआई ने शेयरों से 34,000 करोड़ रुपए से अधिक की निकासी की थी। शेयरों के अलावा एफपीआई ने मई में अबतक ऋण या बॉन्ड बाजार में 1,432 करोड़ रुपए डाले हैं। इस ताजा प्रवाह के साथ 2023 में अबतक एफपीआई भारतीय शेयरों में शुद्ध रूप से 22,737 करोड़ रुपए का निवेश कर चुके हैं।

मेसी की मदद से पीएसजी ने जीता रिकॉर्ड 11वां खिताब



पेरिस(एजेंसी)। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लियोनेल मेसी के गोल की मदद से स्ट्रासबर्ग के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेलकर रिकॉर्ड 11वीं बार फ्रांसीसी फुटबॉल लीग का खिताब जीता। इस जीत से पीएसजी के 37 मैचों में 85 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर काबिज लेंस से चार अंक आगे हो गया है। लेंस के 37 मैचों में 81 अंक हैं और अब केवल एक दौर के मैच होने बाकी है। मेसी ने 59वें मिनट में काइलियन एम्बाप्पे के पास गोल करके पीएसजी को बढ़त दिलाई।

पीएसजी के पूर्व स्ट्राइकर केविन गामेरो ने 79वें मिनट में स्ट्रासबर्ग की तरफ से बराबरी का गोल दागा। मेसी का यह यूरोप में लीग मैचों में 496वां गोल था और इस तरह से उन्होंने यूरोप की शीर्ष पांच लीग में सर्वाधिक गोल करने के क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ा। लेंस ने एक अन्य मैच में अजाशियो को 3-0 से हराकर अपना दूसरा स्थान सुनिश्चित किया। इससे उसने अगले सत्र में होने वाली चैंपियंस लीग में भी अपनी जगह पक्की की। पीएसजी ने फ्रांस की पूर्व दिग्गज टीम सैंट एटीने को पीछे छोड़ा जिसने अपना 10वां और आखिरी खिताब 1981 में जीता था। सैंट एटीने पिछले साल दूसरी डिवीजन में खिसक गया था।

जैसे युवराज के 6 छक्के नहीं भूले, वैसे ही रिंकू के 5 छक्के कोई नहीं भूलेगा : सुरेश रैना

अहमदाबाद (एजेंसी)। आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने अपनी तूफानी पारियों के दम पर सभी को अपना दीवाना बना लिया है। रिंकू के दम पर केकेआर सीजन में विरोधी टीमों को टक्कर देती भी दिखी। वहीं रिंकू के लगातार 5 छक्के भी आईपीएल 2023 में सबसे चर्चित मूमेंट में से एक हैं, जिनके दम पर केकेआर ने हारा हुआ मैच जीता था। वहीं अब पूर्व भारतीत क्रिकेटर सुरेश रैना ने रिंकू के 5 छक्कों की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि ये पल किसी को भी नहीं भूलेगा।

सुरेश रैना ने कहा, रिंकू सिंह के आखिरी ओवर में 5 छक्के लगाकर मैच जिता दिया, इसे कोई लंबे समय तक नहीं भूल पाएगा। जैसे युवराज सिंह के 6 छक्के आज तक कोई नहीं भूला, वैसे ही रिंकू सिंह के 5 छक्के कोई नहीं भूलेगा बता दें कि रिंकू ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ यह करिश्मा किया था। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में गुजरात ने पहले बैटिंग करते हुए 204 रन बनाए थे। जवाब में कोलकाता ने आखिरी गेंद पर रिंकू सिंह के छक्कों के दम पर 3 विकेट से जीत दर्ज की। रिंकू ने यश दयाल के ओवर की आखिरी 5 गेंदों में 5 छक्के उड़ाए।

वहीं युवराज सिंह ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में इंग्लैंड के खिलाफ 6 गेंदों में 6 छक्के लगाए थे। ये रिकॉर्ड ऐसा है, जो शायद ही टूटे। टी20 विश्व कप 2007 के दौरान टूर्नामेंट का 21वां मैच भारत और इंग्लैंड के बीच खेला जा रहा था। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था. पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए युवराज सिंह ने यह अनोखा कारनामा कर दिखाया था। उन्होंने 19 सितंबर को विश्व कप के दौरान 19वां ओवर करने आए ब्रॉड के ओवर में 36 रन बनाए थे।

जंतर-मंतर पर मची अफरा तफरी

पुलिस ने पहलवानों को लिया हिरासत में

नयी दिल्ली(एजेंसी)। विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया सहित प्रदर्शनकारी पहलवानों को दिल्ली पुलिस ने रविवार को सुरक्षा घेरा तोड़कर नए संसद भवन की ओर बढ़ने की कोशिश करने के बाद हिरासत में ले लिया। पहलवानों ने नए संसद भवन के पास महिला महापंचायत की योजना बनाई थी। जंतर-मंतर पर अफरातफरी के बीच पहलवानों और पुलिस अधिकारियों ने एक-दूसरे को धक्का दिया और विनेश फोगाट और उनकी बहन संगीता फोगाट ने बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की। पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया और जबरदस्ती बसों में बिठाया। कानून और व्यवस्था के विशेष पुलिस आयुक्त दीपेंद्र पाठक ने कहा, ''उन्हें कानून और व्यवस्था का उल्लंघन करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। हम जांच के बाद कानूनी कार्रवाई करेंगे। पुलिस अधिकारियों को विरोध स्थल से चीजों को हटाते हुए भी देखा गया जहां पहलवानों ने 23 अप्रैल को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ अपना आंदोलन फिर से शुरू किया था। पहलवानों के 'महिला सम्मान महापंचायत के आह्वान के बाद दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर पर सुरक्षा कड़ी कर दी थी। रविवार को लुटियंस दिल्ली इलाके में हजारों पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था और कई जगत बैरिकेड लगाए गए। संसद भवन से करीब दो किलोमीटर दूर बैठकर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने कहा था कि वे किसी भी कीमत पर नए संसद भवन के पास अपनी 'महापंचायत करेंगे। हालांकि पुलिस ने कहा कि किसी भी प्रदर्शनकारी को नए भवन की ओर नहीं जाने दिया जाएगा क्योंकि इसके लिए अनुमति नहीं दी गई है और पहलवानों को किसी भी 'राष्ट-विरोधी गतिविधि में शामिल नहीं होना चाहिए।

भारत ने जूनियर एशिया कप में पाकिस्तान से मैच 1-1 से ड्रॉ खेला

सलालाह (ओमान) (एजेंसी)। भारत ने पूल ए का अपना तीसरा मैच चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला और इस तरह से पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में अपना अजेय अभियान जारी रखा। शारदानंद तिवारी ने शनिवार की रात को खेले गए मैच में 24वें मिनट में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई लेकिन बशारत अली ने 44वें मिनट में पाकिस्तान की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया। यह मैच ड्रॉ समाप्त होने से भारत के अब तीन मैचों में सात अंक हो गए हैं और वह पूल ए में दूसरे स्थान पर है। पाकिस्तान के भी सात अंक हैं लेकिन वह गोल अंतर बेहतर होने के कारण पहले स्थान पर है। जापान तीन मैचों में छह अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। उसने शनिवार को चीनी ताइपे को 10-1 से पराजित किया था। भारत ने इससे पहले चीनी ताइपे को 18-0 और जापान को 3-1 से हराया था।

पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भारत ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाकर अपनी विरोधी टीम को दबाव में रखा। भारत को शुरू में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा पाया। दूसरी तरफ पाकिस्तान ने भी कुछ मौके बनाए और वह पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने की स्थिति में भी पहुंच गया था लेकिन भारतीय गोलकीपर अमनदीप लाकड़ा ने बेहतरीन बचाव करके उसका यह प्रयास नाकाम कर दिया। पहला क्वार्टर गोल रहित छूटने के बाद शारदानंद ने दूसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई।

इसके बाद भारतीय टीम अधिक आत्मविश्वास के साथ खेलने लग गई और उसने पाकिस्तानी रक्षा पंक्ति में लगातार सेंध लगाई लेकिन गोल करने में असफल रही। पाकिस्तानी टीम छोर बदलने के बाद गोल करने के लिए बेताब दिखी और उसने कुछ अच्छे मूव बनाए। इसका उसे फायदा मिला और बशारत ने मैदानी गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय टीम ने चौथे क्वार्टर में अधिक आक्रामक खेल दिखाया जबकि पाकिस्तान ने भी जवाबी हमले किए। दोनों टीम कुछ अवसरों पर गोल करने के करीब पहुंची लेकिन आखिर में मैच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। भारतीय टीम पूल ए के अपने अंतिम मैच में थाईलैंड से भिड़ेगी।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में कोहली के अलावा किसी के बारे में सोचना मुश्किल: माइकल हसी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। माइकल हसी का मानना है कि अगर भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात जून से लंदन के ओवल में शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल जीतना है तो विराट कोहली का प्रदर्शन काफी मायने रखेगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत की जीत की संभावना के लिए कोहली के अलावा कप्तान रोहित शर्मा का प्रदर्शन भी काफी महत्वपूर्ण होगा। हसी ने आईसीसी वेबसाइट से कहा,'' कोहली से इतर किसी अन्य खिलाड़ी के बारे में सोचना मुश्किल है। उन्होंने (कोहली) निश्चित रूप से खेल के प्रत्येक प्रारूप में शानदार फॉर्म में वापसी की है तथा उनका और रोहित शर्मा का बल्लेबाजी में प्रदर्शन भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा।

कोहली फिर से अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आए हैं और उन्होंने हाल में इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की तरफ से लगातार मैचों में शतक जमाए थे। कोहली अपने साथी खिलाड़ी मोहम्मद सिराज के साथ इंग्लैंड पहुंच चुके हैं और फाइनल से पहले कैंट क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास कर रहे हैं। भारत ने हाल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में जीत दर्ज की थी लेकिन हसी का मानना है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल पूरी तरह से अलग तरह का खेल होगा।

माइकल हसी ने कहा, ''यह मैच इंग्लैंड में खेला जाएगा तथा वहां की परिस्थितियां भारत की तुलना में भिन्न होंगी, इसलिए मुझे लगता है कि तेज गेंदबाजों की भूमिका अहम होगी। हसी ने कहा,'' ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिंस की भूमिका महत्वपूर्ण होगी और जोश हेजलवुड फिर से फिट हो जाते हैं तो यह ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छा होगा। उन्होंने कहा,'' लेकिन भारत के पास भी कई अच्छे गेंदबाज हैं। उनके पास मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज तथा रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन जैसे स्पिनर हैं। यह विश्वस्तरीय आक्रमण है और ऑस्ट्रेलिया को उनसे पार पाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। हसी ने इस मैच में किसी टीम को जीत के दावेदार के रूप में नहीं चुना। दबाव भारत पर होगा जिसने 2013 के बाद आईसीसी का कोई खिताब नहीं जीता है। आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के सहयोगी स्टाफ में शामिल हसी ने कहा,'' मैं केवल दो श्रेष्ठ टीमों को खेलते हुए देखना चाहता हूं। यह देखना दिलचस्प होगा कौन सी टीम जीत दर्ज करती है। हम केवल अच्छी, कड़ी और निष्पक्ष क्रिकेट देखना चाहते हैं और जो भी टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी वह जीत की दावेदार होगी। यह शानदार मैच होना चाहिए।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023

रिकी पोंटिंग ने चुनी कंबाइंड प्लेइंग-11, रोहित शर्मा को बनाया कप्तान

मुंबई (एजेंसी)। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2021- 23 का फाइनल भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगले महीने इंग्लैंड के ओवल में खेला जाना है और दोनों ही टीमों में बेहतरीन खिलाड़ी शामिल हैं। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने एक कंबाइंड प्लेइंग-11 चुनी है। रिकी द्वारा अपनी खास प्लेइंग-11 में चार भारतीयों को भी जगह दी है और जबकि 7 ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी शामिल हैं।

खिलाड़ियो की पोजीशन

रिकी पोंटिंग ने टीम की कप्तानी के लिए रोहित शर्मा को चुना हैं। जबकि वह एक बेहतर ओपनर भी हैं। पोंटिंग ने प्लेइंग 11 में ओपनिंग के लिए उस्मान ख्वाजा को भी रोहित के साथ चुना हैं। उन्होंने गिल और डेविड वॉर्नर को अपनी टीम से बाहर रखा है। वहीं तीसरे नंबर पर पूर्व क्रिकेटर ने पुजारा की जगह लाबुशेन को जगह दी है।

रिकी पोंटिंग ने अपनी प्लेइंग-11 में विराट कोहली को चौथे नंबर और स्टीव स्मिथ को पांचवे नंबर पर जगह दी है। इसके अलावा पोटिंग ने छठे स्थान पर रवींद्र जडेजा को जगह दी है।

इन गेंदबाजों को चुना

पूर्व क्रिकेटर ने विकेटकीपर एलेक्स कैरी को बनाया है, जबकि तीन तेज गेंदबाजों में पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और मोहम्मद शमी को चुना है। इसके अलावा स्पिनर के तौर पर नेथन लायन रखा है।

रिकी की कंबाइंड प्लेइंग-11

रोहित शर्मा (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, मारनस लाबुस्चगने, विराट कोहली, स्टीव स्मिथ, रवींद्र जडेजा, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, मोहम्मद शमी।

ऋतुराज गायकवाड़ जल्द चढ़ने वाले हैं घोड़ी

3-4 जून को शादी के बंधन में बंधेगें

चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स के ओपनर ऋतुराज गायकवाड़ जल्द ही घोड़ी चढ़ने वाले हैं। वह 3-4 जून को शादी करेंगे और इस कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 7 जून से इंग्लैंड के ओवल में होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से भी बाहर हो गए हैं। हर कोई यह जानना चाहता है कि आखिर कौन है वो लड़की जिसके साथ गायकवाड़ सात फेरे लेने जा रहे हैं।

ऋतुराज गायकवाड़ जिस लड़की से शादी करने जा रहे हैं, उसका नाम उत्कर्षा है। इन दोनों के बीच लंबे समय से चक्कर चल रहा था। दोनों को लंबा टाइम देने के बाद अब इस जोड़ी ने हमेशा के लिए एक दूसरे का होने का फैसला लिया है। साथ ही उत्कर्षा की फोटो भी सामने आई है, जिसमें वह गायकवाड़ के साथ जिम करती दिख रही हैं। यह फोटो पिछले साल की है। लेकिन अभी भी उत्कर्षा ऋतुराज के फैंस के लिए मिस्ट्री ही हैं, क्योंकि उनकी सोशल मीडिया पर पहले कभी तस्वीरें नजर नहीं आईं। दोनों कई साल से रिलेशनशिप में है, लेकिन किसी को भनक तक नहीं लगने दी।.

इससे पहले गायकवाड़ का नाम मराठी एक्ट्रेस अभिनेत्री सयाली संजीव के साथ भी जुड़ चुका है। मई 2021 को सयाली के साथ उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर हुई बातचीत ने दोनों के बीच एक रोमांस की अफवाहों को हवा दी थी। हालांकि, दोनों ने इसे लेकर कभी कुछ कहा नहीं। फिर अंत में सयाली ने बयान देते हुए अफेयर की बातों को अफवाह बताया।

बता दें कि गायकवाड़ की जगह युवा यशस्वी जायसवाल को टीम में शामिल किया गया है और वह जल्द ही टीम में शामिल होंगे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया, वह (जायसवाल) भारतीय टीम में शामिल होंगे क्योंकि गायकवाड़ ने हमें सूचित किया है कि वह अपनी शादी के कारण उड़ान भरने में सक्षम नहीं होंगे। वह 5 जून के बाद टीम में शामिल हो सकेंगे। कोच राहुल द्रविड़ ने चयनकर्ताओं से एक विकल्प चुनने के लिए कहा। इसलिए, जायसवाल अब जल्द ही लंदन के लिए उड़ान भरेंगे।

मैं सेलेक्टर होता तो जरूर विराट को टीम में मौका देता : गावस्कर

नई दिल्ली। आईपीएल 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी की। इस सीजन के 14 मुकाबलों में बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने दो शतक की मदद से 639 रन बनाए। लीग में उनकी प्रदर्शन को देखते हुए टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि किंग कोहली की टी20 के भविष्य पर बात करना जल्दबाजी होगी। आईपीएल 2023 में कोहली के दो शतक के अलावा छह अर्धशतक भी लगाया है।

भारत को एफआईएच प्रो लीग में मिली लगातार दूसरी हार, ब्रिटेन ने दी शिकस्त

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय हॉकी टीम को अंतराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) प्रो लीग के यूरोपीय चरण में शनिवार को ब्रिटेन के हाथों 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। एक दिन पहले भारतीय टीम को बेल्जियम ने 2-1 से हराया था। भारत की यह लगातार दूसरी हार है। छठे मिनट में टिमोथी ने मेजबान टीम का खाता खोला लेकिन सात मिनट बाद हरमनप्रीत ने पेनाल्टी कॉर्नर पर बराबरी दिला दी।

हरमनप्रीत के सर्वाधिक 35 गोल

सोरबी थामस ने 31वें मिनट में ब्रिटेन का दूसरा गोल किया। दो मिनट बाद ली मोर्टन ने ब्रिटेन की बढ़त 3-1 कर दी। एक बार फिर हरमनप्रीत ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल (42वां मिनट) किया। अब हरमनप्रीत के प्रो लीग में सर्वाधिक 35 गोल हो गए हैं।

यशस्वी जायसवाल की हुई भारतीय टीम में एंट्री, गायकवाड़ डब्ल्यूटीसी से बाहर

नईदिल्ली (एजेंसी)। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से भारत के स्टैंडबाय सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ बाहर हो गए हैं। वह 3-4 जून को शादी करने के लिए तैयार हैं और 5 जून से पहले लंदन में टीम में शामिल नहीं हो सकते। गायकवाड़ को शुरू में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए बैकअप ओपनर के रूप में जोड़ा गया था, जो भारत 7 जून से द ओवल में ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा।

लेकिन अब जैसे ही हालात बने गायकवाड़ ने बीसीसीआई से कहा कि वह समय पर शामिल नहीं हो पाएंगे और इसलिए भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने तुरंत एक विकल्प की मांग की। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, युवा यशस्वी जायसवाल को टीम में शामिल किया गया है और वह जल्द ही टीम में शामिल होंगे।

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया,वह (जायसवाल) भारतीय टीम में शामिल होंगे क्योंकि गायकवाड़ ने हमें सूचित किया है कि वह अपनी शादी के कारण उड़ान भरने में सक्षम नहीं होंगे। वह 5 जून के बाद टीम में शामिल हो सकेंगे। कोच राहुल द्रविड़ ने चयनकर्ताओं से एक विकल्प चुनने के लिए कहा। इसलिए, जायसवाल अब जल्द ही लंदन के लिए उड़ान भरेंगे।

यशस्वी जायसवाल ने आईपीएल 2023 में काफी धमाकेदार प्रदर्शन किया था, जहां राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के लिए खेले गए 14 मैचों में 625 रन बनाए थे। आरआर बल्लेबाज पूरे सीजन में शानदार फॉर्म में था, जिसमें एक शतक भी आया। हालांकि जायसवाल कुछ दिनों में लंदन की यात्रा करेंगे, लेकिन टीम प्रबंधन ने कथित तौर पर सलामी बल्लेबाज़ को लाल गेंद से अभ्यास शुरू करने के लिए कहा है क्योंकि उनके पास पहले से ही यूके का वीजा है।

इशान किशन और रोहित शर्मा कथित तौर पर 28 मई को लंदन के लिए उड़ान भरेंगे। सूर्यकुमार यादव, मोहम्मद शमी, शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा, जो रविवार को आईपीएल फाइनल खेलेंगे, संभवतः 30 मई को रवाना होंगे। भारतीय टीम के सदस्य टीम जो पहले से ही लंदन में है, ने अभ्यास करना शुरू कर दिया है।

चेन्नई एक बहुत अच्छी टीम है, लेकिन हमें घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा होगा: सोलंकी

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात टाइटन्स के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होने वाले आईपीएल फाइनल से पहले शनिवार को कहा कि अपने घरेलू मैदान नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर ज्यादा मैच खेलने का अनुभव खिताबी मुकाबले में उनकी टीम के लिये फायदेमंद होगा। सोलंकी ने मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा, च्हम फाइनल में बेहतर स्थिति में होंगे क्योंकि हम यहां ज्यादा मैच खेल चुके हैं और मुश्किल परिस्थितियों में जीत हासिल कर चुके हैं।ज गत चैंपियन गुजरात रविवार को होने वाले फाइनल में चेन्नई का सामना करेगी, जो रिकॉड '10वीं बार आईपीएल फाइनल खेल रही है।

सोलंकी ने कहा, चेन्नई एक बेहतरीन टीम है लेकिन वह मैच के दौरान अपनी योजनाओं पर टिके रहेंगे। उन्होंने कहा, हम इस बात का सम्मान करते हैं कि चेन्नई एक बहुत अच्छी टीम है। वह लंबे समय से एक शानदार टीम रही है। हम मैच पर ध्यान केंद्रित रखने की कोशिश करेंगे। मैदान पर जो होना है वह होना ही है, लेकिन हम अपनी तैयारियों को ध्यान में रखेंगे। हमारा काम मौका मिलने पर उसका पूरा-पूरा उपयोग करना है। मेरा मानना है कि कल का दिन हमारे खिलाड़ियों के लिये मौके को पूरी तरह इस्तेमाल करने का दिन है। लगातार दूसरी बार खिताब जीतने का सपना देख रही गुजरात के लिये खिताबी मुकाबले में गिल तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं। पंजाब

के इस युवा प्रतिभावान बल्लेबाज ने इस सीजन 16 मैचों में 851 रन बनाये हैं, जिसमें तीन शतक भी शामिल हैं। सोलंकी ने इस सीजन में गिल की करिश्माई फॉर्म की तारीफ करते हुए कहा कि वह निश्चित ही आने वाली पीढ़ी के लिये एक अच्छा उदाहरण हैं।

सोलंकी ने कहा, उनकी जो उम्र है उसके हिसाब से उनकी तकनीक बेहतरीन है। वह निश्चित ही आने वाले युवाओं के लिये इस बात का उदाहरण हैं कि उन्हें किस तरह बल्लेबाजी करनी चाहिये। उन्हें जो सफलता मिल रही है वह उसके हकदार हैं, लेकिन आप यह बात नहीं जानते कि वह इसके लिये कितनी मेहनत करते हैं। वह सिर्फ अभ्यास में नहीं बल्कि इस चीज पर भी ध्यान देते हैं कि विपक्षी टीम कौन होगी और वह किस तरह की परिस्थितियों में खेलेंगे। इस उम्र में इस तरह की काबिलियत दिखाना लाजवाब है। फाइनल मैच वाले दिन अहमदाबाद में बारिश होने की उम्मीद है, हालांकि सोलंकी इससे चिंतित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उनकी टीम इस मैदान पर काफी मैच खेल चुकी है और वह जानते हैं कि यह स्टेडियम गेंदबाजों और बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने का बराबर मौका देता है।

आईपीएल 2023 की शुरुआत गुजरात और चेन्नई के बीच मुकाबले से हुई थी, जहां गुजरात ने बाज़ी मारी थी। चेन्नई ने हालांकि इस हफ्ते चेपौक स्टेडियम पर हुए पहले क्वालीफायर में गुजरात को 15 रन से मात देकर हिसाब बराबर किया था। सोलंकी ने कहा कि उनकी टीम उस हार से जरूर सबक लेगी, लेकिन अहमदाबाद की अलग परिस्थितियों में खेलते हुए वह मुकाबला उनके प्रदर्शन को प्रभावित नहीं करेगा। सोलंकी ने कहा, मुझे लगता है कि हम उस हार से बहुत कुछ सीख सकते हैं। आप सीख सकते हैं कि चेन्नई किस तरह खेलती है, लेकिन हमें यह भी नहीं भूलना है कि वे अलग परिस्थितियां थीं और यह परिस्थितियां अलग हैं। आपके पास दो बहुत प्रतिस्पर्धी टीमें, दो बहुत मजबूत टीममें हैं। हम जानते हैं कि चेन्नई लंबे समय से एक मजबूत टीम रही है, लेकिन हम भी यहां फाइनल खेलने आये हैं।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, सोमवार, 29 मई, 2023

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran

अंतराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य आयोजन इस बार मध्य प्रदेश के शहर जबलपुर में

जबलपुर , एजेंसी। इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 9वें संस्करण का मुख्य आयोजन मध्यप्रदेश के बेहद खूबसूरत और नर्मदा के तटीय शहर जबलपुर में किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 25वें काउंटडाउन की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को सिंकदराबाद (तेलंगाना) में मीडिया से मुखातिब केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोणोवाल ने यह घोषणा की। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की इस बार की थीम भी तय कर दी गई है और अब भारत आईडीवाई के जरिये पूरे विश्व को इस वर्ष -वसुधैव कुटुंबकम के लिये योग- का संदेश देगा। जी20 और शंघाई संगठन देशों की भारत में इस वर्ष उपस्थिति को देखते हुए इस थीम के कई आयाम हैं। भारत वर्ष 2023 में जी 20 और शंघाई सहयोग संगठन की अध्यक्षता कर रहा है और जी 20 के लिये भी वसुधैव कुटुंबकम थीम है। संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा, ''योग स्वस्थ मन और शरीर के लिए अमृत समान है। इस आयोजन में हम योग के प्रति उत्साही हजारों अन्य लोगों के साथ जुड़ेंगे और एक ऐसे युग में प्रवेश करेंगे जहां लोग बेहतर और गुणात्मक जीवन पाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के एक नया, मजबूत और सकारात्मक भारत बनाने के प्रमुख दृष्टिकोणों में से एक को पूरा करेंगे। हैदराबाद को इस अनूठे अभियान का हिस्सा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, जिसके तहत देश भर में योग महोत्सव आयोजित किये जा रहे हैं। इस महोत्सव का उद्देश्य न केवल आम लोगों में योग के प्रति रुचि जगाना है, बल्कि यह उत्सव हैदराबाद को इस क्षेत्र में योग पर्यटन का केंद्र बनने में भी मदद करेगा।''अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 के 100 दिन के काउंटडाउन की यात्रा का 25वां पड़ाव 27 मई को है। इसी के तहत सिकंदराबाद के एनसीसी परेड ग्राउंड में इस बार योग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी महोत्सव की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोणोवाल ने कहा कि , ''योग सभी को एक सूत्र में पिरोता है और यह सभी प्रकार की बाधाओं को दूर करने में मदद करता है। योग के इस अंतर्निहित गुण और हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप योग के प्रभाव और विश्व समुदाय द्वारा इसकी स्वीकृति में लगातार वृद्धि हुई है। आज पूरी दुनिया योग को समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के अचूक साधन के रूप में स्वीकार कर रही है। 27 मई को सुबह-सुबह हजारों लोग एनसीसी परेड ग्राउंड में आयोजित स्वस्थ मन और शरीर के आंदोलन में शामिल होंगे, जहां वे साझा योग अभ्यास (कॉमन योग प्रोटोकॉल - सीवाईपी) करेंगे और मानवता की भलाई का संदेश देंगे। केंद्रीय मंत्र ने कहा कि हैदराबाद के लोग इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम - वसुधैव कुटुम्बकम के लिये योग - को स्पष्ट रूप से प्रतिबिंबित करेंगे, जिसमें वे दिखाएंगे कि कैसे हम सभी सार्वभौमिक भाईचारे और बंधुत्व के लिए हाथ मिला सकते है। हैदराबाद के लोगों के जबरदस्त उत्साह ने 21 जून, 2023 को मध्य प्रदेश के जबलपुर में मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के भव्य उत्सव के लिए मंच तैयार कर दिया है।''

मैरिंगो सिम्स अस्पताल ने अंगदान के माध्यम से जीवन बचाने वाले वीर परिवार के लिए सम्मान व्यक्त किया

अहमदाबाद मुंबई, एजेंसी। भुज के एक परिवार ने अपने परिवार के ब्रेन हेमरेज के कारण अपनी जान गंवा देनेवाले युवा सदस्य के अंगों को दान करने में मानवता के अप्रतिम कार्य का प्रदर्शन किया और अज्ञात प्राप्तकर्ताओं के जीवन को बचाया । महिपाल (बदला हुआ नाम) को भुज में काम के दौरान अचानक ब्रेन स्ट्रोक हुआ। उन्हें उनके परिवार द्वारा अस्पतालों में ले जाया गया और अंत में मैरिंगो सिम्स अस्पताल लाया गया जहां उन्हें ब्रेन डेड घोषित किया गया। परिवार ने चार लोगों की जान बचाने और दो की दृष्टि बहाल करने के लिए मृतक के अंगों को दान करने के लिए साहस और मानवता का प्रदर्शन किया। अंगों को पुनः प्राप्त करने के बाद गुर्दे और यकृत तुरंत मैरिंगो सिम्स अस्पताल में भर्ती प्राप्तकर्ताओं में प्रत्यारोपित करने के लिए तैयार हो गए, जबकि दिल और आंखों को क्रमशः एक सरकारी अस्पताल और अर्ध-सरकारी संस्थान में दान कर दिया गया। मैरिंगो सिम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. केयूर परीख ने बताया कि, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स रोगी के परिवार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने अपने दुःख से ऊपर उठकर अंगदान की अपनी उदार सेवा का विस्तार किया और जीवन बचाया। हम हर उस परिवार के प्रति कृतज्ञ हैं जो अपने परिवार के मृत सदस्य के अंगों का दान कर मानवता की मिसाल पेश करता है। शोध से पता चलता है कि अंगों की कमी के कारण हर साल असंख्य मौतें होती हैं। जिन परिवारों ने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया है और जिन्हें अंगदान की सलाह दी जाती है, उन्हें अंगदान को और अधिक अपनाना चाहिए। इस कार्य के परिणामस्वरूप कई लोगों की जान बचाई जा सकती है जो एक अंग के लिए अंतहीन प्रतीक्षा कर रहे हैं।

रियल एस्टेट सिटी कन्वेंशन में स्वच्छता से लेकर स्वाद और सार्थक आयोजन के लिए मिली ख़ास प्रशंसा

नई दिल्ली, एजेंसी। ज़मीन पर आकार लेने वाले सपनों को पूरा करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं रियाल्टर्स। रियल एस्टेट का क्षेत्र बाहर से जितना ग्लैमरस दिखता है, उतनी ही ज्यादा मेहनत भी मांगता है। निरन्तर समय के साथ अपडेट रहना, अंतर्राष्टीय स्तर के प्रोजेक्ट्स पर काम करना, क्लाइंट्स की पसंद और मांग के मुताबिक समाधान प्रस्तुत करना और समय के हिसाब से बदलती चुनौतियों का सामना करना, एक रियाल्टर की ज़िंदगी का हिस्सा होता है। इन सभी पहलुओं पर सार्थक चर्चा करने, समाधानों पर बात करने और रियाल्टर्स को लाइफ से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण मंत्र देने के लिए शहर में किया गया, देश के सबसे बड़े रियल एस्टेट सिटी कन्वेंशन बीइंग रियाल्टर का आयोजन। इंदौर रियाल्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन व नेशनल एसोसिएशन ऑफ रियाल्टर्स-इंडिया द्वारा ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में इस आयोजित इस कार्यक्रम की प्रशंसा देशभर से आये रियाल्टर्स, ख्यातनाम मोटिवेशनल स्पीकर्स और सभी अतिथियों ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर पुष्यमित्र भार्गव व भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय थे। श्री विजयवर्गीय ने शहर से बाहर होने के कारण ऑनलाइन ही कार्यक्रम में मौजूद लोगों से रूबरू हुए और उन्होंने इंदौरी खाने से लेकर तेजी से बदल रहे शहर के नाइट कल्चर के बारे में बात की। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा-रियल स्टेट के साथ साथ हम रियली स्टेट (सम्पूर्ण राज्य का विकास) का विकास करने का भी लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। केवल सफाई ही नही बल्कि हर स्तर पर हम इंदौर को ऐसा बनाना चाहते हैं कि देशभर से लोग यहाँ आये और बस जाएँ। आइआरडब्लूए के वाइस चेयरमैन शैलेन्द्र जैन (दरड़ा) ने कहा- सभी अतिथियों ने हमारे इस प्रयास को सराहा है और हमें विश्वास है कि आगे भी हम इस स्तर के आयोजन बखूबी कर सकेंगे।

नई प्रणाली सुलझा सकती है यातायात जाम की समस्या, आईआईटी मद्रास ने मांग आधारित सिस्टम किया विकसित

नई दिल्ली, एजेंसी। यदि ट्रैफिक सिग्नल पर आपको भी यह लगता है कि वाहनों की आवाजाही के लिहाज से रेड और ग्रीन लाइट की अवधि सही नहीं है और यह गाड़ियों की स्थिति के अनुसार तय होनी चाहिए तो आपको जल्द ही इसका समाधान मिल सकता है।

आईआईटी मद्रास की ओर से पहली बार भारतीय परिस्थितियों के अनुसार मांग (वाहनों की संख्या और उनकी जरूरत) के आधार पर ट्रैफिक सिग्नल कंट्रोल विकसित किया गया है।

यह कंट्रोल आईआईटी की ओर से किए गए एक विस्तृत अध्ययन का परिणाम है और इससे जुड़े शोधकर्ताओं का कहना है कि इसकी मदद से सिग्नल पर वाहनों की कतारें छोटी हो सकती हैं और देरी दूर की बात। आईआईटी मद्रास के शोधकर्ताओं ने शहरी क्षेत्रों में ट्रैफिक सिग्नलों पर रियल टाइम डाटा और उसके विश्लेषण के माध्यम से सिग्नलों के समय को कम या ज्यादा करने का मॉडल बनाया है। इसकी मदद से जाम की समस्या दूर की जा सकती है। शोधकर्ताओं ने सैंपल अध्ययन वाहनों से मिले ट्रैवेल टाइम डाटा से ग्रीन और रेड सिग्नल की टाइमिंग के साइकल की गणना की और उसके आधार पर उनकी टाइमिंग को जरूरत के हिसाब से एडजस्ट करने की प्रणाली विकसित की। एक सिग्नल साइकल का आशय उस समय से है, जब हरी लाइट फिर से हरी या लाल फिर से लाल होती है। यह ट्रैफिक फ्लो (वाहनों की संख्या) के परंपरागत इनपुट से अलग है, क्योंकि इसमें गाड़ियों के ट्रैवेल टाइम डाटा का इस्तेमाल किया जाता है।

भारत में ट्रैफिक की संरचना पश्चिमी देशों से अलग: आईआईटी मद्रास के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डा. भार्गव राम चिलुकुरी के अनुसार, भारत में ट्रैफिक की संरचना पश्चिमी देशों से एकदम अलग है। यहां मिश्रित ट्रैफिक होता है। अलग-अलग प्रकार के वाहन लेन अनुशासन के बिना चलते हैं। हमने इसका ध्यान रखकर अपना अध्ययन किया है, ताकि इसे अलग-अलग शहरों में अपनाया जा सके।

प्रो. भार्गव के अनुसार, इस मॉडल से 20 से 40 मीटर की दूरी के बीच वाहनों की संभावित कतार का सटीक अनुमान लगाया जा सका है। इसके इस्तेमाल से पूरी तरह भरी सड़क पर सिग्नल के औसतन 14 साइकल के बीच देरी लगभग 16 प्रतिशत कम हो गई।

सड़क परिवहन मंत्रालय की चेयर प्रोफेसर (ट्रांसपोर्ट डिवीजन) ललिता वनाजाक्षी के अनुसार, दूसरे देशों के ट्रैफिक रिसपांसिव सिग्नलिंग साफ्टवेयर प्रयोग करने में काफी समय और पैसा खर्च किया गया है, लेकिन भारतीय स्थितियों में ये चल नहीं सके। इसलिए नहीं चल सके, क्योंकि उन पर अमल के लिए बड़ी संख्या में सेंसर और ट्रैफिक फ्लो के डाटा की जरूरत होती है।

नए अध्ययन के गणितीय उपाय को लागू करना आसान है, क्योंकि ब्लूटूथ, वाईफाई और रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंडिटीफिकेशन सेंसर जैसे कई डाटा स्त्रोत शामिल हैं। ये सभी कम लागत वाले और ज्यादा प्रभावी हैं। इनके जरिये बड़ी संख्या में वाहनों के डाटा मिल सकते हैं। इस गणितीय उपाय को जरूरत पर आधारित सिग्नल प्रणाली के लिए भीड़भाड़ वाले दूसरे स्थानों पर भी लागू किया जा सकता है।

डेढ़ गुना ज्यादा लगता है समय: हाल के वर्षों में वाहनों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि के कारण ज्यादातर शहरों में ट्रैफिक जाम, प्रदूषण और दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ी है।

हाल के एक अध्ययन के अनुसार, भारत जैसे विकासशील देशों में शहर की सड़कों पर ट्रैफिक जाम बहुत अधिक है, जिसके कारण सफर में औसतन 150 प्रतिशत अधिक समय लगता है। इसका एक कारण स्थिर ट्रैफिक सिग्नल प्रणाली भी है, जिसके तहत ग्रीन सिग्नल का प्रभावी तरीके से इस्तेमाल नहीं होता। अक्सर इसके कारण खासकर शहरी सड़कों में ट्रैफिक को यातायात कर्मियों से संचालित करना पड़ता है।

व्हाइट हाउस पहुंची नीरा टंडन ने कहा, आप्रवासन पर करेंगी काम, कहा- अभी मोदी की यात्रा में जुटा है प्रशासन

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में सार्वजनिक नीति विशेषज्ञ नीरा टंडन ने कहा कि वह अप्रवासियों की बेटी के रूप में अपना अनुभव प्रवासी समुदाय के साथ बांटेंगी। उन्होंने कहा, वह व्हाइट हाउस घरेलू नीति सलाहकार के रूप में अपनी नई भूमिका में अप्रवासन के मुद्दे पर काम करेंगी। टंडन ने कहा, व्हाइट हाउस अभी पीएम नरेंद्र मोदी की राजकीय यात्रा की तैयारी में जुटा है और भारतवंशी समृद्ध समुदाय दो देशों के लिए एक संपत्ति है।

52 वर्षीय टंडन ने शनिवार को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुसान राइस की व्हाइट हाउस में घरेलू नीति सलाहकार की जगह ली। यह व्हाइट हाउस में सबसे शक्तिशाली पदों में से एक है। उन्होंने कहा, मैं घरेलू नीति परिषद सलाहकार के रूप में कार्यभार संभालने को लेकर बेहद उत्साहित हूं।

न्यूयॉर्क सिटी में वजन लंबाई के आधार पर भेदभाव प्रतिबंधित

न्यूयॉर्क सिटी के मेयर एरिक एडम्स ने एक कानून पर हस्ताक्षर कर वजन और लंबाई जैसे शारीरिक मापदंडों के आधार पर भेदभाव को प्रतिबंध कर दिया। वजन और लंबाई अब नस्ल, लिंग और धर्म जैसे संरक्षित वर्गों की सूची में शामिल हो गए हैं। मेयर ने कहा, हम सभी रोजगार-आवास तक समान पहुंच के पात्र हैं, भले ही हम कैसे भी दिखते हों। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता एडम्स ने कहा कि अध्यादेश सभी न्यूयॉर्क वासियों के लिए समान मौके उपलब्ध कराने में मदद करेगा। यह अधिक समावेशी कार्यस्थल और रहने के लिए अधिक अनुकूल वातावरण बनाएगा और भेदभाव से रक्षा करेगा। कुछ व्यापारिक नेताओं ने परिषद के समक्ष कानून को रखे जाने के दौरान इसका विरोध व्यक्त किया था।

स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करेगी सेवा इंटरनेशनल अकादमी

वाशिंगटन। 'सेवा इंटरनेशनल' ने स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करने और अमेरिका में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए एक अकादमी खोलने की घोषणा की है। संगठन के अध्यक्ष अरुण कांकणी ने कहा कि आपदा, राहत, स्वयंसेवी व सामुदायिक विकास से जुड़े संगठन लक्ष्य 2027 तक अपनी शाखाओं की संख्या 100 तक पहुंचाना और 250 से अधिक महिलाओं को संगठन में नेतृत्व वाली भूमिका प्रदान करना है।

सौहार्दपूर्ण रिश्ते बढ़ाने आएंगे प्रचंड, होंगे कई समझौते, 31 मई को भारत आएंगे पीएम

काठमांडो, एजेंसी। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' चार दिनी आधिकारिक यात्रा पर बुधवार 31 मई को भारत की यात्रा पर आएंगे। वह सदियों पुराने, बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी व अन्य नेताओं से वार्ता करेंगे। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर मुहर लगेगी। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि दिसंबर 2022 में प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के बाद प्रचंड की यह पहली विदेश यात्रा होगी।

मंत्रालय ने बताया कि प्रचंड (68) के साथ यात्रा पर उनकी बेटी गंगा दहल भी आएंगी। प्रचंड पीएम मोदी के निमंत्रण पर भारत की यात्रा करेंगे। उनके नेतृत्व में मंत्रियों, सचिवों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। यात्रा के दौरान पीएम प्रचंड राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट करेंगे।

अच्छे संबंधों को मजबूत करेगा चौथा भारत दौरा: मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नेपाल के प्रधानमंत्री की सभी पारियों के रूप में 'प्रचंड' का यह चौथा भारत दौरा है।

यह दौरा नेपाल और भारत के बीच सदियों पुराने, बहुआयामी और सौहार्दपूर्ण संबंधों को और मजबूत करेगा।

नेपाली समुदाय को करेंगे संबोधित: प्रचंड नई दिल्ली में नेपाली चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और भारतीय उद्योग परिसंघ के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले व्यापार सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वे नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा द्वारा दिए जाने वाले समारोह में नेपाली समुदाय से चर्चा भी करेंगे।

उज्जैन और इंदौर भी जाएंगे: नेपाली विदेश मंत्रालय के अनुसार, तीन जून को काठमांडो लौटने से पूर्व पीएम प्रचंड का मध्य प्रदेश के उज्जैन-इंदौर का दौरा करने का भी कार्यक्रम है।

दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध मजबूत हुए : भारत: नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि सहयोग के सभी क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध काफी मजबूत हुए हैं। यह यात्रा द्विपक्षीय साझेदारी को और गति देगी। भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति इसकी विदेश नीति का एक अभिन्न अंग है।

पिछले साल अमेरिका में ठंड से मरे थे 4 भारतीय; जिस व्यक्ति पर लगा था मौत का आरोप, उसने कहा- मैं दोषी नहीं

फ्लोरिडा, एजेंसी। फ्लोरिडा के एक व्यक्ति ने खुद पर लगाए गए मानव तस्करी के आरोपों से साफ इनकार कर दिया है। उसका कहना है कि उसने कोई मानव तस्करी नहीं की है। गौरतलब है, 48 वर्षीय स्टीव शैंड पर अमेरिकी कानून का उल्लंघन कर भारतीय प्रवासियों को देश में अवैध रूप से लाने का आरोप है। वहीं, इस पर चार भारतीय प्रवासियों के ठंड से जमकर मौत होने का भी आरोप लगा है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मिनेसोटा के डुलुथ में सुनवाई हो रही थी। इस दौरान जब मजिस्ट्रेट न्यायाधीश लियो ब्रिस्बोइस ने कहा कि तुम पर मानव तस्करी का आरोप है। इस पर क्या कहोगे। तो शैंड ने कहा कि मैं दोषी नहीं हूं। बता दें, शैंड पर जिन चार लोगों की जान लेने का आरोप है उनकी पहचान 39 वर्षीय जगदीश पटेल, उनकी 37 वर्षीय पत्नी वैशालीबेन, उनकी 11 साल की बेटी विहंगी और तीन वर्षीय बेटे धार्मिक के रूप में हुई है। वहीं, इस परिवार की मौत का भारत में भी तीन लोगों पर आरोप लगा है। गौरतलब है, शैंड अपनी वैन में दो भारतीयों को बगैर वैध दस्तावेजों के कनाडा से लेकर अमेरिका में घुसा था। उसे कनाडा-अमेरिका सीमा के दो किलोमीटर दूर ग्रामीण इलाके में पकड़ लिया गया था। जब इन दोनों भारतीयों व शैंड को पेम्बिना बॉर्डर चौकी पर लाया जा रहा था तब वहां सुरक्षा एजेंसियों को पांच और भारतीय मिल गए। ये मिनसोटा के एक गैस संयंत्र की ओर जा रहे थे, जहां स्टाफ की जरूरत थी। इन पांचों भारतीयों ने बताया कि ये इस आस में पैदल आ गए थे कि उन्हें कनाडा के सीमावर्ती इलाके से कोई लेने आएगा। उनके पास पूर्व में आए चार भारतीयों के बैग भी थे। इसके बाद 19 जनवरी को खबर मिली कि रॉयल माउंटेड कनाडा पुलिस को चार शव मिले हैं, जो बर्फ व ठंड कारण जम गए हैं। ये शव कनाडा की अंतरराष्ट्रीय सीमा के अंदर मिले हैं। ये उन्हीं भारतीयों के शव हैं, जो उक्त लोगों से बिछुड़ गए थे। कनाडा सरकार अवैध रूप से भारतीयों के अमेरिका में प्रवेश को लेकर लगातार कार्रवाई करती है। इन भारतीयों की मृत्यु के बाद उनके शव संबंधितों को सौंपने की कार्रवाई जारी है।

भारत-ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट अटका

ब्रिटेन मांग रहा स्कॉच और कार पर टैक्स में कमी, भारत चाहता है 10 हजार प्रोफेशनल्स को वीसा मिले

लंदन एजेंसी। भारत-ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर डील स्कॉच, कार और वीसा जैसे मुद्दों पर असहमति के कारण अटक गई है। भारत स्कॉच और कारों पर टैक्स में कमी करने को तैयार नहीं जबकि ब्रिटेन भारतीय प्रोफेशनल्स को अधिक वीसा देने को तैयार नहीं है। भारत इस पर अड़ा है कि ब्रिटेन में निवेश करने वाली भारतीय फर्म के 10 हजार प्रोफेशनल्स को वीसा दिए जाएं। ब्रिटेन का कहना है कि वीसा नियम सबके लिए समान हैं, भारत को विशेष दर्जा नहीं दे सकते। भारत हर साल ब्रिटेन से आने वाली 31 सौ करोड़ रु. की स्कॉच विस्की पर 150 प्रतिशत आयात शुल्क लगाता है। ब्रिटेन का कहना है कि एफटीए के बाद इसे तुरंत 75 प्रतिशत कर 3 साल में 30 प्रतिशत किया जाए। इसी तरह भारत ब्रिटिश प्रीमियर कारों पर 70-100 प्रतिशत टैक्स लगाता है। बताया जा रहा है कि 5 साल में कारों पर टैक्स चरणबद्ध कम कर सकता है। हालांकि यह कमी 46,200 कारों पर ही होगी। ब्रिटेन यह संख्या बढ़ाना चाहता है। ब्रिटेन की मांग है कि व्यापार संबंधी विवादों की सुनवाई भारतीय कोर्ट में नहीं होकर अंतरराष्ट्रीय कोर्ट में हो। भारत इसके लिए तैयार नहीं। इसी के साथ एफटीए पर 26 में से 13 मुद्दों जैसे जूलरी, टेक्सटाइल, फूड प्रोडक्ट पर ही सहमति बन पाई है। एफटीए पर पिछली दिवाली पर करार होना था, पर अब तय नहीं। दोनों देशों में 45 लाख करोड़ का व्यापार है। 2030 तक 82 लाख करोड़ रु. तक करने का लक्ष्य है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के घर और ऑफिस 10 डाउनिंग स्ट्रीट के मेन गेट में एक कार ने टक्कर मार दी। घटना गुरुवार की शाम करीब 4:20 (लंदन के समयानुसार) बजे हुई। टक्कर के वक्त सुनक घर में ही मौजूद थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने डाउनिंग स्ट्रीट जाने वाली व्हाइटहॉल रोड को तुरंत बंद कर दिया।

पाकिस्तान सरकार ने पीटीआई के नौ नेताओं के राजनयिक पासपोर्ट रद्द किए

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान सरकार ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नौ नेताओं के राजनयिक पासपोर्ट रद्द कर दिए हैं। समा टीवी ने बताया कि पीटीआई नेता शाह महमूद कुरैशी, असद उमर, आजम स्वाति, परवेज खट्टक, अली अमीन गंडापुर, फारुख हबीब, औन अब्बास, जरताज गुल और अली मुहम्मद खान के पासपोर्ट रद्द किए गए हैं। इसके अलावा, इमरान खान के नेतृत्व वाली पार्टी के सहयोगी शेख राशिद अहमद का राजनयिक पासपोर्ट भी निलंबित कर दिया गया है। सरकार ने खान की गिरफ्तारी के बाद 9 मई को भड़की हिंसा और आगजनी को लेकर पीटीआई के कई नेताओं और समर्थकों को हिरासत में लेकर पीटीआई के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। तब से पीटीआई के दर्जनों नेताओं ने पार्टी और राजनीति को पूरी तरह से छोड़ दिया है।

बीकानेर का चारागाह मॉडलः हरियाली के साथ बड़ी मात्रा में होगी पैदावार

बीकानेर, एजेंसी। जिले की 25 ग्राम पंचायतों के 864.32 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित किए जा रहे 32 चारागाह पूरे प्रदेश में नजीर बन रहे हैं। इन चारागाहों में जहां पशुओं के लिए प्रचुर मात्रा में सेवण और घामण घास उगाई गई है। यह चारागाह, मनरेगा श्रमिकों को रोजगार के साथ राजीविका के महिला स्वयं समूहों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का जरिया बन रहे हैं।

जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि बीकानेर अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बसा है। यहां की जलवायु शुष्क होने के साथ बड़ी संख्या में पशु संपदा है। इन पशुओं के लिए बड़ी मात्रा में पौष्टिक चारे की जरूरत होती है। इसके मद्देनजर नवाचार करते हुए जिले में मॉडल चरागाह की परिकल्पना की गई। चरागाह के इन कार्यों को मनरेगा के तहत लिया गया। इनके लिए कुल 1101.73 लाख रुपए स्वीकृत किए गए।

बीकानेर में कोलायत दूसरे नंबर पर: जिला कलेक्टर ने बताया कि बीकानेर पंचायत समिति की 8 ग्राम पंचायतों के 286.32 हेक्टेयर क्षेत्र में 10 तथा श्रीकोलायत की 4 ग्राम पंचायतों के 338 हेक्टेयर क्षेत्र में 9 मॉडल चारागाह विकसित किए जा रहे हैं। इनके अलावा पूगल में चार लूणकरणसर में तीन, 5 में 2 तथा खाजूवाला, बज्जू, श्रीडूंगरगढ़ और नोखा में एक-एक मॉडल चारागाह विकसित किया जा रहा है।

हरियाली के साथ सुधरेगा ईको सिस्टम: कलाल ने बताया कि इन 32 चारागाहों में सेवण और धामण जैसी पौष्टिक घास, ग्वारपाठा के अलावा कई प्रकार के फलदार पौधे लगाए गए हैं। पौधों की सुरक्षा के लिए इन्हें प्लास्टिक व झाड़ियों से ढका जाता है। वहीं चारागाहों के चारों ओर 48 हजार 250 रनिंग मीटर डिच कम बंड फेंसिंग (पशुओं से सुरक्षा की दृष्टि से चारों ओर गहरा गड्ढा खोदना) कार्य किया है।

इन चारागाहों में अब तक ग्वारपाठे के 42 हजार, सहजन फली के 4 हजार 350 पौधे लगाए गए हैं। वहीं 21 हजार से अधिक छायादार और फलदार पौधे लगाए जा रहे हैं। पानी के लिए जलकुंड, डिग्गी, कच्ची तलाई व ड्रिप सिंचाई का प्रावधान भी रखा है। चारागाहों के इन कार्यों से बड़े भूभाग में हरियाली होगी, जो इको सिस्टम को मजबूत करने में भी अपना योगदान देगी।

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की खुली राह: जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नित्या के. ने बताया कि यह नवाचार राजीविका के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण की राह खोल रहा है। मॉडल चारागाह की रखरखाव तथा इनमें पानी देने आदि कार्य इन महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। वहीं एलोवेरा और सहजन फली के पौधों के मूल्य संवर्धित उत्पाद बनाकर इनका विक्रय भी इन महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा किया जाएगा।

महंगाई राहत कैंप: शनिवार तक 18 लाख 58 हजार 837 गारंटी कार्ड जारी: जिले में शनिवार तक महंगाई राहत शिविरों में 18 लाख 58 हजार 837 लोगों को विभिन्न योजनाओं के लाभ की गारंटी मिल चुकी है। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के 2 लाख 43 हजार 662, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य बीमा योजना में प्रत्येक के 3 लाख 22 हजार 098, कृषि विद्युत के 21 हजार 083, घरेलू बिजली के 2 लाख 14 हजार 610, गैस सिलेंडर योजना के 1 लाख 44 हजार 033, कामधेनु बीमा योजना के 2 लाख 93 हजार 421, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 1 लाख 18 हजार 640, मनरेगा के 1 लाख 56 हजार 404 तथा शहरी रोजगार गारंटी योजना के 22 हजार 788 गारंटी कार्ड जारी हुए।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129